सूर्योदय 5:20 सूर्यास्त 7:23

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10 न्यू | 21.6 अधि |
| धर्मशाला | 15.8 न्यू | 28.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,737.51 |
| निफ्टी | 24,542.50 |
| सोना 97, 700 | चांदी 99,300 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




पीवी सिंधू दूसरे दौर में, सेन इंडोनेशिया ओपन से बाहर

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 4 जून 2025 | 22 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 156, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### मुंबई में 51.1 करोड़ की कोकीन जब्त



**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई में कस्टम एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने हाल ही में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर एक विदेशी नागरिक से 51.1 करोड़ रुपए की कोकीन जब्त की, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 51.94 करोड़ रुपए बताई गई। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई 2 जून को विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर की गई। अधिकारियों ने एक विदेशी नागरिक से यह कोकीन बरामद की है, जिसने यह कोकीन कपड़ों में कोकीन छिपाई थी, जिसे हिरासत में ले लिया है। (अनंत ज्ञान)

### 'आप' नेता बालियान को नहीं मिली राहत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता नरेश बालियान से जुड़े बहुचर्चित मकोका मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को अहम सुनवाई की। अदालत ने नरेश बालियान समेत अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत को 5 जुलाई तक बढ़ा दिया है। इस मामले में अब चार्ज फ्रेम (आरोप तय करने) की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। अगली सुनवाई भी 5 जुलाई को निर्धारित की गई है। (अनंत ज्ञान)



### योगी सरकार अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में देगी आरक्षण

**एजेंसी, उत्तर प्रदेश।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की कैबिनेट बैठक मंगलवार सुबह 11 बजे हुई। इस बैठक में योगी सरकार ने अग्निवीरों को बड़ी सौगात दी है। अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत का आरक्षण दिए जाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। कैबिनेट बैठक में सरकार की ओर से कहा गया कि पूर्व अग्निवीरों को समायोजित करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी,पीएसी, आरक्षी घुड़सवार एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में 20 प्रतिशत पदों को आरक्षित रखा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### पाक के लिए जासूसी कर रहा युवक तरनतारन से गिरफ्तार

**एजेंसी, तरनतारन।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में पंजाब के तरनतारन से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि वह ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी सैन्य जानकारियां पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को भेज रहा था। आरोपी की पहचान तरनतारन के मोहल्ला रोड़ूपुर गली नजर सिंह वाली के गगनदीप सिंह उर्फ गगन के रूप में हुई है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- रेहड़ी-फड़ी धारकों को शिफ्ट करने के लिए नप ने जारी किए नोटिस -पेज 2
- शिक्षकों व कर्मचारियों को दिया जाए चार फीसदी महंगाई भत्ता -पेज 6
- जोगिंद्रनगर व लडभड़ोल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, मरीज बेहाल -पेज 9
- तीर्थन और जिभी वैली में विकसित होगी डेनमार्क की ब्रॉउन ट्राउट मछली : राम सिंह -पेज 11
- अमेठी में हाईवे पर पलटा रिफाइंड ऑयल से भरा टैंकर -पेज 13


# अयोध्या में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान शुरू

**एजेंसी, अयोध्या**

अयोध्या राम मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार से तीन दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गया है। वैदिक आचार्य गणों ने जानकारी दी कि सुबह साढ़े छह बजे से वेदी पूजन, षोडश मात्रिका व सप्त मात्रिका पूजन, योगिनी पूजन, वास्तु पूजन, क्षेत्र पाल पूजन, सर्वतोभद्र पूजन, नवग्रह पूजन, यज्ञकुंड संस्कार, अरणि मंथन व यज्ञकुंड में अग्नि स्थापन, कुश कंडिका, प्रणिता प्रोक्षनी स्थापन, अग्नि सिंचन के बाद पंच वारुणी हवन किया गया। इसके बाद पीठ स्थापित देवताओं का आह्वान व पूजन किया गया। इसके बाद मूर्तियों के संस्कार की विधि शुरू हुई।



इस दूसरे प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव पर यज्ञमंडप में चलने वाले अनुष्ठान के अतिरिक्त तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र में भी हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ के अतिरिक्त श्रीराम संकीर्तन अनवरत चलता रहेगा। पांच जून को श्रीराम जन्मभूमि पर बने भव्य राममंदिर के प्रथम तल पर श्रीराम दरबार समेत अन्य विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके अलावा शेषावतार समेत परकोटे के सात मंदिरों की भी प्राण प्रतिष्ठा भी की जाएगी। अभिजित मुहूर्त और स्थिर लग्न में होने वाले इस आयोजन को अयोध्या और काशी के 101 आचार्य मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से संपन्न कराएंगे। प्राण प्रतिष्ठा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्यातिथि हिस्सा लेंगे। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल खिताब के लिए रोमांचक जंग



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए आईपीएल के फाइनल मैच में मयंक अग्रवाल का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते युजवेंद्र चहल। बेंगलुरु की टीम शुरुआती झटकों से बड़ा स्कोर नहीं बना पाई।

# बाढ़ से जूझ रहे पूर्वोत्तर के राज्यों को देंगे हरसंभव मदद : प्रधानमंत्री मोदी

## बाढ़ और भू-स्खलन के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 36

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारी बारिश के बाद बाढ़ से जूझ रहे पूर्वोत्तर के राज्यों को हरसंभव मदद की पेशकश की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मोदी ने असम और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों हिमंत विश्व शर्मा और प्रेम सिंह तमांग तथा मणिपुर के राज्यपाल अजय भल्ला से बात कर स्थिति का जायजा लिया। प्रधानमंत्री ने उन्हें केंद्र की ओर से हरसंभव मदद और समर्थन का आश्वासन दिया।

पूर्वोत्तर में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भू-स्खलन के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई, जबकि क्षेत्र के कई राज्यों में 5.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं।



असम के मुख्यमंत्री ने फोन पर मोदी के साथ हुई बातचीत के दौरान उन्हें बताया कि असम और आसपास के राज्यों में लगातार बारिश के कारण बाढ़ आई है और इसके कारण लोग प्रभावित हुए हैं। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "थोड़ी देर पहले माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे असम में मौजूदा बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी लेने के लिए फोन किया।" मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि असम और आसपास के राज्यों में लगातार बारिश के कारण बाढ़ आई है और इससे कई लोगों की जिंदगी प्रभावित हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे राहत अभियान से भी अवगत कराया। शर्मा ने कहा, "माननीय प्रधानमंत्री ने चिंता व्यक्त की और हमारे राहत एवं पुनर्वास प्रयासों के लिए केंद्र सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।"

सीएम ने कहा, "असम के लोगों को प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और उनके अटूट समर्थन के लिए आभारी हूं।" सूत्रों के अनुसार, राज्य में बाढ़ और भू-स्खलन में अब तक 11 लोग मारे गए हैं, जबकि 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### मिजोरम में बारिश से पांच लोगों की मौत, 152 घर क्षतिग्रस्त

**एजेंसी, आइजोल।** मिजोरम में पिछले दस दिनों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मकान ढहने और अन्य घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। राज्य के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण मकान और दीवारें ढहने से चंफाई जिले में तीन और आइजोल तथा सेरछिप जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य के कई स्थानों पर भूस्खलन की 552 घटनाएं हुईं, जबकि इसी अवधि के दौरान बारिश के कारण 152 मकान ढह गए या क्षतिग्रस्त हो गए। इसमें कहा गया है कि भूस्खलन या दरारों के कारण 198 परिवारों ने अपने घर छोड़ दिए हैं और 92 अन्य ने बाढ़ के कारण अपने घर खाली कर दिए हैं। कुल 11 जिलों में से पूर्वी मिजोरम का चंफाई जिला, जो म्यांमा के साथ सीमा साझा करता है, को इस मानसून के दौरान ज्यादा विकट स्थितियों का सामना करना पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

# सीएम सुक्खू ने देहरा में 100 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, देहरा**



सीएम देहरा में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को कांगड़ा जिले के देहरा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ रुपए की छह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने देहरा में 4.96 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हरिपुर का लोकार्पण करने के अलावा दुर्गेश अरण्य-प्राणी उद्यान में 47.62 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अस्पताल, खाद्य आयुक्तालय व क्वारंटीन के प्रशासनिक व डायग्नोस्टिक ब्लॉक तथा बनखंडी (तहसील हरिपुर में सीरा दा भरोह) में अंतरराष्ट्रीय चिड़ियाघर के लिए 16.25 करोड़ की लागत से बनने वाली उठाऊ जलापूर्ति योजना, 12.87 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली हरिपुर से सकरी घेरा सड़क, 12.99 करोड़ की लागत से बनने वाली थाथर त्रिपाल से मेहवा पंचायत तक सड़क, 6.64 करोड़ की लागत से गुलेर से नंदपुर बरियाल लुदरेट सड़क का उन्नयन कार्य 10.29 करोड़, बनखंडी में 619 करोड़ की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तर का दुर्गेश अरण्य प्राणी उद्यान बनाया जा रहा है। पहले चरण में 43 बाडों के निर्माण पर 150 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। चारदीवारी का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

### सीएम ने 89 पौंग डैम विस्थापितों को प्रदान किए भूमि के कागजात

**अनंत ज्ञान, हरिपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को जिला कांगड़ा के देहरा विधानसभा क्षेत्र के हरिपुर में कार्यक्रम के दौरान 89 पौंग डैम स्थापितों को भूमि आवंटन के प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के समक्ष स्थानीय विधायक ने पौंग डैम विस्थापितों के मामले की पुरजोर वकालत की। यह परिवार गत 50 वर्षों से विस्थापन का दंश झेल रहे हैं और उन्हें अपने दस्तावेज प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब उन्हें उनका अधिकार प्रदान कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शेष विस्थापित परिवारों को भी निकट भविष्य में भूमि आवंटित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक परिवार को गृह निर्माण के लिए 3 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

# आतंकवाद के खिलाफ भारत-लीग ऑफ अरब स्टेट्स की सोच एक : अनुराग



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर का आतंकवाद पर भारतीय सेना की कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के उद्देश्य से भारत की ओर से विदेश यात्रा पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के ग्रुप-7 सांसदों के साथ अफ्रीकी देश मिस्र में लीग ऑफ अरब स्टेट्स के महासचिव अहमद अबुल घीत, मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती, मीडिया व मिस्र के प्रबुद्ध जनों के साथ भेंट की। उन्होंने भारत के व्यापक राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक मीडिया सहयोग, भारत-अरब एनर्जी फोरम, जुड़ाव पर चर्चा कर आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के एकीकृत रुख और सामूहिक दृढ़ संकल्प को रेखांकित किया।

अनुराग ने कहा कि भारत और अरब पुराने रणनीतिक, व्यापारिक व सांस्कृतिक साझीदार हैं। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के लिए गंभीर चुनौती है। मिस्र की राजधानी काहिरा में लीग ऑफ अरब स्टेट्स के अहमद अबुल घीत के साथ भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में दोनों पक्षों ने अपने-अपने देशों और क्षेत्रों में आतंकवादी खतरों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

# सीबीआई ने विमल नेगी मौत मामले में जांच की तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने क्राइम सीन रीक्रिएशन क्रिएट किया और इस मामले में जांच तेज कर दी है। बहुप्रतीक्षित कदम का उद्देश्य नेगी की मौत के पीछे के असल कारणों के साक्ष्यों की पुष्टि करना था। सीबीआई इस प्रक्रिया में बिलासपुर की तलाई पुलिस की मदद ले रही है।

**'रहस्य', क्राइम सीन रीक्रिएशन पर फोकस**

जानकारी के अनुसार विमल नेगी की मौत की जांच के लिए पहले गठित की गई पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने क्राइम सीन रीक्रिएशन नहीं किया था, जिससे कई सवाल अनुत्तरित रह गए थे। सीबीआई का मानना है कि क्राइम सीन रीक्रिएशन से ऐसे छिपे हुए साक्ष्य सामने आने की उम्मीद है, जो पुलिस एसआईटी जांच में किसी कारणवश नजरअंदाज हो गए थे। सीबीआई के अधिकारी और फोरेंसिक विशेषज्ञ सबसे पहले क्राइम सीन का बारीकी से निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान घटना स्थल की तस्वीरें ली जा रही हैं और जरूरत पड़ने पर स्केच भी बनाए जाएंगे। घटना से जुड़े गवाहों के बयान दोबारा दर्ज किए जा रहे हैं, ताकि तथ्यों की पूरी तरह से पड़ताल की जा सके।

### एसएसपी गांधी की याचिका पर सुनवाई कल

**हिमाचल** प्रदेश उच्च न्यायालय बुधवार, 5 जून को शिमला के पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजीव गांधी द्वारा व्यक्तिगत रूप से दायर एक याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें विमल नेगी की संदिग्ध मौत की सीबीआई जांच के एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी गई है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायमूर्ति रंजन शर्मा की खंडपीठ इस महत्वपूर्ण मामले पर सुनवाई करेगी।

# पाक टिकटॉक स्टार सना की हत्या

**एजेंसी, इस्लामाबाद**



पाकिस्तान में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ की उनके ही घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना इस्लामाबाद के जी-13 इलाके में हुई। गोली मारने के बाद हमलावर फरार हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2 जून को ही सना का 17वां जन्मदिन भी था। उनके जन्मदिन पर एक शख्स रिश्तेदार बनकर घर में घुसा था।

पुलिस का कहना है कि आरोपी ने पहले सना से घर के बाहर कुछ देर बात की और फिर घर के अंदर आकर गोलियां चलाईं, जिसके बाद उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद सना को तुरंत पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद सना का अंतिम संस्कार इस्लामाबाद के एच-8 कब्रिस्तान में किया गया।

सना की मां फरजाना यूसुफ ने पुलिस को बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस आया था और उसने उनकी बेटी पर दो गोलियां चलाईं। उन्होंने कहा कि अगर हत्यारा उनके सामने आता है तो वह उसे पहचान सकती हैं। 17 साल की सना यूसुफ मूल रूप से चित्राल की रहने वाली थीं। वह सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय थीं। (अनंत ज्ञान)


**ABHILASHI UNIVERSITY**

(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)

CHAIL CHOWK, CHACHYOT, DISTT. MANDI (H.P.)



Approved By: HP Govt., UGC, PCI, VCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU

ADMISSION OPEN 2025-26

**FACULTY OF AYURVEDA**
B.A.M.S.
M.D. Kayachikitsa
M.D. Kumar Bhritya Evum Bal Rog
D. Pharmacy (Ayurveda)
Diploma in Yoga

**SCHOOL OF HEALTH SCIENCES**
Bachelor of Physiotherapy (B.P.T.)
Bachelor of Science (MLT)
Diploma Multipurpose Health Worker

**FACULTY OF ENGG. & MANAGEMENT**
M.Tech in CE
MBA, BCA, BBA
Ph.D. in CE & Management

**FACULTY OF EDUCATION, BASIC SCIENCE & HUMANITIES**
Diploma in Art & Crafts (Drawing Master)
4 Years Integrated B.A. - B.Ed.
4 Years Integrated B.Sc.- B.Ed.
SAVE ONE YEAR
Bachelor of Arts (B.A.)
B.Sc. Medical/ Non-Medical
M.Sc. Mathematics, Physics & Zoology
M.A. Education
Ph.D. Zoology, Physics & Education

**FACULTY OF AGRICULTURE**
B.Sc. (Hons.) Agriculture
M.Sc. Agriculture
- Agronomy
- Horticulture (Veg. Sciences)

**FACULTY OF VET. SCIENCES**
Bachelor of Veterinary Science & Animal Husbandry (B.V.Sc & AH)
Two Years Veterinary Pharmacist Training Course

**FACULTY OF PHARMACY**
Diploma in Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy) (Lateral Entry)
Master of Pharmacy (M.Pharma)
- Pharmaceutical Chemistry
- Pharmaceutics
Pharm. D (6 Years-Doctor in Pharmacy)
Pharm. D-PB
(Doctor in Pharmacy - Post Baccalaureate)
Ph.D. in Pharmaceutical Science

SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply

H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9816400520, 9816700520
9816242139, 9816102238
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: info@abhilashiuniversity.ac.in, regabhilashi@gmail.com


**खुशखबरी** सड़कों को बिना छेड़े ही शहरों और कस्बों में फाटक मुक्त होगा रेलमार्ग

# चंडीगढ़-बद्दी रेल मार्ग पर बनेगा 8.9 किमी एलिवेटेड ट्रैक

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण करीब 30 किलोमीटर चंडीगढ़-बद्दी रेल मार्ग पर 8.9 किलोमीटर एलिवेटेड ट्रैक भी बनेगा, ताकि पंचकूला चंडी मंदिर, नानकपुर, बद्दी के बीच आने वाले शहरों और कस्बों की सड़कों को बिना छेड़े ही फाटक मुक्त रेलमार्ग बन सके। इसके लिए प्लान में आंशिक बदलाव किया गया है। इससे लोगों के समय की बचत के साथ लंबे ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी।

एलिवेटेड ब्रिज बनाने का मकसद यही है कि अधिक से अधिक ग्रीन फील्ड को बचाया जा सके। साथ ही रोड क्रॉसिंग को भी इसमें कवर किया जा रहा है, ताकि सड़कों को बिना छेड़े ही रेलमार्ग आगे बढ़ सके। इस प्रयास से महंगी होती जमीन और पटरियों के मेंटेनेंस कॉस्ट से बचा जा सकेगा। इस तरह का ट्रैक फिलहाल अभी चंडीगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में नहीं है। चंडीगढ़-बद्दी रेल मार्ग के बीच तीन नए रेलवे स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इनमें चंडीमंदिर, नानकपुर और बद्दी के रेलवे स्टेशन शामिल हैं। तीनों रेलवे स्टेशनों का स्ट्रक्चर तैयार हो रहा है। करीब 40 फीसदी काम पूरा हो चुका है। रेलवे स्टेशनों का काम दिसंबर 2026 तक काम पूरा करने का लक्ष्य है। रेल मार्ग का काम भी 30 फीसदी पूरा हो चुका है। यह रेल मार्ग छह लेयर में तैयार किया जा रहा है। इसमें करीब 8.9 मीटर एलिवेटेड ट्रैक होगा।



एलिवेटेड रेल ट्रैक।

अनंत ज्ञान स्पैशल

### क्या है एलिवेटेड रेलवे ट्रैक

**एलिवेटेड** रेलवे ट्रैक एक ऐसी व्यवस्था है, जिसमें रेलवे ट्रैक के लिए सड़क के स्तर के ऊपर एक वाया डक्ट या अन्य एलिवेटेड संरचना का उपयोग किया जाता है। ये व्यवस्था रेलवे के ब्रॉड-गेज, स्टैंडर्ड-गेज या नैरो-गेज रेलवे, लाइट रेल, मोनोरेल या एक सस्पेंशन रेलवे के लिए इस्तेमाल की जा सकती है।

चंडीगढ़ से बद्दी तक निर्माणाधीन रेल ट्रैक का एक किलोमीटर का हिस्सा करीब 52 फीट ऊंचा होगा। ट्रैक कुछ स्थानों पर न्यूनतम 25 फुट तक ऊंचा रखा गया है। इसका हरियाणा में करीब 30, जबकि हिमाचल में 60 फीसदी काम पूरा हो चुका है।

इस परियोजना से एशिया का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र और फार्मा हब बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ 2026 तक रेल सुविधा से जुड़ जाएंगे। यह कनेक्टिविटी औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ाने में सहायक होगी। रेल नेटवर्क से इस रीजन में व्यापार व रोजगार के भी अवसर पैदा होंगे।

> चंडीगढ़-बद्दी तक करीब 30 किमी लंबी रेल लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। इसका 30 प्रतिशत तक काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा भूमि अधिग्रहण का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। कुछ आंशिक बदलाव की योजना है, ताकि ट्रेन के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए।
>
> -विनोद भाटिया, डीआरएम अंबाला।

## न्यूज ब्रीफ

### मोटरसाइकिल सवारों ने दंपती से की मारपीट

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन के धनेटा के गांव डिब्ब के पास नकाव पोशों द्वारा दंपती का रास्ता रोकने, तेज धार हथियार से हमला व मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का महौल है। मिली जानकारी के अनुसार धनेटा के गांव डिब्ब का कमलेश कुमार पुत्र कृष्ण चंद अपनी पत्नी के साथ घर जा रहा था कि कुछ दूरी पर 2 मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोग जिनमें से तीन ने कपड़े से मुंह ढका हुआ था, रास्ता रोका, जब उन्हें साइड देने को कहा तो उन्होंने गालीगलौज व मारपीट की। इनमें से एक युवक जिसका चेहरा ढका न था, ने बताया कि वह लक्ष्मण कुमार निवासी घलोल का बेटा है। शिकायतकर्ता ने जब इनको रास्ता देने के लिए कहा तो लक्ष्मण के बेटे ने एकदम से शिकायतकर्ता के ऊपर किसी तेजधार हथियार से बार कर दिया तथा लात-घूसों से मारपीट करने लगा तथा इसकी पत्नी से भी हाथ व मुक्कों से मारपीट की तथा मौका पर मौजूद 3-4 लड़कों ने भी उसका साथ दिया तथा मारपीट करने के बाद धनेटा की तरफ भाग गए। हमीरपुर के एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### टीबी-मुक्त अभियान के तहत लगा स्वास्थ्य कैंप

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हमीरपुर द्वारा मंगलवार को बारी मंदिर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 100 डे कैंपेन, टीबी-मुक्त भारत अभियान के तहत लगाया गया। इस दौरान हैंडल एक्सरे मशीन द्वारा चेस्ट एक्सरे किए गए। सस्पेक्टेड लोगों के बलगम के सैंपल कलेक्ट किए गए। इस मौके पर सीएचओ दीक्षा शर्मा और शिल्पा ने लोगों को टीबी के लक्षणों और इसके उपचार के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता और लोगों की जागरूकता के चलते कई पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की जा चुकी हैं। वहीं, एसटीएलएस अनिल शर्मा ने बताया कि पौष्टिक आहार तथा स्वच्छ जीवन जीने से हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। स्वास्थ्य शिविर में आशा वर्कर्स पूनम, सुमना और पूजा ने लोगों की स्वास्थ्य जांच में सहयोग दिया। शिविर में रक्तचाप और शुगर के टेस्ट भी किए गए। ग्रामीणों में बलवंत सिंह, करतार चंद, राकेश कुमार, विजय कुमार आदि ने बताया कि ऐसे शिविर लगने से ग्रामीणों को इसका लाभ मिलता है।

### डीएवी में अलंकरण समारोह का किया आयोजन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल आर्य समाज हमीरपुर में विद्यार्थी संगठन के गठन के उपरांत अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएवी हमीरपुर के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। विद्यालय परिसर में पहुंचने पर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर विभिन्न हाउसेस के छात्रों ने मार्चपास्ट की सलामी दी। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा चुने गए हेड ब्वॉय, हेड गर्ल तथा चार हाउस कैप्टन सहित कमेटी हेड को शैस तथा बैच के साथ सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना भी अति आवश्यक है तथा अध्यापकों के साथ-साथ अभिभावक भी अब इसमें अपना योगदान कर रहे हैं, जो कि सराहनीय है। उन्होंने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि वह अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन करेंगे। इस अवसर पर स्कूली छात्रों ने समूह गान भी प्रस्तुत किया।

### संस्था ने जरूरतमंदों को दिए 1.20 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** गरीव असहाय सहायता संस्था भरेड़ी ने इस महीने गरीब व जरूरतमंद लोगों को एक लाख बीस हजार से ज्यादा की आर्थिक सहायता की है जिसमें नीलम कुमारी पत्नी चमन लाल गांव ककरोट को बीमारी के इलाज हेतू 7000 रुपए, संतोष कुमारी पत्नी राज कुमार गांव नालटू को बेटे की फीस के लिए 42,200 रुपए, ध्यान सिंह पुत्र हरी सिंह गांव बस्सी को बीमारी के इलाज हेतू 10000 रुपए, अंजू देवी पत्नी राज कुमार गांव कोट डाकघर महल को इलाज हेतु 5000 रुपए, विजय विजय कुमार गांव पौहच की माता को इलाज हेतू 15000 रुपए, कमल जीत पुत्र गुलाव राम गांव व डाकघार धमरोल को इलाज के लिए 20000 रुपए, वलवीर चंद पुत्र पोहलो राम गांव साही को गोशाला की मरम्मत के लिए 10,000 रुपए, आशा देवी पत्नी मनोहर लाल गांव वैरी भट्टां डाकघर भुक्कड़ को पति के इलाज हेतू से 10,000 रुपए, वेसरिया राम पुत्र अमित कुमार गांव मनवाणा डाकघर खुडला को इलाज हेतू 10000 व वैसरिया राम पुत्र तारू राम गांव मतेहड़ी डाकहर नवाही तहसील सरकाघाट जिला मंडी को हेतू 10,000 रुपए दिए गए। संस्था के संस्थापक डॉ. पिसी सैणी ने बताया कि उक्त लोग अति गरीब हैं। अतः संस्था इन सभी की सहायता के लिए आगे आई है क्योंकि संस्था का ध्यय ही हर गरीब की सेवा करना है।

### एससी सुधार सभा सीहौरवाला के प्रधान बने रमेश




**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** एससी सुधार सभा सीहौरवाला का गठन किया गया है, जिसमें रमेश चंद को प्रधान चुना गया है, जबकि सचिव किशोरी लाल व कोषाध्यक्ष रमेश चंद को चुना गया। सुधार सभा प्रधान रमेश चंद ने बताया कि सुधार सभा हमेशा गांव के लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहेगी।

### एनसीसी कैडेट्स का प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, सुजानपुर टीहरा के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि महाविद्यालय के तीन एनसीसी कैडेट्स का चयन वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एटीसी-188 के लिए हुआ है, जो कि जवाहर नवोदय विद्यालय, कोठीपुरा जिला बिलासपुर में आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर आगामी राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता कैंप की तैयारी हेतु आयोजित किया गया है। कैडेट्स का चयन महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी एएनओ प्रो. राजेश खरवाल के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य डॉ. जितेंद्र के सहयोग और प्रेरणा से संभव हो सका है। यह उपलब्धि महाविद्यालय की एनसीसी इकाई की सक्रियता, अनुशासन तथा निरंतर परिश्रम का परिणाम है।

### बड़ई गांव में भगवान ब्रह्मा की मूर्ति स्थापित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करोट पंचायत के बड़ई गांव में किक बॉक्सिंग के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हवलदार सुनेश कुमार ने भगवान ब्रह्मा की मूर्ति स्थापित की। मूर्ति स्थापना से पहले बड़ई गांव में हवन यज्ञ किया गया, के बाद पंडित द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना करने के उपरांत मूर्ति स्थापित की गई। इस दौरान गांववासी भी मौजूद रहे।

### 15 तक बिजली के बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 जून तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सौरभ राय ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 15 जून तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### झनियारी माता मंदिर में किया भजन-कीर्तन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** झनियारी माता मंदिर में आयोजित मेले के दौरान आई महिलाएं भजन कीर्तन कर माता का गुणगान करती हुईं। (छाया : सुनील)


# मुख्यमंत्री ने अपने विधानसभा क्षेत्र में निपटाईं जनसमस्याएं

## सामुदायिक और डिपो भवनों के लिए राशि देने का दिया आश्वासन

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सेरा विश्रामगृह में लोगों की समस्याएं सुनीं तथा मौका पर अधिकारियों को इनके निपटारे के निर्देश दिए। अधिकतर समस्याएं पानी, रास्तों व सड़क आदि से संबधित थीं। हथोल पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद के नेतृत्व में मिला, जिसने सीएम से हथोल पंचायत में सामुदायिक भवन बनाए जाने के लिए राशि दिए जाने तथा को-ऑपरेटिव सोसायटी के राशन के डिपो के भवन के लिए भी 15 लाख रुपए स्वीकृत किए जाने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि हथोल सामुदायिक भवन के लिए 1.15 करोड़ तथा को-ऑपरेटिव सोसायटी के डिपो के भवन के लिए भी राशि उपलब्ध करवा दी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने पंचायत के सामुदायिक भवन के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस दिलाए जाने का भी धन्यवाद किया। प्रतिनिधिमंडल में रूमेल सिंह, विजय सिंह, दिनेश कुमार, लवली कुमार, जय किशन, बाल कृष्ण, निर्मल सिंह, कुलदीप सिंह, प्यार चंद, वीरेंद्र सिंह, पुरषोतम चंद, अशोक कुमार, जगत राम, मस्त राम, विनोद कुमार, विकास के अलावा वार्ड पंच सुनीता देवी, वमदरा देवी सहित और भी लोग शामिल थे।



सेरा विश्रामगृह में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री सुक्खू।

पुतलियाड़ पंचायत के उपप्रधान संजीव कुमार के नेतृत्व में जंगल व धनियाल गांव के प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिले तथा गांव जंगल, कुहार,बल्ह चौक तथा घनियाल गांव के लिए संपर्क सड़क के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया, वहीं इन्हें पक्का करवाने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में बलदेव धीमान, नानक चंद, देश राज, होशियार सिंह, सिकंदर कुमार, प्रभात सिंह, सुरजीत कुमार व पवन कुमार आदि शामिल थे। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों को शीघ्र पूरा किए जाने का आश्वासन दिया।

# परीक्षा केंद्र में लड़की को दिया प्रवेश जबकि बीमार छात्र परीक्षा से रहा वंचित

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**नालंदा कॉलेज ऑफ एजुकेशन का परीक्षा में एंट्री को लेकर रहा भेदभावपूर्ण रवैया**

**हमीरपुर।** नालंदा कॉलेज आफ एजुकेशन में मंगलवार को सीयूईटी (यूजी) परीक्षा आयोजित की गई जिसमें प्रवेश का समय ढाई बजे तक निर्धारित था, बावजूद इसके नालंदा कॉलेज आफ एजुकेशन ने 2.35 तक भी एक लड़की को प्रवेश दिया, जबकि उत्कर्ष सैनी 2.37 पर वहां पहुंचा जिसे नालंदा कॉलेज प्रशासन ने प्रवेश देने से इंकार कर दिया, काफी मिन्नतें करने के बाद भी उन्होंने उस पर कोई भी सहानुभूतिपूर्ण विचार नहीं किया।

उत्कर्ष सैनी डिहाइड्रेशन से ग्रसित होने के कारण परीक्षा केंद्र में देरी से पहुंचा। स्वास्थ्य संबंधी समस्या के चलते भी वह परीक्षा केंद्र तक पहुंचा, लेकिन गेट पर मौजूद स्टाफ ने उसे परीक्षा में बैठने नहीं दिया। अभिभावक ने आरोप लगाया कि नालंदा कॉलेज एजुकेशन के भेदभावपूर्ण रवैया के कारण बच्चा परीक्षा देने में असमर्थ रहा। अब प्रश्न यह उठता है कि जब 2.30 बजे परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने का अंतिम समय था तो एक लड़की को 2.35 मिनट पर कैसे प्रवेश दिया गया? क्या यह एनटीए की नियमों की अवधारणा नहीं है, इसकी जांच होनी चाहिए और जो भी परीक्षा के लिए जिम्मेदार आदमी थे, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि क्यों छात्रों के बीच में ऐसा भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे से लड़की के प्रवेश होने के समय का जांच करने पर पता चल पाएगा। उन्होंने भेदभाव पूर्ण रवैये के खिलाफ सीसीटीवी से जांच करने की मांग की है। नालंदा कॉलेज ऑफ एजुकेशन की कार्यकारी प्राचार्य मीनू चौधरी ने बताया कि जिस समय छात्र परीक्षा देने के लिए एंटर करता है, उसी समय रिकॉर्डिंग शुरू हो जाती है। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा ऑनलाइन होती है, इसलिए जो सिस्टम लगा होता है तो एक मिनट भी यदि कोई छात्र लेट आता है तो उसे कंसिडर नहीं किया जाता। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में कॉलेज स्टाफ की ड्यूटी भी नहीं होती। इसके लिए तकनीकी स्टाफ बाहर से आता है, इसमें कॉलेज का कोई रोल नहीं।

उन्होंने बताया जो लड़की 2.35 पर एंटर हुई है, उसका परीक्षा में बैठने के लिए समय होगा इसलिए उसे अंदर जाने दिया। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के दिए गए निर्देश के अनुसार ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाता है।

## एनआईटी में दो दिवसीय पूर्व छात्र सम्मेलन 6 से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर 6 और 7 जून को दो दिवसीय पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। पूर्व छात्र सम्मेलन समारोह 11वें बैच (1996-2000) में उपाधि प्राप्त करने वाले पूर्व छात्रों को उपाधि प्राप्त करने की रजत जयंती (25वीं वर्षगांठ) के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व छात्रों को संस्थान की उपलब्धियों और छात्रों के लिए चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम को और अधिक प्रासंगिक बनाने के बारे में भी विचार-विमर्श किया जाएगा। पूर्व छात्र सम्मेलन समारोह का उद्देश्य संस्थान और उसके पूर्व छात्रों के बीच एक मजबूत समन्वय स्थापित करना है और इस संबंध में, अपने अल्मा मैटर के साथ मजबूत संपर्क बनाए रखने के लिए एक वेब-पोर्टल भी विकसित किया गया है।

## हिम अकादमी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के छात्रों ने जेईई एडवांस में हासिल की सफलता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिम अकादमी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, हमीरपुर ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण दिया है। संस्थान के प्रतिभावान छात्रों समर, अर्श और कृष ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस 2025 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्थान, अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

हिम अकादमी संस्थान के निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को नियमित शैक्षणिक गतिविधियों के साथ समन्वयित रूप से संचालित किया है। हमारा उद्देश्य छात्रों को मजबूत शैक्षणिक आधार देने के साथ-साथ उन्हें प्रतिस्पर्धी माहौल के लिए भी तैयार करना रहा है। आज के परिणाम उसी दृष्टिकोण की सफलता का परिचायक हैं। हमें अपने छात्रों की मेहनत, लगन और अनुशासन पर गर्व है। हिम अकादमी संस्थान की प्राचार्य नैना लखनपाल ने भी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान के समर्पित शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है।

प्रधानाचार्य (अकादमिक) डॉ. हिमांशु शर्मा, उप-प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, छात्र कल्याण संघ अध्यक्ष संजीव ठाकुर, कोचिंग को-ऑर्डिनेटर भाग सिंह तथा सभी शिक्षकगणों ने भी सफल छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रों की इस सफलता में संस्थान की ओर से दी गई निरंतर कोचिंग, समय-समय पर आयोजित मॉक टेस्ट, संदेह निवारण सत्र और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## सैनिक स्कूल में हॉकी टूर्नामेंट का आगाज

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

अखिल भारतीय सैनिक स्कूल हॉकी टूर्नामेंट- 2025 (ग्रुप- ए) का शुभारंभ ऐतिहासिक चौगान मैदान, सुजानपुर टिहरा में बड़े ही उत्साह और जोश के साथ हुआ। इस खेल महोत्सव के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विवेक शर्मा, विधायक, कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश उपस्थित रहे।

सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा की प्राचार्या ग्रुप कैप्टन रचना जोशी, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल राजिंदर सिंह, उप-प्राचार्य कमांडर अक्षय साहू एवं स्कूल के अन्य स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया। समारोह की शुरुआत विभिन्न प्रतिभागी स्कूलों की टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्चपास्ट एवं स्कूल बैंड की आकर्षक प्रस्तुति के साथ हुई। मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि सैनिक स्कूल हमारे देश के रक्षा बलों के लिए कैडेट्स को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से यह उल्लेख किया कि सैनिक स्कूल




कैडेट्स को संबोधित करते मुख्यातिथि।

सुजानपुर टिहरा की एक गौरवशाली परंपरा रही है कि यह स्कूल नेशनल डिफेंस एकेडमी (NDA) को बड़ी संख्या में कैडेट्स भेजता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि खेल हमारे शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, एवं सच्ची खेल भावना जैसे मूल्य भी विकसित करते हैं। अत: सभी कैडेट्स को खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए।

उद्घाटन समारोह के बाद अब तक चार हॉकी मैच खेले जा चुके हैं। अंडर-17, लड़कों के वर्ग में, सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा ने सैनिक स्कूल कुंजपुरा को 3-1 से पराजित किया, जबकि -15, लड़कों के वर्ग में, सैनिक स्कूल कुंजपुरा ने वुड्स पार्क सैनिक स्कूल को 1-0 से हराया। अन्य दो मुकाबलों में अंडर-15, लड़कों के वर्ग में, सैनिक स्कूल कपूरथला ने सैनिक स्कूल नगरोटा को 2-0 से पराजित किया तथा अंडर-17, लड़कियों के वर्ग में, सैनिक स्कूल नगरोटा और सैनिक स्कूल कुंजपुरा के बीच मुकाबला 0-0 से बराबरी पर रहा ।

यहां यह उल्लेख करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा पहली बार 'अखिल भारतीय सैनिक स्कूल हॉकी टूर्नामेंट ग्रुप- ए' की मेजबानी कर रहा है, जिसमें कुल पांच सैनिक स्कूल भाग ले रहे हैं। सैनिक स्कूल नगरोटा (जम्मू-कश्मीर), सैनिक स्कूल कपूरथला (पंजाब), सैनिक स्कूल कुंजपुरा (हरियाणा), वुड्स पार्क सैनिक स्कूल, हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) तथा मेज़बान विद्यालय सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा (हिमाचल प्रदेश)। यह भी गौरतलब है कि इस वर्ष पहली बार बालिका कैडेट्स भी इस हॉकी टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं, जो कि एक सराहनीय पहल है।

## रेहड़ी-फड़ी धारकों को शिफ्ट करने के लिए नप ने जारी किए नोटिस

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**पांच दिन के भीतर अमल न होने पर सामान होगा जब्त**

नगर परिषद सुजानपुर ने व्यवस्था स्थापित को लेकर रेहड़ी-फड़ी धारकों को शिफ्ट करने के नोटिस थमा दिए हैं। इन दुकानदारों को पांच दिन के भीतर नाली के ऊपर व बस स्टैंड में लग रही रेहड़ी-फड़ी को हटाकर नगर परिषद सुजानपुर द्वारा चयनित स्थान पर शिफ्ट करना होगा चेतावनी दी गई है कि पांच दिन के भीतर नोटिस पर अमल न हुआ तो प्रशासन सामान जब्त कर लेगा।

नगर परिषद प्रशासन ने लोगों की आजीविका को लेकर पक्की दुकानों का निर्माण कर किराये पर आवंटित कर रखा है, जहां नगर परिषद को उनसे मिलने वाला किराया एक आय का स्रोत बना हुआ है, वहीं रेहडी-फड़ी से मिलने वाली तहवाजारी के रूप में शुल्क भी नगर परिषद के लिए आय का हिस्सा है। वर्तमान में नगर परिषद में तीन दर्जन से अधिक रेहड़ी-फड़ी लग रही है लेकिन नाली के ऊपर सज रही फड़ी को हटाकर नगर परिषद के चयनित जगह सिविल अस्पताल के पास शिफ्ट करना होगा, जिसको लेकर बैठक में प्रस्ताव पारित किया है।

वहीं, उपमंडल अधिकारी नागरिक द्वारा भी इस संबंध में आदेश जारी हुए हैं। बताया जा रहा है कि सफाई व्यवस्था के साथ-साथ शहर की सुंदरता तथा बरसात से निपटने को लेकर के यह कदम उठाए जा रहा है। मंगलवार नगर परिषद सुजानपुर ने मंगलवार रेहडी व फड़ी धारकों को नोटिस थमा दिए हैं। इससे पूर्व बाकायदा नगर परिषद सुजानपुर द्वारा निरीक्षण भी किया गया जिसमें कई अव्यवस्थाओं में शामिल सवलेटिग, बिना अनुमति के दुकानदारी, कायदे नियम से अधिक जगह रोकना व अतिक्रमण के मामले सामने आए हैं।

### प्रधान ने राशि जारी करने के लिए जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** दड़ूही पंचायत की प्रधान उषा बिरला ने राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार एवं इंदु गोस्वामी का पंचायत में विकासात्मक कार्यों के लिए राशि प्रदान करने पर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सांसदों की इस सहायता से पंचायत में कई विकास योजनाओं को गति मिलेगी, जिससे पंचायत के लोगों को लाभ होगा। पंचायत की जनता ने भी विकास के नए आयाम खुलने की उम्मीद जताई है।

### जीतपुर बेहड़ी में धार्मिक कार्यक्रम कल

**सुदीप सरोच, अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** जीतपुर बेहड़ी गांव के तहर पीर बाबा मंदिर टढ़ाबढ़ में 5 जून को एक धार्मिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कमेटी के प्रधान मंगल सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि इस दिन विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को इस मौके पर बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

## जलाड़ी पंचायत के तीन गांव टिल्लू दो गांव कोटला चिल्लियां में शामिल

**अनंत ज्ञान, नादौन**

**टिल्लू, जलाड़ी, कोटला चिलियां पंचायतों के पुनर्गठन की अधिसूचना जारी**

विकास खंड नादौन पंचायत जलाड़ी, कोटला चिल्लियां व नई बनी पंचायत टिल्लू के पुनर्गठन की राज्यपाल हिमाचल प्रदेश द्वारा अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना अनुसार टिल्लू नई पंचायत गठित की गई है, जिसे लेकर क्षेत्र में चर्चा है।

टिल्लू पंचायत में जलाड़ी पंचायत के सहूं, गदियाड़ा व हरमंदिर मंडियाला गांवों को शामिल किया गया है। जलाड़ी पंचायत के ही गांव रियोड़ी उपली व कल्लर को कोटला चिल्लियां पंचायत में शामिल किया गया है। काबिलेगौर है कि जलाड़ी बड़ी पंचायत थी, उसमें से पांच गांवों को टिल्लू व कोटलाचिल्यिां में शामिल किया गया है। बेला पंचायत के छूटे गए आंशिक भाग के 55 घरों को टिल्लू पंचायत में शामिल किया गया है, जबकि इन घरों को नगर परिषद नादौन में शामिल किए जाने की अधिसूचना पहले ही जारी हो चुकी है। हालांकि अभी फाइनल अधिसूचना होनी बाकी है। इसी तरह टिल्लू प्रथम जिसे टिल्लू पंचायत में भी दर्शाया गया है उसको भी नगर परिषद नादौन में शामिल किया जा चुका है। हालांकि इसकी अभी तक फाइनल नोटिफिकेशन नहीं हुई है। टिल्लू पंचायत में बेला का आंशिक भाग, टिल्लू प्रथम, टिल्लू खास का आंशिक भाग डीपीएफ टिल्लू, टिल्लू-2, सहूं, गदियाड़ा व हरमंदिर मंडियाला गांव शामिल हैं।

बीडीओ निशांत शर्मा ने अधिसूचना की पुष्टि करते हुए बताया कि अधिसूचना के अनुसार इन पंचायतों के निवासी 7 दिनों के भीतर डीसी हमीरपुर के पास आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं तथा सुझावों व आपक्षेपों को लिखित में दे सकते हैं।

### डॉ. रेड्डी लैबोरेट्रीज लि. के साक्षात्कार 9 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** फार्मा कंपनी डॉ. रेड्डी लैबोरेट्रीज लिमिटेड के बद्दी स्थित प्लांट में सेल्फ मैनेज्ड टीम (ट्रेनी) के 15 पदों को भरने के लिए 9 जून को सुबह 10 बजे उपरोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए साइंस संकाय में कम से कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं पास महिला और पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। इनके लिए आयु सीमा 18 से 20 वर्ष तक निर्धारित की गई है। आवेदक शैक्षणिक सत्र 2024-25 का पासआउट होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी के कार्य के साथ-साथ चितकारा विश्वविद्यालय से फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री में बीएससी की डिग्री भी करवाई जाएगी। उन्हें प्रतिमाह 14,583 रुपए वेतन, रियायती दरों पर भोजन और वाहन सुविधा भी प्रदान की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

**अनदेखी** प्रतिदिन इस सड़क से होकर गुजरती हैं सैकड़ों गाड़ियां

## बड़ा-चोड़ू सड़क पर गड्ढा दे रहा दुर्घटनाओं को न्योता

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** इसे सबंधित लोक निर्माण विभाग की नजर अंदाजगी का नाम देना ही उचित होगा जिसके चलते नादौन के दोसड़का में जो सड़क बड़ा-चोड़ू को जाती है, वहां वर्तमान समय में सड़क पर इतना बड़ा गड्ढा पड़ा हुआ है कि वहां कभी भी किसी भी वक्त कोई अप्रिय दुर्घटना घट सकती है, लेकिन बिडंबना की बात यह है कि लोक निर्माण विभाग यह सब जानते हुए भी मूकदर्शक बना हुआ हैं जबकि प्रति दिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवम कर्मचारियों की गाड़ियां भी इस स्थान से गुजरती हैं।

वाहन चालकों का कहना है कि सड़क पर इस गड्ढे को पड़े हुए लगभग दो महीने हो गए हैं विभाग के कर्मचारियों से कई बार इस गड्डे को भरने की मांग की गई, बाबजूद इसके लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने इस गड्ढे को आज दिन तक भरने की जहमत नहीं उठाई।

इस स्थान पर प्रतिदिन कोई अप्रिय घटना घटित होने कीअंशका बनी हुई है। दोसडका में बड़ा-चोड़ू सड़क पर पड़े इस गड्ढे को लोक निर्माण विभाग क्यों नहीं ठीक कर रहा है, इसके लिए लोक निर्माण विभाग की जबाबदेही बनती है या फिर कल को कोई इस स्थान पर अप्रिय घटना घटित होती है, उस दुर्घटना का कौन जिम्मेदार होगा यह लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह होगा।



सड़क पर पड़ा बड़ा गड्ढा चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

**क्या कहते हैं अधिकारी :** इस बारे में लोक निर्माण विभाग के नादौन स्थित कार्यालय के एसडीओ पंकज कौशल का कहना हैं कि यह जगह फोरलाइन सड़क के निर्माण के चलते एनएच विभाग द्वारा वर्तमान समय में एक्वायर की गई है, फिर भी इस समस्या का अतिशीघ्र समाधान किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री से लोनिवि पर कार्रवाई करने की मांग

लोक निर्माण विभाग की इस नजर अंदाजगी के लिए वाहन चालकों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कड़ा संज्ञान लेने की जोरदार मांग की है और इस सड़क की हालत को अतिशीघ्र सुधारने के लिए विभाग को. आदेश देने का आग्रह किया है।

## हमीरपुर खंड के नरेश ठाकुर, नादौन खंड के अजय कुमार चुने प्रधान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ के त्रैवार्षिक चुनाव वर्चुअल माध्यम से संपन्न**

राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ हमीरपुर के अंतर्गत खंड नादौन और खंड हमीरपुर के खंड स्तरीय त्रैवार्षिक चुनाव जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में तथा राज्य प्रेस सचिव अश्विनी भारद्वाज और जिला संयोजक व वरिष्ठ खंड प्रधान होशियार सिंह की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से ऑनलाइन आयोजित हुए। इसमें दोनों खंडों की खंड कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से तथा सौहार्दपूर्ण ढंग से संगठन की परंपरा तथा संवैधानिक नियमों का पालन करते हुए संपन्न करवाया गया।

इसके लिए जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार ने दोनों खंडों के त्रैवार्षिक चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी निभाने वाले शिक्षकों का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि हमीरपुर जिले के सी एंड वी अध्यापक संघ के विद्वान साथियों ने इस बार चार खंडों के गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन चुनावी प्रक्रिया सफल तरीके से संपन्न करवाकर, राज्य भर में अनूठी पहल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके लिए हमीरपुर जिले के सभी खंडों के सी एंड वी अध्यापक साथी बधाई के पात्र हैं। खंड हमीरपुर से नरेश ठाकुर प्रधान, सुमन लता प्रधान महिला मोर्चा, सुषमा कुमारी वरिष्ठ उपप्रधान, सुरजीत कुमार महासचिव, कुसुम लता वित्त सचिव तथा इंदु गौतम को वरिष्ठ उपप्रधान महिला मोर्चा, रीना बन्याल को महासचिव महिला मोर्चा सर्वसम्मति से चुना गया। इसके साथ खंड नादौन से आचार्य अजय कुमार खंड प्रधान, सुमना देवी वरिष्ठ उपप्रधान, विजय कुमार महासचिव, अंजु कुमारी वित्त सचिव तथा विजना डोगरा को महिला मोर्चा प्रधान सर्वसम्मति से चुना गया। बाकी दोनों खंड प्रधानों को खंड कार्यकारिणी का विस्तार हेतु जिला प्रधान द्वारा अधिकृत किया गया। इन चारों खंडों की आनलाइन वर्चुअल बैठक कर चुनावी प्रक्रिया पूरी करवाने हेतु जिला महा संयोजक सुमन लता तथा विशेषतया होशियार सिंह का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस चुनावी प्रक्रिया में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों क्रमशः मीनाक्षी, आचार्य अजय, आचार्य पवन तथा लेखराज और विजय कुमार ने भी विशेष रूप से सहयोग दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### होटल रेटिंग के झांसे में गंवाए 9 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, शिमला।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को होटल रेटिंग देने के बहाने 150 रुपए का लालच दिया और एक लिंक पर क्लिक करवाते ही उसके तीन खातों से लगभग 9 लाख रुपए उड़ा लिए। यह अनोखा मामला छोटा शिमला थाने में दर्ज हुआ है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसे व्हाट्सएप और टेलीग्राम के ज़रिए यह धोखाधड़ी हुई है। शिमला के एएसपी बताया कि पीड़ित को एक व्हाट्सएप मैसेज आया था, जिसमें होटल रेटिंग के लिए 150 रुपये देने की बात कही गई थी। जैसे ही उसने उस लिंक पर क्लिक किया, दो बार में उससे 9 लाख रुपये ठग लिए गए, जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो ठगों ने बहाने बनाने शुरू कर दिए, तब उसे ठगी का एहसास हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और लोगों से ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहने की अपील की है। यदि ऐसी कोई घटना होती है, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### डिप्टी सीएम ने लांस नायक मनीष की शहादत पर जताया दुख

**अनंत ज्ञान, शिमला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सिरमौर जिले के बड़ाबन गांव के लांस नायक मनीष ठाकुर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मनीष ठाकुर डोगरा रेजिमेंट में सेवारत थे और देश सेवा में अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को शहीद मनीष ठाकुर पर गर्व है और उनके बलिदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### नवनियुक्त कुलपति ने राज्यपाल से की भेंट



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) शिमला के नवनियुक्त कुलपति प्रो. महावीर सिंह ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी राज्यपाल से पहली औपचारिक मुलाकात थी। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी भी उनके साथ थीं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रो. महावीर सिंह को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि एक उत्कृष्ट शिक्षाविद् और प्रशासक के रूप में वह विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

### चिट्टे का मुख्य सप्लायर विजय सोनी हरियाणा से काबू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने हेरोइन, चिट्टा के मुख्य सप्लायर विजय सोनी निवासी शांति नगर, सिरसा, हरियाणा को हरियाणा राज्य से गिरफ्तार किया है। उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। विजय सोनी को 2 जून 2025 को सोलन पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में एनडीपीएस एक्ट के 18 मामले दर्ज हैं। यह गिरफ्तारी ठियोग थाना में 9 जनवरी 2025 को दर्ज एफआईआर संख्या 03/2025 से जुड़ी है, जिसमें 76 ग्राम चिट्टा, हेरोइन के साथ हर्ष सैनी नामक व्यक्ति को पकड़ा गया था। इस मामले में पहले भी 8 अन्य आरोपियों हर्ष वर्मा, सनी, कार्तिक वर्मा, राहुल शर्मा, संदीप, अंकुश तांता और पपील भूषण को गिरफ्तार किया जा चुका है। जानकारी मिली है कि नवंबर 2024 में धर्मपुर थाना में दर्ज एक और मामले में भी विजय सोनी का नाम सामने आया था, जहां 16 ग्राम चिट्टा, हेरोइन के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया था। जांच में पता चला कि ये युवक विजय सोनी से ही नशे की खेप खरीदते थे। विजय सोनी पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने मोबाइल फोन, सिम और लोकेशन बदल रहा था, और व्हाट्सएप कॉल के लिए अस्थायी वाई-फाई कनेक्शन का इस्तेमाल करता था। सोलन की साइबर सेल टीम ने तकनीकी निगरानी के बाद उसे 8 फरवरी 2025 को खरड़, पंजाब से गिरफ्तार किया। जांच से पता चला है कि विजय सोनी नशे का एक बड़ा सरगना है, जो पंजाब और हरियाणा में भी सक्रिय था और हिमाचल के युवाओं को बड़े पैमाने पर नशे की सप्लाई कर रहा था। उसने नशे के कारोबार से करोड़ों की संपत्ति अर्जित की है, जिसमें मर्सिडीज बेंज जैसी लग्जरी गाड़ियां शामिल हैं, जिनकी कीमत 1 करोड़ 10 लाख रुपये बताई गई है। इन संपत्तियों को जब्त कर लिया गया है।

# पांच दशक बाद भी नंगल से तलवाड़ा नहीं पहुंची रेल, 1974 में शुरू हुआ था प्रोजेक्ट

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान खास खबर

**51 साल में मात्र 59 किलोमीटर बिछी लाइन**

**ऊना।** हिमाचल में पहाड़ है, लेकिन ऊना से तलवाड़ा तो मैदान है! मैदानी क्षेत्र में भी रेल विस्तार इतनी गति से चल रहा है कि मानो 90 किलोमीटर का ट्रैक के एक सदी में भी पूरे होने की उम्मीद नहीं है। भले ही अब कुछ रफ्तार तेज हुई है, लेकिन इतना लंबा इंतजार करने वाले लोगों को अभी तक भी रेलवे पर भरोसा नहीं हो पा रहा है।

बता दें कि नंगल से तलवाड़ा परियोजना का ब्रॉडगेज ट्रैक 51 साल में 59 किलोमीटर ही बना है। हैरान करने वाली बात है अगर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड को खंगाला जाए तो शायद सबसे कम गति से नंगल से तलवाड़ा रेललाइन परियोजना का काम होगा। हाल ही में शुरू हुई भानुपाली, बैरियां बिलासपुर रेललाइन का काम तेज गति से चल रहा है। वर्तमान में भी 2600 करोड़ का बजट हिमाचल में रेलवे विस्तार को मिला है, इसमें आधे से अधिक भानुपाली बैरियां बिलासपुर रेललाइन पर खर्च किया जाना प्रस्तावित है। सामरिक दृष्टि से यह रेललाइन जरूरी है तो उतनी ही जरूरी जम्मू लिंक को शॉर्टकट चंडीगढ़ से जोड़ने वाली नंगल तलवाड़ा रेल परियोजना भी है।

### दौलतपुर चौक से तलवाड़ा तक नहीं जुड़ पाया रेलवे लिंक

**हिमाचल** के ऊना स्थित दौलतपुर चौक से आगे तलवाड़ा तक अभी सीधा रेलवे लिंक नहीं जुड़ पाया है। जबकि, नंगल डैम से तलवाड़ा रेलवे प्रोजेक्ट की आधारशिला रखे हुए लगभग 51 साल बीत चुके हैं। इतने समय में दौलतपुर चौक तक 59 किलोमीटर रेलवे लाइन ही बन सकी है। कुछ समय पहले की बात करें तो दौलतपुर चौक से आगे हिमाचल के एरिया में लगभग 10 फीसदी भूमि अधिग्रहण ही शेष रहा था। लेकिन इस एरिया में अब रेलवे एक्ट 20 के तहत भूमि अधिगृहीत की गई है। इससे पहले 60.200 से 66.335 किलोमीटर तक रेलवे लाइन के लिए 7 गांवों में 8 मीटर चौड़ी भूमि अधिगृहीत की गई थी। अब रेलवे लाइन की चौड़ाई और बढ़ाने के लिए 20 मीटर तक भूमि अधिगृहीत की गई है। यहां ट्रैक बनाने का काम शुरु हो गया है।



### दौलतपुर चौक से गणु मंदवाड़ा तक हुआ भूमि अधिग्रहण

**उत्तरी** रेलवे दौलतपुर चौक से आगे गणु मंदवाड़ा तक 6.8 हेक्टेयर भूमि का और अधिग्रहण का काम लगभग कर चुका है। भूमि अधिग्रहण की शेष प्रक्रिया साथ साथ चल रही है। इसके लिए संबंधित विभाग से रेलवे ने रिकॉर्ड ले लिया था। दौलतपुर से आगे हिमाचल का लगभग 6 किलोमीटर एरिया है, कुल 7 गांव पड़ते हैं। इनमें दौलतपुर चौक, डंगोह खास, बबेहड़, मैदानगढ़, रायपुर, मरवाड़ी और मंदवाड़ा शामिल हैं। पंजाब के एरिया में रेलवे लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया स्लो है, लगभग 19 किलोमीटर एरिया में कतरौली से तलवाड़ा सेक्शन में आता है, जिसमें रेलवेलाइन के लिए भूमि चिह्नित हो चुकी है। वर्तमान में इस क्षेत्र में भी प्रक्रिया तेज हुई है।

### रेल प्रोजेक्ट पर संसद में उठाई थी आवाज : सिकंदर

**बता** दें कि 22 दिसंबर, 1974 में नंगल डैम से तलवाड़ा प्रोजेक्ट का शिलान्यास हुआ था। जो अभी तक मुकम्मल नहीं हो सका है। हालांकि यह रेलवे प्रोजेक्ट सामरिक दृष्टि से बड़ा महत्वपूर्ण है। 2014 के बाद रेलवे लाइन निर्माण में कुछ तेजी आई है। अंब-अंदौरा से दौलतपुर चौक तक 16 किलोमीटर रेल लाइन बन चुकी है, जिसका विद्युतीकरण भी हो चुका है। ट्रेनें चल रही हैं। इससे आगे हिमाचल के एरिया में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उधर राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार का कहना है कि इन रेल परियोजनाओं के कार्य में तेजी आईं है। उन्होंने इस संबंध में संसद में आवाज भी उठाई है।

# तुर्किये सेब पर संभावित प्रतिबंध से बागवानों में जगी नई उम्मीद

## विदेशी सेब की मार एक पुरानी समस्या, गुणवत्ता और मुनाफे का सुनहरा अवसर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सेब उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ आने की संभावना है। तुर्किये से आयातित सेब पर संभावित प्रतिबंध न केवल स्थानीय बागवानों के लिए आर्थिक राहत लेकर आएगा, बल्कि यह देश के कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम भी साबित हो सकता है। यह सिर्फ व्यापारिक निर्णय नहीं, बल्कि भारतीय किसानों के हितों की रक्षा और 'वोकल फॉर लोकल' (स्थानीय के लिए मुखर) जैसे अभियानों को बल देने वाला कदम है।

पिछले कई वर्षों से, तुर्की सहित 44 देशों से होने वाले सेब के आयात ने हिमाचल के बागवानों को कड़ी प्रतिस्पर्धा में धकेल दिया था। विशेष रूप से, तुर्किये से आने वाला सेब, जो देश के कुल आयात का एक बड़ा हिस्सा है, ने स्थानीय मंडियों में कीमतों को बुरी तरह प्रभावित किया। वर्ष 2024 में, जिन बागवानों ने बेहतर दाम की उम्मीद में अपने सेब को कोल्ड स्टोरेज में रखा था, उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा, जिससे भंडारण के प्रति उनका उत्साह कम हो गया था।



**सरकार किसानों के हितों को दे रही सर्वोच्च प्राथमिकता**

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री से तुर्की के सेब आयात पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह कर चुके हैं। उनका यह कदम न केवल हिमाचल के बागवानों की आवाज उठाता है, बल्कि यह दर्शाता है कि राज्य सरकार किसानों के हितों को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

### मिलेगा उचित मूल्य

इस वर्ष हिमाचल में समय पर बारिश और रोग मुक्त वातावरण के कारण सेब की गुणवत्ता बेहतरीन रहने की संभावना है। ऐसे में, यदि तुर्की के सेब पर प्रतिबंध लगता है, तो यह बागवानों के लिए 'दोहरी खुशी' साबित होगी। उन्हें न केवल अपनी उपज के लिए उचित और लाभकारी मूल्य मिलेगा, बल्कि कोल्ड स्टोरेज में सेब रखने का निर्णय भी एक मुनाफे का सौदा बन जाएगा।

### पूरी क्षमता के साथ चमकेगा

**यह** निर्णय केवल सेब के आयात-निर्यात तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय कृषि को विदेशी दबाव से मुक्त करने और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की व्यापक नीति का हिस्सा बन सकता है। हिमाचल के सेब, अपनी गुणवत्ता और स्वाद के लिए प्रसिद्ध, अब देश के बाजार में अपनी पूरी क्षमता के साथ चमकने के लिए तैयार हैं।

### 211 शराब के ठेकों की नीलामी दोबारा होगी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शराब ठेकों के आवंटन को लेकर चल रहा गतिरोध अब खत्म होता दिख रहा है। राज्य के कर एवं आबकारी विभाग ने उन 211 शराब ठेकों की दोबारा नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो पिछले दो महीनों से ऊंचे बेस प्राइस के कारण बिक नहीं पाए थे।

विगत शनिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में अहम फैसला लिया गया था। अब शिमला, कांगड़ा, बिलासपुर, कुल्लू और मंडी जिलों में इन ठेकों की फिर से नीलामी होगी। सरकार ने साफ कर दिया है कि राजस्व को ध्यान में रखते हुए बेस प्राइस में कोई कमी नहीं की जाएगी। यह शराब कारोबारियों को अपनी बोली लगाने का एक और मौका दे रहा है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि इस नीलामी प्रक्रिया के बाद भी ठेके नहीं बिकते, तो इन्हें विभिन्न सरकारी निगमों और बोर्डों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। वर्तमान में, हिमाचल प्रदेश में कुल 2400 शराब ठेके हैं, जिनमें से 211 अभी भी बिना आवंटन के हैं, शहरी क्षेत्रों में नगर निकाय और ग्रामीण क्षेत्रों में सिविल सप्लाई और वन निगम के माध्यम से शराब की बिक्री की जा रही है।

# डायलिसिस सेंटर का भुगतान करे सरकार : जयराम ठाकुर

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश के किडनी पीड़ित मरीजों के साथ भी खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश भर में किडनी के मरीजों का डायलिसिस कर रहे अस्पतालों को बार-बार गुहार लगाने के बाद भी पैसा नहीं जारी किया जा रहा है। प्रदेश भर के 80 डायलिसिस सेंटर का 25 करोड़ रुपए से ज्यादा का बकाया है।

अस्पताल चलाने वाले लोग कई बार जवाबदेह लोगों से मिलकर पेमेंट करने की गुहार लगा चुके हैं। सरकार द्वारा उन्हें बार-बार कोई ना कोई तारीख भी दी गई है। इसके बाद भी उनका भुगतान नहीं हो पाया है। सरकार द्वारा भुगतान के लिए पहले 15 मई की तारीख भी दी गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सरकार के इस रवैए के कारण डायलिसिस सेंटर चला रहे अस्पताल भी परेशान हैं और उन्होंने बार-बार सरकार को आगाह भी किया है कि अगर उनका भुगतान नहीं हुआ तो उन्हें डायलिसिस सेंटर बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ऐसी परिस्थिति में किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज के लिए क्या विकल्प बचेंगे?

### केंद्र सरकार ने हिमाचल को दिए अस्पताल

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को पिछले एक हफ्ते के भीतर चार स्वास्थ्य संस्थान सौंपे हैं। पिछले हफ्ते ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रदेश में सुजानपुर, बड़सर और शिमला के सुन्नी तीन क्रिटिकल केयर यूनिट स्थापित किए जाने की स्वीकृति दी है। जिसके लिए केंद्र 78 करोड़ रुपए देगा। इसके साथ ही केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को जिला सिरमौर के औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में सौ करोड़ को लागत से बने ईएसआईसी अस्पताल का लोकार्पण किया। जयराम ने प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया। एम्स बिलासपुर सहित अन्य कई मेडिकल कॉलेज एवं संस्थान को प्रदेश में स्थापित करने हेतु नड्डा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



# पंचायतीराज चुनावों पर नड्डा की रणनीति से मिलेगी भाजपा को ताकत

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजनीति में आने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव अहम होने वाले हैं। इसी कड़ी में भाजपा ने सोमवार को सोलन में एक महत्वपूर्ण 'विचार मंथन' कार्यक्रम आयोजित किया। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की मौजूदगी ने इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया। यह बैठक आगामी पंचायती राज चुनावों के लिए पार्टी की कमर कसने और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

इस विचार मंथन का प्राथमिक उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में पार्टी की पकड़ को और मजबूत करना था। भाजपा इन चुनावों को केवल स्थानीय निकायों तक सीमित नहीं मान रही, बल्कि इन्हें 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए एक मजबूत आधार तैयार करने के मौके के तौर पर देख रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की उपस्थिति ने इस बैठक को विशेष महत्व दिया। उनकी मौजूदगी ने स्पष्ट कर दिया कि पार्टी इन चुनावों को कितनी गंभीरता से ले रही है। नड्डा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पंचायती राज संस्थाओं को लोकतंत्र की नर्सरी बताया और इन चुनावों में पूरी ऊर्जा तथा समर्पण के साथ जुटने का आह्वान किया।



वहीं इस बात पर जोर दिया कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाए और उन्हें आगामी चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार किया जाए। कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से समझाने का लक्ष्य दिया गया।

### 2027 विधानसभा चुनाव की नींव

**सोलन** में हुआ यह विचार मंथन भाजपा की आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर गंभीरता और सुनियोजित रणनीति का स्पष्ट संकेत है। नड्डा की उपस्थिति ने इस बैठक को राष्ट्रीय स्तर का महत्व प्रदान किया है, जिससे यह संदेश गया है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व भी इन चुनावों पर पैनी नजर बनाए हुए है। भाजपा का जोर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने और स्थानीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने पर है। भाजपा पंचायती स्तर तक सीमित नहीं मान रही है, बल्कि विधानसभा चुनावों (2027) के लिए एक महत्वपूर्ण सीढ़ी के रूप में देख रही है।

### केंद्र सरकार की उपलब्धियों का प्रभावी प्रचार करना

**भाजपा** यह सुनिश्चित करना चाहती है कि पंचायती राज चुनावों में जनता के बीच भाजपा की सकारात्मक छवि बनी रहे। पार्टी ने स्थानीय स्तर पर जनता से जुड़े मुद्दों की पहचान करने और उनके समाधान के लिए ठोस रणनीति बनाने पर चर्चा की। पंचायती राज चुनावों में स्थानीय मुद्दे ही निर्णायक साबित होते हैं, और भाजपा इन पर सक्रियता से काम करने की योजना बना रही है। विचार मंथन में सयापक्ष, विशेषकर कांग्रेस सरकार की संभावित रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। भाजपा ने इन चुनावों में कांग्रेस सरकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए अपनी रणनीति तैयार की है।

### जल विद्युत बांध परियोजना में अनियमितताएं बरतने का आरोप

**अनंत ज्ञान, शिमला (सुन्नी)।** एसजेवीएन द्वारा सुन्नी जल विद्युत बांध परियोजना के कार्य में बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर स्थानीय लोग लामबंद है। लोगों ने एसजेवीएन कंपनी पर मनमानी करने और खाली पड़ी जमीनों पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। स्थानीय महिला मंडलों और अन्य संगठनों द्वारा प्रशासन को शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। डैम प्रभावित ग्रामीणों ने कई बार शिकायत के बाद भी बातचीत के बहाने मामले को दबा दिया जाता है।

**खाली स्थानों पर कब्ज़ा कर रही है एसजेवीएन**

लोगों का आरोप है की एसजेवीएन द्वारा मिट्टी सतलुज नदी में गिराई जा रही है। साथ ही पानी के प्राकृतिक जल स्रोत से करीब 50 से 60 मीटर की दूरी पर एसजेवीएन द्वारा क्रेशर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे पानी के प्राकृतिक स्रोत जिनसे खैरा के लोगों को पिने का पानी लिफ्ट होता है दूषित हो रहा है। लोगों का कहना है कि एसजेवीएन ने जलशक्ति विभाग और चेवड़ी पंचायत से कोई भी अनापत्ति पत्र नहीं लिया है। जल शक्ति विभाग के एसडीओ से बात करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें इस बारे जानकारी नहीं है।

वहीं जेई से बात करने पर उन्होंने बताया कि हमारे विभाग द्वारा एसजेवीएन को कोई भी अनापत्ति पत्र नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने दावा किया कि एसजेवीएन द्वारा सभी खाली जगहों पर डंपिंग व लोहे आदि का सामान रख कर कब्जा किया जा रहा है। खैरा महिला मंडल द्वारा एक ज्ञापन भी दिया गया जिसमें उन्होंने आरोप लगाया की विस्थापितों के लिए चिन्हित स्थान पर एसजेवीएन द्वारा बिना अनुमति के मिट्टी व पत्थर की डंपिंग कर उसे अस्थायी स्टोरेज के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा हैं। खैरा महिलामंडल का प्रतिनिधिमंडल हाल ही में उपायुक्त शिमला से मिलने गया और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर उपायुक्त ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही एक स्पेशल टीम वहां इन्वेस्टिगेशन के लिए भेजी जाएगी तथा पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।

### राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन में बुटेल ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन




विधायक आशीष बुटेल को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

32 वें राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन का शुभारंभ विधायक पालमपुर विधानसभा क्षेत्र आशीष बुटेल के कर कमलों द्वारा जिला कांगड़ा के राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में किया गया।

हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद (हिमकोस्टे) के ज्वाइंट मेंबर सेक्रेटरी डॉ. सुरेश चंद अत्री ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। विज्ञान सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 550 विद्यार्थी व शिक्षक विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे मैथेमेटिक्स ओलंपियाड, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, साइंस क्विज, साइंस स्किट व इनोवेटिव साइंस मॉडल में भाग ले रहे हैं।

इस सम्मेलन में विधायक ने बाल वैज्ञानिकों की ओर से लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। सम्मेलन के शुभारंभ पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को देश का भविष्य बताया। हिमकोस्टे के संयुक्त सचिव डॉ. सुरेश अत्री ने बताया कि वर्ष 2024-25 में बाल विज्ञान सम्मेलन के लिए कुल 22000 बच्चों ने ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण करवाया था।

कार्यक्रम के अंत में उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग कांगड़ा अजय संबियाल ने सभी प्रतिभागियों व उपस्थित शिक्षकों का धन्यवाद किया।

इस आयोजन में हिमकोस्टे की वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी व स्टेट कोऑर्डिनेटर दीपशिखा गौड़, ढलियारा पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक राजेश ठाकुर, राजकीय महाविद्यालय ढलियारा की प्रधानाचार्य डॉ. अंजू चैहान, सभी जिलों के विज्ञान पर्यवेक्षक व प्रभारी विज्ञान अध्यापक भी उपस्थित रहे।

### वीडियो डिलीट करने की एवज में 15 लाख मांगने वाला धरा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विजिलेंस की टीम ने दो लाख रुपए लेते एक व्यक्ति को पकड़ा है। आरोपी व्यक्ति ने फेसबुक पर वीडियो डिलीट करने की एवज में एक व्यक्ति से 15 लाख की मांग की थी। व्यक्ति ने मामले की सूचना विजिलेंस पुलिस थाना धर्मशाला में दी।

**12 लाख रुपए में सेटल हुई थी बात, पीड़ित ने विजिलेंस को दी शिकायत**



बता दें कि अमीर डोगरा नाम का व्यक्ति फेसबुक पर बना एक चैनल चलाता है। फेसबुक चैनल पर आरोपी व्यक्ति ने जमीन की खरीद से संबंधित एक वीडियो अपलोड किया था। शिकायतकर्ता ने उसे वीडियो डिलीट कटने के लिए कहा। वीडियो डिलीट करने की एवज में आरोपी ने 15 लाख रुपए की मांग की।

बाद में बात 12 लाख रुपए में सेटल हुई। व्यक्ति ने मामले की सूचना विजिलेंस थाना धर्मशाला में की। शिकायत मिलने पर विजिलेंस ने मामला दर्ज कर टीम का गठन किया। आटोपी को पैसे लेने के लिए बुलाया गया। जब आरोपी पैसे लेने आया तो शिकायतकर्ता ने उसे 2 लाख रुपए दिए और कहा कि बाकी पैसों लेकर कोई आ रहा है। इसी बीच विजिलेंस की टीम ने आरोपी अमीर डोगंटा को दो लाख रुपए के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया।

### हाईकोर्ट के कर्मचारियों को मिलेगा बढ़ा वेतन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट के अराजपत्रित कर्मचारियों को लंबे संघर्ष के बाद 1 जून 2025 से 20 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ मिलने जा रहा है। राज्य सरकार ने अदालत को सूचित किया है कि यह लाभ चार किस्तों में दो साल के भीतर दिया जाएगा और हर छह महीने पर एक किस्त जारी की जाएगी। यह आश्वासन महाधिवक्ता अनूप रतन ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। मामले को सरकार की कैबिनेट के सामने लाया गया है और इस संबंध में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक विशेष कमेटी का गठन भी किया गया है, जो निगरानी कर रही है। राज्य की वित्तीय स्थिति खराब है, इसलिए वेतन वृद्धि का लाभ अब तक नहीं दिया गया, लेकिन अगले बजट में प्रावधान किया जाएगा और 1 जून से भुगतान शुरू कर दिया जाएगा।

**मौसम** — 5 जून तक प्रदेश में बारिश की संभावना, 6 से मौसम साफ रहने का अनुमान

# हिमाचल में इस बार 10 दिन पहले आएगा मॉनसून

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में इस साल मॉनसून सामान्य से करीब 10 दिन पहले दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, प्रदेश में 20 जून के आसपास मॉनसून के प्रवेश की संभावना है। यह जानकारी ऐसे समय में आई है, जब राज्य में लगातार बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने बताया है कि 5 जून तक प्रदेश में बारिश की संभावना बनी रहेगी, जबकि 6 जून से मौसम साफ और शुष्क रहने का अनुमान है।

राजधानी शिमला में बीते 24 घंटों में ओलावृष्टि और बारिश ने मौसम को ठंडा कर दिया है। सोमवार देर रात करीब 1 बजे जोरदार ओलावृष्टि दर्ज की गई, जिससे तापमान में गिरावट आई। इससे पहले सोमवार शाम को भी शहर में भारी ओले गिरे थे।



**20 जून तक दस्तक देने की संभावना**

### 24 घंटों में 14 स्थानों पर बारिश

पिछले 24 घंटों में प्रदेश के 14 स्थानों पर बारिश दर्ज की गई है, जिनमें ददाहू (27.4 मिमी), जतौन बैरेज (21.6 मिमी), और कसौली व राजगढ़ (14.0 मिमी) प्रमुख हैं। हालांकि, इस दौरान कहीं भी तूफान दर्ज नहीं किया गया, लेकिन मौसम विभाग ने एक दिन पहले रोहतांग टॉप पर ओलावृष्टि की सूचना दी थी।

### किसानों-बागवानों के लिए शुभ संकेत

**मॉनसून** का 10 दिन पहले आना प्रदेश के कृषि, जल संसाधन और पर्यटन उद्योग के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। यह जल संरक्षण और मिट्टी के कटाव को रोकने में भी सहायक हो सकता है।

### गर्मियों में पानी की किल्लत नहीं होगी

**गर्मियों** में होने वाली पानी की किल्लत को कम कर सकता है। पर्यटन उद्योग को भी इसका लाभ मिल सकता है क्योंकि हरियाली और ठंडे मौसम से पर्यटकों का आकर्षण बढ़ेगा।

### कर्मचारियों को मिले उनका हक : संघ

**अनंत ज्ञान, शिमला।** न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ राष्ट्रीय सयोंजक प्रवीण शर्मा व राष्ट्रीय अध्यक्ष पी सतेंद्र सिंह तिवारी कहा कि अब कीचड़ में खिलने वाले कमल कहां गए। हम जिन्हें अपना ताज बनाते हैं वही हमारा शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भी उन्हीं राज्यों के कर्मचारियों की सुध ले रहे हैं जहां उनकी सरकार है। हिमाचल के सांसद चुन कर दिए है, फिर भी कर्मियों का शोषण प्रदेश में हो रहा है। प्रवीण शर्मा संघ संयोजक ने कहा कि हमें नजर अंदाज करना अच्छा व्यक्तव्य नही है। कोर्ट फैसलों के तहत कार्मियों को उनके हक दिए जाए।





# इंदौरा में दुष्कर्मी को 20 साल की जेल

## नाबालिग से किया था रेप, 30 हजार रुपए जुर्माना भी ठोंका

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान





**इंदौरा।** कांगड़ा जिले के इंदौरा थाना क्षेत्र के गांव सुरयाला में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने दोषी युवक को 20 साल की सश्रम कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने साथ ही उस पर 30 हजार रुपए का जुर्माना भी किया है।

पुलिस के अनुसार, दोषी वर्दीश उर्फ पम्मा क्षेत्र के सुरयाला गांव का रहने वाला है। मामला 25 नवंबर 2023 को सामने आया था जब लड़की की मां ने थाना इंदौरा में अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की शिकायत दी थी।

पुलिस ने 26 नवंबर को मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में धारा 363, 376 आईपीसी और पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत एफआईआर नंबर 181/23 दर्ज की गई। शिकायत में पीड़िता की मां ने बताया था कि आरोपी वर्दीश उनकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर जबरन अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। नूरपुर पुलिस ने 19 जनवरी 2024 को अदालत में चालान पेश किया। पांच महीने की सुनवाई के बाद 2 जून 2025 को कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। पुलिस अधीक्षक नूरपुर ने कहा कि यह फैसला पुलिस की सच्ची लगन, निष्पक्ष जांच और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी नूरपुर पुलिस इसी सतर्कता और निष्ठा से कार्य करती रहेगी।

# शहरी निकायों के परिसीमन से संबंधित कार्यक्रम अधिसूचित: डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

▶ स्थायी निवासी अपनी आपत्ति व सुझाव 9 जून तक करवा सकते दर्ज

डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी की गई अधिसूचना के तहत जिले में शहरी निकायों के परिसीमन से संबंधित कार्यक्रम अधिसूचित कर दिया है। नगर निगम धर्मशाला पालमपुर, नगर परिषद, कांगड़ा सहित सभी नगर निकायों के के वार्डों के परिसीमन का प्रारूप प्रस्ताव प्रकाशित कर दिया गया है, जो संबंधित शहरी निकायों के कार्यालयों में लोगों के निरीक्षण के लिए सभी कार्यदिवसों में 9 जून तक उपलब्ध रहेगा।

उन्होंने कहा कि पहली जुलाई तक वार्डों के परिसीमन का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। 11 जुलाई तक सीटों के आरक्षण का रोस्टर भी जारी कर दिया जाएगा, जबकि 15 जुलाई तक आयोग द्वारा अंतिम आरक्षण आदेश जारी कर दिए जाएंगे। शहरी निकाय का स्थायी निवासी अपनी आपत्ति व सुझाव 9 जून तक दर्ज करवा सकते हैं। इन आपत्तियों व सुझावों का निपटारा 16 जून तक जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशों के प्रति अगले सात दिनों के अंदर मंडलायुक्त कार्यालय में अपील की जा सकती है, जिसका मंडलायुक्त की ओर से अपील दायर करने के पांच दिनों के भीतर निपटारा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर उपरोक्त निर्धारित समय अवधि में कोई आपत्ति अथवा अपील दर्ज नहीं की जाती है तो परिसीमन के अंतिम आदेश जारी कर दिए जाएंगे और वार्डों के आरक्षण व रोटेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके बाद परिसीमन एवं वार्डों के आरक्षण को अंतिम रूप प्रदान कर दिया जाएगा।

# टांडा में एक्स-रे मशीन ठीक होने से मरीजों ने ली राहत की सांस

## दूसरी अभी खराब, पिछले कुछ दिनों से करना पड़ रहा था दिक्कतों का सामना

आशीष दमीर, अनंत ज्ञान

**कांगड़ा।** टांडा मेडिकल कॉलेज में काफी समय से दोनों एक्स-रे मशीनें खराब होने के चलते मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने इस विषय पर कई खबरें छापी, जिस पर टांडा प्रशासन हरकत में आया।

दो में से एक मशीन को ठीक करवा ठीक करवा दिया गया है। इस विषय पर कुछ रोज पहले टांडा के प्रिंसिपल डॉक्टर मिलाप शर्मा से बात हुई थी, तो उन्होंने जल्द ही ठीक करवाने की बात कही थी। साथ ही उन्होंने जानकारी दी थी की टांडा के लिए एक करोड़ की एक नई एक्स-रे मशीन लगाने के लिए फंड टांडा प्रशासन को मिल गया है और यहां पर स्थापित कर दिया जाएगा। इन दो में से एक मशीन को प्रशासन ने ठीक करवा दिया गया है, जिससे यहां एक्स-रे करवाने वाले रोगियों को कुछ हद तक राहत की सांस मिली।



टांडा में मशीन ठीक होने के बाद मरीजों का एक्स-रे करते टेक्निशन।

> दोनों एक्स-रे मशीन में से एक को पूरी तरह से ठीक करवा दिया है। ठीक करवाई गई मशीन अच्छी आउटपुट दे रही है व रोजाना 600 से लेकर 700 एक्स-रे किए जा रहे हैं। इंडोर पेशेंट्स के लिए पोर्टेबल मशीनें भी कार्य कर रही हैं। दूसरी खराब मशीन की जगह एक करोड़ रुपए की नई मशीन एक माह के भीतर लगा दी जाएगी। अस्पताल प्रशासन टांडा में आने वाले रोगियों को तमाम सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।
>
> -डॉक्टर मिलाप शर्मा, प्रिंसिपल, टांडा मेडिकल कॉलेज।

# विमल नेगी मौत मामले में राजनीतिक रोटियां सेंक रही भाजपा: सुदर्शन



भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने जसूर में प्रेसवार्ता में कहा कि मुख्य अभियंता स्व. विमल नेगी की मौत पर उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। प्रदेश नेगी परिवार के साथ खड़ा है। मौत के कारणों को जानने के लिए सीबीआई जांच में हर प्रकार का सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम करती आई है, लेकिन किसी की मौत को भी राजनीतिक रंग देना यह भाजपा की संकीर्णता का परिचय है। सुदर्शन ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि भाजपा के पूर्व में रहे मंडी से सांसद स्व. रामस्वरूप शर्मा की भी रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हुई थी, लेकिन उस समय तत्कालीन जयराम सरकार व केंद्र सरकार के आगे रामस्वरूप शर्मा की धर्मपत्नी सीबीआई जांच की गुहार लगाती आ रही थी। बीजेपी ने जांच करवाने को लेकर कोई रुचि नहीं दिखाई। बीजेपी की संकीर्णता ने राजनीति का स्तर गिरा दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार व कांग्रेस संगठन स्व. विमल नेगी के परिवार के साथ है।

# तिब्बती संस्कृति की समझ बढ़ाने को कार्यक्रम की शुरुआत

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान



कार्यक्रम में भाग लेते देश और विदेश से आए स्टूडेंट्स।

**धर्मशाला।** केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के धर्म और संस्कृति विभाग की ओर से फॉर हायर तिब्बती स्टडीज (सीएचटीएस) में दो सप्ताह का ग्रीष्मकालीन तिब्बती संस्कृति जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से भारत भर के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले तिब्बती छात्रों की तिब्बती संस्कृति की समझ बढ़ाने और तिब्बती समुदाय के साथ अपनी भाषा सीखने को मजबूत करना है।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथियों में धर्म और संस्कृति विभाग के सचिव धोंडुल दोरजी, सारा तिब्बती उच्च अध्ययन संस्थान के उप प्राचार्य वेन जिग्मे और डीओआरसी के संस्कृति अनुभाग के प्रमुख धुंडुप त्सेरिंग शामिल रहे। उप प्राचार्य वेन जिग्मे लोडो ने छात्रों को शिक्षा और प्रशिक्षण से संबंधित मामलों पर संबोधित किया। इसके बाद मुख्य अतिथि सचिव धोंडुल दोरजी ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बात की और टिप्पणी की कि तिब्बत के भीतर किसी की अपनी संस्कृति और भाषा का अध्ययन करने का कोई अवसर नहीं है। उन्होंने कहा कि की चीनी अधिकारियों ने जानबूझकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से तिब्बती भाषा और संस्कृति को कमजोर करने के उद्देश्य से बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए हैं, जबकि तिब्बत के अंदर तिब्बती छात्रों को अपनी जातीय भाषा और संस्कृति सीखने के अवसरों की कमी है। उन्होंने स्वतंत्र देश में छात्रों के लिए तिब्बती धर्म, संस्कृति और भाषा का अध्ययन करने के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर दिया। देहरादून, मसूरी, सिलीगुड़ी, नेपाल और धर्मशाला सहित विभिन्न स्थानों से 20 छात्रों ने भाग लेने के लिए नामांकन किया है। कार्यक्रम के पाठ्यक्रम में तिब्बती इतिहास, भाषा, एसईई लर्निंग और संज्ञानात्मक रूप से आधारित करुणा प्रशिक्षण (सीबीसीटी) और परम पावन दलाई लामा की चार प्रतिबद्धताओं पर आधारित शिक्षाएं शामिल हैं। इसके अलावा प्रतिभागी तिब्बती धर्म और संस्कृति की अपनी समझ और प्रशंसा को गहरा करने के लिए प्रमुख तिब्बती सांस्कृतिक संस्थानों, मठों और केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के कार्यालयों की शैक्षिक यात्राओं में भाग लेंगे।

# फेसबुक पर छवि को धूमिल करने वाले के खिलाफ हो कार्रवाई: प्रवीण कुमार



अनंत ज्ञान, पालमपुर। पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने एसएचओ पालमपुर के माध्यम से स्क्रीनशॉट संलग्न करके शिकायत की है कि एक मनचले की ओर से फेसबुक पर उनके एक शुभचिंतक द्वारा शेयर की गई पोस्ट पर अभद्र एवं घटिया टिप्पणी से उनकी छवि को धूमिल करने का कथित प्रयास किया गया है। पूर्व विधायक ने जानना चाहा है कि इस तरह का चोर घुसखोर कहने का किसने इस तरह के मनचले को अधिकार दिया है। पूर्व विधायक ने कहा मोबाइल के नशे में चूर कई मनचले सोशल मीडिया फेसबुक में इतना घटिया बकवास लिखते हैं, जिसका इन्हें किसी की छवि को धूमिल करने का कोई भय नहीं सताता। पूर्व विधायक प्रवीण ने ने प्रभारी भूपेंद्र सिंह से कहा कि एक कुशल थाना प्रभारी की भूमिका से सभी परिचित हैं। उन्होंने सबूत पेश करके थाना प्रभारी से मनचले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई एवं शिकंजा कसकर समाज में बेनकाब करने की अपील की है।

# दुनिया के सामने पूरा भारत एक स्वर से आतंकवाद के खिलाफ बोला: शांता

## विदेशी देशों ने भारत की बात सुनी और अपना समर्थन दिया

अनंत ज्ञान, पालमपुर



**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में जिस प्रकार विश्व में पहली बार ऑपरेशन सिंदूर जैसा गौरवशाली काम करके दिखाया है, ठीक उसी तरह सात सर्वदलीय शिष्टमंडल भेजकर एक और नया इतिहास बनाया जा रहा है।

भारत के 140 करोड़ लोगों की तरफ से पूरी पहली बार दुनिया में एक स्वर से पूरा भारत बोल रहा है। उन्होंने कहा कि शशि थरूर के भाषण के बाद कोलंबिया ने पहलगाम की दुर्घटना पर पाकिस्तान के पक्ष में दिया गया अपना बयान वापस लिया। औवेसी के भाषणों से आतंकवादी पाकिस्तान दुनिया के सामने पूरी तरह से नंगा हो रहा है।

शांता ने कहा कि पहली बार पूरा भारत एक स्वर से दुनिया के सामने पाकिस्तान के आतंकवाद की दुर्भाग्यपूर्ण कहानी को कह रहा है। हिमाचल प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है कि प्रदेश के युवा सांसद अनुराग ठाकुर भी एक सर्वदलीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि इन सात शिष्टमंडलों की वापसी पर इन सभी सांसदों का भारत के 140 करोड़ लोगों की तरफ से लाल किले में एक भव्य ऐतिहासिक स्वागत कार्यक्रम किया जाए। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार पूरा भारत एक स्वर से दुनिया के सामने आतंकवाद के विरुद्ध बोला है। दुनिया के लोग भारत की बात सुनी है और अपना समर्थन भी दिया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को भारत को भविष्य में बनाए रखने की जरूरत है।

# कंडवाल टोल बैरियर पर अवैध पर्ची काटने को लेकर सौंपा ज्ञापन

## मानवाधिकार संघ ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जताया रोष

▶ कहा-हिमाचल की भोली-भाली जनता से लिया जा रहा गुंडा टैक्स

भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान



अवैध पर्ची काटने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते राजेश पठानिया व अन्य।

**नूरपुर।** कंडवाल एंट्री टोल नाके का ठेका किसी लुधियाना की फर्म को दिए जाने व गाड़ियों की अवैध पर्ची काटने पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ हिमाचल ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ कड़ा रोष प्रकट किया है। संघ के सहनिदेशक राजेश पठानिया के नेतृत्व ठेकेदारों ने मंगलवार को एसडीएम नूरपुर अरुण शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

राजेश ने नूरपुर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि हिमाचल एंट्री टोल टैक्स जो हर बार किसी न किसी फर्म को ठेके पर दिया जाता है। इस बार कंडवाल टोल नाका का ठेका लुधियाना की फर्म ने लिया है और यह टोल मलिक पिछले 2 महीने से लगातार हिमाचल-टू-हिमाचल जो भी गाड़ी टिप्पर या ट्रैक्टर विशेष कर क्रेशर भरने आते हैं, उनसे अवैध वसूली करते हुए पर्ची काटते हैं, जो अधिकतम 570 रुपए की होती है। हिमाचल टोल पॉलिसी एक्ट 1975 की नोटिफिकेशन 2025-26 की धज्जियां उड़ाते हुए गुंडा टैक्स वसूला जा रहा है। इसकी शिकायत डिप्टी एक्साइज एवं टैक्सेशन कमिश्नर प्रीति पाल सिंह से की, लेकिन उन्होंने कहा कि आपकी कोई भी सहायता नहीं कर सकते। टोल को शिफ्ट करना मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं है और न ही मैं टोल वालों को अवैध पर्ची काटने के लिए रोक सकता हूं। इसकी शिकायत सीएम सेवा संकल्प पर भी की है, लेकिन पुलिस का कहना कि जो भी करेंगे एक्साइज विभाग के कमिश्नर ही करेंगे। उन्होंने एसडीएम से मांग की ये लोग टोल नाके के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं, उसे तुरंत प्रभाव से रोका जाए। यह टोल हिमाचल-पंजाब की सरहद से हिमाचल की तरफ लगभग 500 मीटर अंदर है और इस 500 मीटर के रास्ते पर प्रमुख विधायक का घर है, हमारा शमशान घाट है, और 8 से 10 क्रशर इसी 500 मीटर के भीतर लगे हैं, जो कि हिमाचल के क्षेत्र में आते हैं।

# बिलों का भुगतान न होने पर फतेहपुर में ठेकेदारों में रोष

रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान

▶ फीस न दे पाने पर बच्चों का स्कूल छूटने का डर

▶ पांच दिन में नहीं हुई पेमेंट तो होगा विभाग का घेराव

**फतेहपुर।** प्रदेशभर में वित्तीय संकट की स्थिति बनी हुई है, जिसमें सभी वर्ग प्रभावित हैं। इससे ठेके पर कार्य करने वाले ठेकेदार भी अछूते नहीं हैं, जिनको टेंडर मिलने पर कार्य पूर्ण किए वर्षों हो गए हैं, उन्हें अभी तक उनके किए कार्यों की पेमेंट नहीं मिल पाई है। स्थानीय ठेकेदार ने बताया कि जब भी विभाग में बात की जाती है तो विभागीय अधिकारी ट्रेजरी खुलने का हवाला देते हैं कि जब ट्रेजरी खुलेगी तब पेमेंट होगी।

ठेकेदारों ने बताया कि इस समय उनकी स्थिति ऐसी है कि वे घर का खर्च तथा अपने बच्चों की फीस देने में भी असमर्थ हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि जब टेंडर मिलता है तो उस पर कार्य करवाते समय उन्हें मौके पर ही पेमेंट करनी पड़ती है, जिसके लिए एक दो माह के बाद पेमेंट हो जाती थी, लेकिन अब तो दो-दो साल का समय भी होने जा रहा है, लेकिन पेमेंट होने की दूर-दूर तक आस नहीं दिख रही। वहीं, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि हमने तो बिल तैयार कर दिए हैं व पेमेंट के लिए ट्रेजरी में भेज दिए हैं, आगे ट्रेजरी से पेमेंट होगी। कुछ ठेकेदारों ने बताया कि पहले बिलों का भुगतान दिवाली को हो जाता था, लेकिन इस बार दिवाली और 31 मार्च को भी पेमेंट्स नहीं हुई। बता दें कि पिछले कुछ दिनों पहले लोक निर्माण विभाग में कुछ ठेकेदारों ने अपनी पेमेंट के लिए सांकेतिक धरना दिया था तथा विभाग की ओर से लगाए गए टेंडरों को ठेकेदारों ने भरने तक को भी मना कर दिया। वहीं, दूसरी ओर जल शक्ति की बात की जाए तो उनके द्वारा भी पेमेंटों के भुक्तान नहीं हो पा रहे, जिस पर स्थानीय ठेकेदारों ने विभाग को चेताया कि अगर उनकी पेमेंट आगामी सात दिन के अंदर नहीं हुई तो वे जल शक्ति विभाग का घेराव करेंगे।

# सकोह से जयसिंहपुर तक निकाली तिरंगा बाइक रैली

## भारत अब सहनशीलता की नीति से बढ़ चुका है आगे: रविंद्र धीमान



जयसिंहपुर में निकाली गई तिरंगा बाइक रैली का नेतृत्व करते पूर्व विधायक रविंद्र धीमान और जिला परिषद सदस्य संजीव ठाकुर।

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर

**भाजपा** जयसिंहपुर मंडल की ओर से मंगलवार को तिरंगा बाइक का आयोजन किया गया। यह रैली सकोह से शुरू हुई, जो जयसिंहपुर तक निकाली गई।

रैली का नेतृत्व पूर्व विधायक रविंद्र धीमान और जिला परिषद सदस्य संजीव ठाकुर ने किया। दर्जनों युवा मोटरसाइकिलों पर तिरंगा थामे भारत माता की जय के नारों के साथ निकले, जिससे पूरे क्षेत्र में जोश और देशभक्ति का माहौल बन गया। रैली को संबोधित करते हुए रविंद्र धीमान ने कहा कि भारत अब सहनशीलता की नीति से आगे बढ़ चुका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठा रहा है।

उन्होंने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए बताया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि उरी, पुलवामा और पहलगाम जैसे हमलों के बाद भारत ने साहसिक कार्रवाई कर दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि अब हर हमले का करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत पर किसी भी हमले को अब युद्ध माना जाएगा। इस मौके पर रिटायर्ड कर्नल डीसी राणा, मंडल अध्यक्ष हनुमंत शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम रतन शर्मा, धर्मेंद्र जोली सिंह, अंकुश धीमान, प्रधान अजय पठानिया, प्रधान रणवीर, विवेक जग्गी समेत कई कार्यकर्ताओं और युवाओं ने भाग लिया।

# किरियां में एक पोकलेन मशीन और 2 टिप्पर जब्त



जब्त की गई अवैध खनन में लगी पोकलेन मशीन और 2 टिप्पर।

अनंत ज्ञान, पठानकोट

**पंजाब** में अवैध खनन में संलिप्त दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। पठानकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि किरियां क्रशर जोन में अवैध खनन के बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिस व खनन विभाग के अधिकारियों ने छापेमारी की।

इस दौरान पाया गया कि 1 पोकलेन मशीन व 2 टिप्परों के माध्यम से कच्चे माल की अवैध खनन किया जा रहा था। 1 टिप्पर में लगभग 530 क्यूबिक फुट आरबीएम (रिवर बेड मैटीरियल) भरा हुआ था। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बलकार सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी गांव कलियां बिलावल, जिला होशियारपुर और सुरेश कुमार पुत्र दरबारी लाल निवासी गांव गोबिंदसर, जिला पठानकोट के रूप में हुई है। 1 आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने 1 पोकलेन मशीन, 2 टिप्पर वाहन बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार लोगों को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस रिमांड के दौरान आगे की पूछताछ की जाएगी।

सफाई अभियान | हिमानी चामुंडा में 80 किलो से अधिक प्लास्टिक किया एकत्रित

# लोगों को समझाया स्वच्छता का महत्व





चामुंडा में स्वच्छता अभियान के दौरान सीयू धर्मशाला धौलाधार परिसर-1 की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 के स्वयंसेवक।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला धौलाधार परिसर-1 की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 के स्वयंसेवकों ने आदि हिमानी चामुंडा में स्वच्छता अभियान छेड़ा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विवेक शर्मा के निर्देशन में लगाए गए शिविर में पचास एनएसएस स्वयंसेवकों ने मंदिर के चारों ओर और मंदिर मार्ग के आसपास फैले कचरे को एकत्रित कर ठिकाने लगाया। स्वयंसेवकों के जयकारों से मंदिर परिसर का वातावरण गुंजयमान हो गया। श्रद्धालुओं के सम्मुख मोहित शर्मा एवं सागर भाटिया ने अपने भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं।

स्वयंसेवकों ने आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान के तहत स्वयंसेवियों ने 80 किलो प्लास्टिक को एकत्रित कर कूड़ेदान तक पहुंचाया। केंद्रीय विश्वविद्यालय से संबंध रखने वाले स्वयंसेवक नेहा, अखिल, तरुणेश, सिमरन, दिव्या, करीना, मंजू, तंजिन, रुमाली, संगम, ज्योति धीमान, निधि, सानिया, काजल, शिवानी, कनिका, ऋषिता, कोमलिका, अंकितस, प्रिया आदि ने इस दौरान राहगीरों को स्वच्छता का महत्व समझाया।

आदि हिमानी चामुण्डा में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. सुनील कुमार, एनएसएस समन्वयक डॉ. मलकीत सिंह ने केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला धौलाधार परिसर 1 की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विवेक शर्मा को इस स्वच्छता अभियान को आयोजित करने के लिए साधुवाद प्रदान किया।

कुलपति बंसल ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक सेवा कार्य के लिए जाने जाते हैं, जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरक हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में भी ऐसे सामाजिक कार्यों के निष्पादन के लिए एनएसएस इकाई तत्पर रहेगी।

# प्रशिक्षु शिक्षकों को समर कैंप का दिया प्रशिक्षण



समर कैंप के दौरान प्रथम और द्वितीय सत्र के प्रशिक्षु अध्यापक।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**डाइट** धर्मशाला के संयोजन से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से प्रथम और द्वितीय सत्र के प्रशिक्षु अध्यापकों को समर कैंप 2025 का प्रशिक्षण दिया गया।

इस कैंप की ओर से 3 जून से सरकारी, निजी विद्यालयों और समुदायों में अध्ययन कर रहे कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए गणित संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जो कि 4 सप्ताह तक चलने वाला है। इस अवसर पर डायट प्रिंसिपल राकेश शर्मा व समन्वयक अंबिका ने सभी प्रशिक्षित अध्यापकों को कैंप के संबंध में प्रेरित किया।

वहीं, प्रथम संस्था की ओर से पवन कुमार, रंजन राणा व ज्योति राणा की ओर से कैंप के संदर्भ में जानकारी दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### शाहपुर व द्रमण में आज बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विद्युत उपमंडल शाहपुर के तहत आने वाले 33/11 केवी सब स्टेशन शाहपुर की मरम्मत और उचित रखरखाव के लिए 4 जून को शाहपुर, मझियार, झंगी, डोहब, कयारी, संढु, हरनेरा, बडंज, 39 मील, आईटीआई, द्रमण, छतड़ी, सिहुंआ, भनियार, हटली, गोरड़ा, भनाला, रेहलू, पलवाला, दरगेला, दरीणी, बोह, सल्ली व साथ लगते गांव में सुबह 6:00 बजे से शाम 3:00 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल शाहपुर ई. विक्रम शर्मा ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### बाघनी में कल चलेगा सफाई अभियान

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** बाघनी पंचायत में वेस्ट वॉरियर्स और अन्य स्थानीय संगठनों के सहयोग से 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। बाघनी पंचायत व लेहसर, योल, बणरोडू के पंचायत प्रतिनिधि स्वच्छता समिति सदस्य और गांववासी व्यापक सफाई अभियान चलाएंगे। सफाई अभियान में जिला कलेक्टर (डीसी), ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यालय के अधिकारी आदि भाग लेंगे, जिससे इस अभियान की गरिमा और भी बढ़ जाएगी। पंचायत प्रधान सुरेश पप्पी ने कहा कि पर्यावरण दिवस हम सभी के लिए एक संदेश है कि हमें अपने गांव और पर्यावरण की सफाई में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

### डॉक्टर तिलक ने संभाला मेडिकल सुपरिंटेंडेंट का कार्यभार



**राकेश डोगरा, डरोह।** डॉक्टर तिलक भागड़ा ने सिविल अस्पताल पालमपुर में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट का कार्यभार सोमवार को संभाल लिया है। यह पद कुछ समय खाली पड़ा था। डॉक्टर तिलक ने भवारना हॉस्पिटल में काफी समय अपनी सेवाएं दी हैं। तिलक भागड़ा अल्ट्रासाउंड इंचार्ज थे। पालमपुर में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट का कार्यभार ग्रहण करने पर स्थानीय लोगों व मेडिकल स्टाफ में नई उम्मीदें जागी हैं। लोगों ने नए एमएस का स्वागत करते हुए आशा जताई कि पालमपुर सिविल अस्पताल एक बार फिर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बनेगा।

### तृप्ता स्कूल चलवाड़ा ने मनाया विश्व साइकिल दिवस



**अनंत ज्ञान, जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा ने विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश राणा सहित और विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल ने बच्चों को हरी झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना किया। प्रधानाचार्य राकेश राणा सहित लड़कों और लड़कियों साइकिल को चलाया और बच्चों की साइकिल रेस भी करवाई गई। विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने कहा कि साइकिल चलाना एक बहुत अच्छा व्यायाम है। इससे हमारा शरीर तंदुरुस्त और चुस्त रहता है और शरीर फिट और सही रहता है। इस लिए हमें साइकिल की सवारी करनी चाहिए और साइकिल का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए।

### अग्निहोत्री ने डीएवी स्कूल के होनहार नवाजे



**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** 10वीं एवं 12वीं स्कूल बोर्ड कक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को धर्मशाला के ऑडिटोरियम में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां के 12वीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक लेने वाले आदित्य धीमान, वंशिका परमार ने 92 प्रतिशत अंकव 10वीं कक्षा में गुरप्रीत सिंह 92 अंक हासिल करने पर मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर के सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल, चेयरमैन आरसी जीवन व एआरओ बिक्रम सिंह व मैनेजर विपिन जिस्टू ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

### शिवांश का राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में चयन



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** क्रेयॉन्स स्कूल बैजनाथ के कक्षा दो के छात्र शिवांश का चयन 4वीं केआईओ जूनियर राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो 11 से 15 जून तक देहरादून में आयोजित की जाएगी। यह शिवांश की राष्ट्रीय स्तर पर पहली भागीदारी होगी। शिवांश ने 31 मई से 1 जून तक बैजनाथ के महाराजा पैलेस में आयोजित सब जूनियर कैडेट राज्य कराटे चैंपियनशिप में भाग लिया और 7 वर्ष आयु वर्ग में 25 किलोग्राम से अधिक कुमिते इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया। शिवांश वर्तमान में यूनिवर्सल मार्शल आर्ट्स स्टूडियो बैजनाथ के प्रशिक्षु हैं। कोच हांशी जनक राज जम्वाल ने बताया कि शिवांश का समर्पण और मेहनत रंग लाई है।

### कृषि महाविद्यालय ने चारों मुकाबले जीते

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में आयोजित 29वें वार्षिक अंतर महाविद्यालयीय खेलकूद समारोह के दूसरे दिन कबड्डी और बास्केटबाल के पुरुष एवं महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले हुए। कुलपति प्रो. नवीन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. एडी बिंद्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और छात्रों की सक्रिय भागीदारी के लिए आभार जताया। इस दिन का खेल कृषि महाविद्यालय के नाम रहा, जिसने चारों फाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज की। पुरुष कबड्डी, महिला कबड्डी, दोनों वर्गों के बास्केटबाल मैच में जीत दर्ज की। यह पांच दिवसीय प्रतियोगिता 6 जून को समापन समारोह और पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न होगी।

# ग्रामीणों ने प्लास्टिक बेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य रुकवाया

## 53 मील पुल के पास बनाया जा रहा है प्लांट, अधिकारी ने सुनी लोगों की समस्या

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** विकास खंड कांगड़ा के तहत आने वाले खोली गांव के 53 मील पुल के पास बनने वाले प्लास्टिक बेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य का मंगलवार को ग्रामीणों ने विरोध किया और रुकवा दिया। मौके पर खंड विकास अधिकारी पारूल कटियार, पंचायत सचिव व पुलिस अधिकारी पहुंचे, जिन्होंने लोगों की समस्या को सुना।

लोगों का कहना है कि यहां पर प्लास्टिक कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया में हानिकारक रसायन और गंद पैदा होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अधिकारियों से गुहार लगाई है कि



ग्रामीणों से बातचीत करती खंड विकास अधिकारी पारूल और अन्य अधिकारी।

इस प्लांट को खोली गांव से बाहर लगाया जाए। लोगों का कहना कि प्लांट के लगने से प्लास्टिक के छोटे-छोटे कण मिट्टी में मिल जाएंगे और बाद यही कण जमीन को बंजर बनाने का काम करेंगे। क्षेत्र में प्लास्टिक बेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट लगने से पंचायत की साफ-सफाई पर भी असर पड़ेगा और इससे क्षेत्र की आबोहवा पर असर पड़ेगा। उन्होंने मांग की कि इस प्लांट को यहां पर स्थापित न किया जाए। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़, सदस्य कुलभाष चौधरी, पंचायत प्रधान केवल चौधरी, बीडीसी सदस्य नवल किशोर मौजूद रहे।

प्लास्टिक बेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से किसी को कोई नुकसान नहीं है। लोग जागरूक नहीं हैं। एक-दो दिन बाद फिर से यहां का दौरान किया जाएगा और लोगों बातचीत कर प्लांट से होने वाले फायदों को बताया जाएगा। इसके बाद भी ग्रामीण नहीं माने तो फिर आगे क्या करना है, यह सुनिश्चि किया जाएगा।

**-पारुल कटियार, खंड विकास अधिकारी, कांगड़ा।**

प्लास्टिक यूनिट के बारे में कुछ लोगों को गलत जानकारी है। लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। पहले भी लोगों को इस बारे में जागरूक किया गया है। यह यूनिट सिर्फ प्लास्टिक को सेग्रीगेट करने के लिए है, जिससे किसी भी तरह की गंदगी नहीं फैलेगी।

**-केवल चौधरी, प्रधान पंचायत खोली।**

### मध्य प्रदेश में बूथ स्तर पर संगठन को करेंगे मजबूत : केवल

**अंनत ज्ञान, शाहपुर।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में लोकसभा में मध्य प्रदेश के ऑब्जर्वर केवल सिंह पठानिया मंगलवार को भोपाल पहुंचे। उन्होंने कहा कि पार्टी के महत्वाकांक्षी संगठन सृजन अभियान में भाग लिया। इनमें संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, समर्पित कार्यकर्ताओं को नेतृत्व में लाने और भितरघातियों की पहचान कर कार्रवाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। इस अभियान के तहत कांग्रेस ने देशभर से 61 वरिष्ठ ऑब्जर्वरों को मध्य प्रदेश में तैनात किया है। इनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, असम, आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों के सांसद, विधायक और पूर्व मंत्री शामिल हैं। ये सभी नेता राज्य के अलग-अलग जिलों में जाकर संगठन की स्थिति का आकलन करेंगे और मजबूत नेतृत्व को तरजीह देने की दिशा में रिपोर्ट तैयार करेंगे।

### हैप्पी बर्थडे



अप्पर बरोट (सरकाघाट) की नायरा भारद्वाज को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



धुंदला के अजय वर्मा और ममता की शादी की वर्षगांठ पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### चार बच्चों की मां चौथी बार घर से फरार

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** थाना पंचरुखी के तहत मल्ली गांव में चार बच्चों मां चौथी बार घर से फरार हो गई। अंजू देवी पांच दिन पहले भी फरार हो गई थी। अंजू देवी के पति नरेश कुमार ने बताया कि पत्नी चौथी बार घर से फरार हुई है। पुलिस हर बार उसे ढूंढ कर हमारे हवाले कर देती थी, लेकिन उसे भागने की आदत हो गई है। नरेश ने बताया कि उसके चार बच्चे तीन बेटियां व एक बेटा है। उसे मासूम बच्चों का भी ख्याल नहीं है और मोबाइल पर ही व्यस्त रहती थी। अभी कुछ दिन पहले ही पुलिस थाना पंचरुखी की टीम ने कांगड़ा से तलाश करके हमारे हवाले किया था। कुछ दिन रहने के बाद जब में काम पर गया तो फिर से बिना बताए घर से फरार हो गई। नरेश कुमार ने बच्चों सहित पुलिस थाना पंचरुखी में दोबारा पत्नी को तलाश करने की सहायता मांगी है।

# अघंजर महादेव मंदिर के ताले तोड़कर साधुओं का प्रवेश

## 3 बाबाओं व 7 अन्य लोगों सहित कुल 10 लोग गिरफ्तार

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**धर्मशाला** के साथ लगते प्राचीन ऐतिहासिक अघंजर महादेव मंदिर को लेकर मंगलवार को बड़ा विवाद देखने को मिला है। सोमवार देर रात मंदिर में रहने वाले कुछ साधुओं व अन्य लोगों के साथ मिलकर एडीबी के नए भवन में ताले को तोड़कर अंदर प्रवेश कर लिया, जबकि तैनात केयर टेकर के साथ भी मारपीट की। इस दौरान उक्त कर्मचारी की ओर से पुलिस थाना धर्मशाला में शिकायत दर्ज करवाई गई थी।

वहीं, मंगलवार को पहले से ही चल रहे विवाद के संबंध में एसडीएम व तहसीलदार धर्मशाला का राजस्व टीम के साथ दौरा निर्धारित था। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने मंदिर व एडीबी भवन की स्थिति को देखा। मंदिर में तैनात बाबाओं को पक्ष रखते हुए उन्हें मंदिर में जता रहे अधिकार के तहत जमीन उनके नाम होने को लेकर भी दस्तावेज जमा करवाने का मौका दिया गया, लेकिन कुछेक साधुओं व लोगों की ओर से दस्तावेज जमा करवाने की बजाए एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों के साथ बहसबाजी की और काम रोकने का प्रयास किया गया। एसडीएम की ओर से पुलिस विभाग को सूचित कर मौके पर पुलिस बल बुलाना पड़ा। पुलिस ने 3 बाबाओं व सात अन्य लोगों सहित कुल 10 को गिरफ्तार कर लिया है।



#### क्या बोले कॅमेटी पदाधिकारी

**अघंजर** महादेव मंदिर कॅमेटी खनियारा धर्मशाला ने संयुक्त रूप से मंदिर को सरकारी नियंत्रण को लेकर मात्र कुछेक साधु विवाद खड़ा करने की बात कही है, जबकि उन्होंने मंदिर को सरकारी नियंत्रण में लेने की बात सरकार व प्रशासन से रखी है। ट्रस्ट के महासचिव मोहिंद्र अवस्थी व अन्य पदाधिकारियों में शामिल सुभाष महाजन व आरएस बद्दवार ने कहा कि मंदिर में मौजूदा समय कुछ अनैतिक कार्य भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में मंदिर का सही संचालन किया जाना जरूरी है।

अघंजर महादेव मंदिर में ताला तोड़ने व सरकारी कार्य के दौरान बाधा पहुंचाने व विवाद करने पर 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। बुधवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा

**-बीर बहादुर सिंह, एएसपी, कांगड़ा।**

**अघंजर** महादेव मंदिर खनियारा धर्मशाला को लेकर दोनों पक्षों को अपने-अपने विचार व दस्तावेज रखने का मौका दिया था। कुछ साधुओं व लोगों की ओर से विवाद किया, जिसमें पुलिस को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मंदिर में अवैध रुपए से रखे दानपात्रों को हटाकर डीसी की ओर से गठित कमेटी के बंद रखे गए दानपात्रों को लगाया गया है। कमेटी को पारंपरिक पूजा-पाठ सहित मंदिर के संचालन के लिए अधिकृत किया है।

**-मोहित रत्न, एसडीएम, धर्मशाला।**

### टिक्करी गांव में घर से चिट्टा बरामद, युवक गिरफ्तार

**मंदीप, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लंबागांव पुलिस ने घर से ही चिट्टा सप्लाई करने के आरोप में एक युवक को 20 ग्राम चिट्टे सहित हिरासत में लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बागकुलजां पंचायत के टिक्करी गांव में रहने वाला नवीन कुमार उर्फ काला (34) अपने घर से ही चिट्टा बचे रहा है। पुलिस टीम ने पंचायत प्रधान को साथ मंगलवार को आरोपी के घर पर दबिश दी। इस दौरान घर की तलाशी ली और 20 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। थाना प्रभारी लंबागांव अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है व एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### विधायक काजल से मिली महिलाएं बोली- कांग्रेस सरकार ने हमें ठगा



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** गगल पंचायत के वार्ड-5 बज्रेश्वरी महिला मंडल की कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विधायक पवन काजल से मुलाकात की। प्रधान आशा देवी और उपप्रधान सुमना देवी की अध्यक्षता में हुई इस मुलाकात में महिलाओं ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने हर महिला को हर महीने 1500 रुपए देने का वादा किया था। सरकार बने डेढ़ साल हो गया, लेकिन अब तक किसी गरीब और पात्र महिला को यह राशि नहीं मिली। महिलाओं ने विधायक से सरकारी राशन डिपो में राशन न मिलने की शिकायत भी की।

काजल ने नवगठित महिला मंडल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को ठगा है। अब जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा में नारी शक्ति को सम्मान और प्राथमिकता मिलती है। आने वाला समय भाजपा का है। महिला मंडल से पंचायती राज चुनाव की तैयारी शुरू करने को कहा। इस मौके पर सचिव शबनम, खजांची रीता देवी, कुसुमलता, सिंटू, अर्चना, श्रेष्टा, पूजा अंजना, सरोज, कविता, प्रोमिला, ललिता, सुषमा, वीना, अनुबाला और बिमला देवी मौजूद रहीं।

### 12 वर्ष पूरा कर चुके जलरक्षक सरकार के खिलाफ हुए उग्र

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** वाटर गार्ड यूनियन जिला कांगड़ा के सभी सदस्यों ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार से अपने नियमितीकरण की गुहार लगाई। पिछले 12 पूरा कर यह जल रक्षक जल शक्ति विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन इन्हें आज दिन तक नियमित नहीं किया गया। सरकारें बदली, लेकिन इनके हालात जस के तस ही रहे। इस साल जून महीने में इन जलरक्षकों को अपनी सेवाएं देते हुए 13 साल हो जाएंगे, लेकिन इनके नियमितीकरण की अगर बात की जाए तो सरकार उसे बिलकुल अनदेखा करती जा रही है। उन्होंने कहा कि दिसबंर 2024 से वे अपने 12 वर्ष को टाइम पूरा कर चुके हैं और जनवरी 2025 में हमारे दस्तावेज सरकार के पास जमा भी हो गए हैं, परंतु सरकार आखें व कानों को बंद करके बैठी हुई है। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर वे शिमला से लेकर हर जगह धक्के खा चुके हैंख् तथा उन्हे यही अश्वासन मिलता है अपका काम हो रहा है।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष सन्नी कुमार ने कहा कि आज की महंगाई के दौर में यह जल रक्षक महज 5300 वेतन के साथ अपने घर का पालन पोषण कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब भाजपा की सरकार थी तो उसे समय मौजूदा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जलरक्षकों के हितों में काफी बातें करते थे, लेकिन जब वह खुद मुख्यमंत्री हैं तो वह जलरक्षकों को नियमित तक नहीं कर पा रहे हैं, जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। साल 2009 और 10 में 184 जलरकक्षों को नियमित किया गया था। वहीं, 2012 और 13 में 2200 जलरक्षकों की भर्ती की गई थी, जिन्हें आज दिन तक नियमित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि 12 साल पूरे हो जाने के बाद भी सरकार द्वारा उन्हें नियमित करने के लिए कोई भी कम नहीं उठाया जा रहा है।

# एक्सपायरी चॉकलेट बेचने पर मेगामार्ट को 30 हजार रुपए भरने के आदेश

## 54 रुपए में एक कंपनी की चॉकलेट की खरीदी थी छह यूनिट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** उपभोक्ता आयोग धर्मशाला के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की अदालत ने अहम फैसले में एक्सपायरी चॉकलेट बेचने के मामले में दोषी पाए गए एक मेगामार्ट की ओर से उपभोक्ता को 9 फीसदी ब्याज सहित 54 रुपए लौटाने के आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही उपभोक्ता को मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 10 हजार और मुकदमा खर्च के तौर पर 10 हजार रुपए भुगतान करने के भी आदेश जारी किए हैं।



मेगामार्ट की ओर से जिला उपभोक्ता विधिक सहायता कोष में 10 हजार रुपए जमा करने के आदेश दिए हैं। साथ ही मेगामार्ट को राज्यभर में प्रसारित एक हिंदी और एक अंग्रेजी दैनिक अखबार में सार्वजनिक विज्ञापन देना होगा, जिसमें यह घोषित किया जाएगा कि भविष्य में एक्सपायरी उत्पाद बिक्री के लिए स्टॉक में नहीं रखे जाएंगे।

इस आदेश की पालना 31 अगस्त, 2025 तक जरूरी तौर पर करनी होगी। आयोग में आए मामले के तहत एक शिकायतकर्ता का कहना था कि उसने 19 मई 2024 को एक मेगामार्ट से 54 रुपए में एक कंपनी की चॉकलेट की छह यूनिट खरीदी थीं। बाद में पता चला कि इन उत्पादों की एक्सपायरी तारीख 4 दिसंबर 2023 थी। शिकायतकर्ता ने स्वयं यह चॉकलेट खाई और तबीयत बिगड़ने पर बच्चों को यह चॉकलेट देने से रोका।

उन्होंने इस घटना को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना का कारण बताया। इस मामले में आयोग ने सुनवाई के बाद पाया कि मेगामार्ट द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की स्पष्ट अवहेलना की गई है।

आयोग ने माना कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी मेगामार्ट की ओर से एक अन्य मामले में ऐसी ही लापरवाही पाई गई थी। इस सारी प्रकिया के बाद आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उपरोक्त आदेश जारी किए हैं। साथ ही आयोग ने माना कि उत्पाद की निर्माण व विपणन एजेंसियों की ओर से एक्सपायरी प्रोडक्ट की सप्लाई का कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिला है। ऐसे में उन्हें इस मामले में दोषमुक्त किया गया।

# ऐतिहासिक धरोहर तालाब से मिट्टी निकालने का कार्य अंतिम चरण में

## योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने की समीक्षा

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** राजा का तालाब की ऐतिहासिक धरोहर से मिट्टी निकालने का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। तालाब में आधिपत्य जमा चुकी एलिगेटर बीड्स, जलकुंभी बूटी को तालाब में खुदाई करके पूर्ण रूप से निकाला जा चुका है। अब तालाब को कोटरानुमा शेप देकर इसके शेष कार्य को आगे बढ़ाने के प्रशासन पूरी तरह से कमर कस चुका चुका है।

योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष व स्थानीय भवानी सिंह पठानिया तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य को लेकर विशेष रुचि दिखा रहे हैं। मंगलवार को भवानी सिंह पठानिया ने एक बार फिर राजा का तालाब का दौरा किया और तालाब के जीर्णोद्धार के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि तालाब से मिट्टी निकालने का कार्य बीते एक महीने से चला हुआ है। घरों से आते वेस्ट वाटर की प्यूरिफिकेशन के चार जगहों पर सोकपिट बनाए जाएंगे। दो सोकपिट बन चुके हैं। कुछ जगह यहां सेफ्टी वाल अभी बनाई जानी शेष हैं। वैटलेंड के उपरांत इसके सौंदर्यीकरण को लेकर बनाई गई रूपरेखा को धरातल पर लाने का कार्य होगा। इस मौके पर फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष जगजीत जग्गू, नायब तहसीलदार राजा का तालाब सुरजीत सिंह, पीतांबर सिपहिया, देसराज, परमिंदर धीमान, अरुण कुमार, चरण दस, शुभम पठानिया सहित अन्य लोग शामिल रहे।



योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी पठानिया तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य का जायजा लिया।

### जिला स्तरीय क्यालू बाबा महादंगल में महिला पहलवानों ने दिखाया दम



भवानी सिंह पठानिया मुख्य अतिथि और विधायक मलेंद्र राजन रहे वशिष्ठ अतिथि।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** जिलास्तरीय चार दिवसीय श्री क्यालू बाबा महाराज महादंगल का दूसरे दिन महिलाओं के नाम रहा।

फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) भवानी सिंह पठानिया ने बतौर मुख्य अतिथि, जबकि स्थानीय विधायक मलेंद्र राजन ने वशिष्ठ अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। दंगल में देशभर की महिला पहलवानों ने दमखम दिखाया। पठानिया ने कहा कि यह आयोजन केवल खेल का माध्यम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक उत्थान का एक शक्तिशाली मंच है। खासकर आज जब महिलाएं अखाड़े में उतरकर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का परिचय दे रही हैं। उन्होंने आयोजन समिति को इस ऐतिहासिक दंगल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मलेंद्र राजन ने कहा कि श्री क्यालू बाबा महा दंगल हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। यह आयोजन युवाओं को नशे से दूर कर खेलों से जोड़ने की दिशा में प्रेरक भूमिका निभा रहा महिला मुकाबलों में प्रथम पुरस्कार के रूप में एक कार, द्वितीय पुरस्कार के रूप में बुलेट मोटरसाइकिल व प्रत्येक प्रतिभागी महिला पहलवान को गागर सम्मान स्वरूप प्रदान की गई।

### लॉरेट संस्थान में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

## शिक्षा प्रणाली के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम अहम : आशावत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**लॉरेट** फार्मेसी शिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जो कि एसोसिएशन ऑफ फार्मास्यूटिकल टीचर ऑफ इंडिया हिमाचल की इकाई की ओर से प्रायोजित किया गया। इसकी थीम शिक्षकों को सशक्त बनाना, शिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण देना रही। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि साई यूनिवर्सिटी के फॉर्मर वाइस चांसलर प्रो. डॉ. एनएन शर्मा रहे और मुख्य वक्ता के रूप मे सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हिमाचल से डॉ. विश्व मोहन एवं लॉरेट इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग शिमला से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जीवन ज्योति मौजूद रही। इस कार्यशाला मे विभिन्न कॉलेजों से 50 शिक्षकों ने भाग लिया। डॉ. एमएस आशावत ने कहा कि शिक्षा प्रणाली के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सबसे अहम हैं। कार्यशाला के पहले सेशन में डॉ. एनएन शर्मा ने टाइम एंड स्ट्रेसस मैनेजमेंट के बारे में जानकारी दी।



लॉरेट संस्थान में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया।

उन्होंने कहा संकाय विकास कार्यक्रम शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एफडीपी शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों, शोध के तरीकों, और शैक्षिक नीतियों से अवगत कराते हैं, जिससे वे अधिक प्रभावी शिक्षक बन सकते हैं। उन्होंने कहा अपने सभी कार्यों को सूचीबद्ध करें और उन्हें प्राथमिकता के अनुसार व्यवस्थित करें, जिससे समय की बर्बादी कम हो और आप महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

इस दौरान डॉ. विश्व मोहन ने 21वीं सदी की शिक्षा के तरीकों को शिक्षकों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा 21वीं सदी के तरीके, जैसे परियोजना-आधारित शिक्षण, पूछताछ-आधारित गतिविधियों, और तकनीक का उपयोग, छात्रों को विषय के साथ अधिक जुड़ाव प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा छात्रों का जीवन संभारने बाले शिक्षक को हमेशा अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से 22.64 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना जुब्बल के अंतर्गत डिटेक्शन सैल रोहड़ू ने सोमवार रात्रि को अंटी के नजदीक छाजपुर कैंची पर एक युवक से 22.64 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार युवक की पहचान अनिल कुमार (39) निवासी तहसील जुब्बल के रुप में हुई है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

### ईशान का छात्र खेल प्रशिक्षण के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** हिमालयन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रोहड़ू के छात्र ईशान झगटा ने अपनी कड़ी मेहनत से अपने हुनर का लोहा मनवाया है। ईशान झगटा की कड़ी मेहनत व कोच अंचल शर्मा के कुशल प्रशिक्षण के चलते उसका चयन वॉलीबाल छात्र खेल प्रशिक्षण मतियाना के लिए हुआ है। ईशान जगटा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक दिनेश शर्मा, प्रधानाचार्य रंजू शर्मा व समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं ईशान झगटा की कड़ी मेहनत व कोच अंचल शर्मा के कुशल प्रशिक्षण की सराहना की है। स्कूल की प्रधानाचार्य रंजू शर्मा व चेयरमैन दिनेश शर्मा, एडमिन नगेंद्र लूटा, जगदेव चौहान, दिनेश शर्मा, पवन सुर्याण, बलवंत शर्मा, पृथ्वी राज नेगी, स्वीटी शर्मा, वंदना शर्मा, सुरुचि शर्मा, दिव्या ठाकुर, निधि चौहान, पूजा, पूजा ठाकुर, कुलदीप, मधु दत्ता, हितम्वदा राणा, आंचल शर्मा, अजय शर्मा, वनिता चौहान, रविकांता ,अंकिता शर्मा, पूजा कल्याण, नितिका राठौर, श्रुति शर्मा व सभी अध्यापकों ने इस उपलब्धी पर ईशान को बधाई दी है।

### 15वीं ग्लोबल कॉन्फ्रेंस कल से शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** देश और विदेश के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ, कार्डियोवास्कुलर व थोरेसिक सर्जन, और डॉक्टर 5 जून से शुरू हो रही तीन दिवसीय 15वीं वार्षिक कार्डियोमर्सन ग्लोबल कॉन्फ्रेंस 2025 में हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में अमेरिका, कनाडा, जापान और ब्रिटेन सहित 25 देशों के 112 वक्ता शामिल होंगे। कार्डियोमर्सन की स्थापना 2011 में डॉ. दीपक पुरी (मैक्स अस्पताल, मोहाली में सीटीवीएस के वरिष्ठ निदेशक) ने की थी, जिसका मकसद व्यापक कार्डियक केयर के लिए एकीकृत दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। इस साल यह कॉन्फ्रेंस हाइब्रिड मॉडल पर होगी, जिसमें विदेशी प्रतिभागी रोम में और भारतीय प्रतिभागी चंडीगढ़ में ऑनलाइन इकट्ठा होकर हृदय संबंधी देखभाल के नवीनतम अपडेट पर चर्चा करेंगे। शिमला से संबंधित डॉ. पुरी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में व्यावहारिक सत्र, विशेषज्ञ चर्चाएं और दुनिया भर के विशेषज्ञों के बीच विचारों का आदान-प्रदान होगा, जिसका मुख्य जोर उन्नत तकनीकों और कौशल को साझा करना है। इस दौरान हृदय रोगों के प्रबंधन में नवीनतम प्रगति और नवाचारों पर भी चर्चा की जाएगी। 6 जून को डॉ. दीपक पुरी और उनकी टीम द्वारा बनाई गई पुरस्कार विजेता लघु फिल्म 'रखिए दिल का ख्याल दिल से' भी रिलीज की जाएगी।

### महेश राथटा दूसरी बार बने एसएमसी अध्यक्ष

**सपना सूद, अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिक्करी नेवल की विद्यालय प्रबंधन समिति की एक बैठक विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य जय लाल हरजेट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एक सौ से अधिक अभिभावकों ने भाग लिया। इस मौके पर पूर्व कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के चलते समिति के अध्यक्ष महेश राथटा ने कार्यकारिणी को भंग किया और नई कार्यकारिणी के चयन की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से महेश राथटा को पुनः कार्यकारिणी की बागडोर सौंपी गई, जबकि अभिभावक वर्ग की तरफ से कार्यकारिणि में सुनीता, सीतादेवी, बनिता, राजेंद्र सिंह, दीवान सिंह बरसाटा व भोप सिंह, बबिता, सरोज, राजेश्वर सिंह महेश, विनता देवी, रमेश अजटा, रणु राम व दलीप सिंह तथा शिक्षक वर्ग की तरफ से प्रधानाचार्य जय लाल हरजेट, कंवर सिंह गजटा, हरीश कांटा, सुरेंद्र सिंह, गीता चौहान व स्वर्णा चौहान को सदस्य मनोनीत किया गया। नई कार्यकारिणि के गठन से पूर्व विद्यालय में चल रहे विकासात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई और विद्यालय में अध्ययरत छात्रों के लिए छात्र डायरी, पहचान पत्र, सुन्दर पोशाक लगाने के लिए कार्यवाहक प्रधानाचार्य व तमाम शिक्षकों के प्रयासों की व्यापक प्रशंसा की गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य जयलाल हरजेट ने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चे हमारे देश के कर्णधार होते है यही हमारे देश का भविष्य का निमार्ण करेंगें, इन्ही के बलिष्ठ कयों पर देश निर्भर करता है।

## सेंट थॉमस स्कूल शिमला ने अपनी स्थापना के 100 गौरवशाली वर्ष किए पूरे

# संस्थान ने शिक्षा व सेवा के क्षेत्र में एक सदी तक दिया बेहतर योगदान : कुलदीप

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** सेंट थॉमस स्कूल शिमला ने अपनी स्थापना के 100 गौरवशाली वर्ष पूरे किए। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम 'नव नभ निर्माण' में हिमाचल विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने स्कूल के इस उत्कृष्ट सफर के लिए सभी छात्रों और अध्यापकों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सेंट थॉमस स्कूल ने शिक्षा, चरित्र निर्माण और सेवा के क्षेत्र में एक सदी तक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान समय की कसौटी पर खरा उतरा है और इसने ज्ञान, अनुशासन तथा मूल्यों के माध्यम से अनगिनत पीढ़ियों को समाज में सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाया है। पठानिया ने स्कूल के संस्थापकों की दूरदर्शिता, शिक्षकों की निष्ठा और छात्रों व पूर्व छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की, जिन्होंने मिलकर इस अद्वितीय विरासत को आकार दिया है। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'नव नभ निर्माण' था, जिसका अर्थ है एक नए आकाश का निर्माण।



### सभी एकजुटता से लक्ष्य को करें हासिल

**पठानिया** ने कहा कि यह बच्चों को भविष्य की कल्पनाओं, योजनाओं के समाधान और लक्ष्य प्राप्ति की ओर प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी एकजुटता से इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे।

### विस अध्यक्ष को स्कूल की विभिन्न गतिविधियों से करवाया अवगत

**इससे** पहले, सेंट थॉमस स्कूल की प्रधानाचार्य विद्युप्रिया चक्रवर्ती ने मुख्य अतिथि विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया का स्वागत किया और उन्हें स्कूल की विभिन्न गतिविधियों व इसके गौरवमयी इतिहास से अवगत कराया। कार्यक्रम में एक आकर्षक लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से स्कूल के इतिहास, प्रमुख उपलब्धियों व विभिन्न गतिविधियों को भी दर्शाया गया।

# प्रवासी मजदूरों की नियुक्ति से पहले पुलिस में सत्यापन जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- जिला दंडाधिकारी ने आपातकालीन उपाय के तौर पर जारी किए आदेश

**जिला** प्रशासन ने शिमला में कार्य करने आने वाले प्रवासी मजदूरों के लिए पहचान और सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत यह आदेश आपातकालीन उपाय के तौर पर जारी किए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी दो माह तक प्रभावी रहेंगे।

जारी आदेशों के अनुसार अब कोई भी नियोक्ता, ठेकेदार या व्यापारी शिमला जिले में आने वाले किसी भी प्रवासी मजदूर को तब तक किसी भी प्रकार की सेवा, छोटी-मोटी नौकरी या अनुबंध श्रम में नियुक्त नहीं करेगा, जब तक वह मजदूर संबंधित पुलिस स्टेशन में जाकर स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) के समक्ष अपनी पहचान प्रस्तुत नहीं करता। पहचान के लिए प्रवासी मजदूर को पासपोर्ट साइज फोटो के साथ अपना व्यक्तिगत विवरण देना अनिवार्य होगा।

सिर्फ नियोक्ता ही नहीं, बल्कि कोई भी प्रवासी व्यक्ति जो शिमला में स्व-रोजगार, अस्थायी व्यापार, सेवाएं या रोजगार की तलाश में है, उसे पहले नजदीकी थाने में सूचना देनी होगी। बिना पुलिस को जानकारी दिए कार्य प्रारंभ करने वाले प्रवासी श्रमिकों और उन्हें रोजगार देने वाले नियोक्ताओं पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि यह निर्णय शहर की सुरक्षा व कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एहतियातन उठाया गया है। विशेषकर हालिया घटनाओं और बाहरी व्यक्तियों की गतिविधियों को लेकर बढ़ती सतर्कता के मद्देनज़र यह कदम आवश्यक समझा गया। जिला दंडाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आदेश का उद्देश्य किसी के रोजगार के अधिकार को बाधित करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि शहर में आने वाले व्यक्ति की पहचान व पृष्ठभूमि प्रशासन के पास दर्ज हो।

# शिक्षकों व कर्मचारियों को दिया जाए चार फीसदी महंगाई भत्ता

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

- प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने सीएम सुक्खू से की मांग

**रोहड़ू।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि शिक्षकों व कर्मचारियों को 1 जुलाई, 2023 से देय 4 फीसदी महंगाई भत्ता (डीए) दिया जाए। संघ के राज्य अध्यक्ष अजय नेगी ने कहा कि सीएम सुक्खू ने बजट में प्रदेश के शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को 3 फीसदी डीए देने की जो घोषणा की है वह कहीं भी तर्कसंगत नहीं है। क्योंकि कर्मचारियों का 4 फीसदी डीए 1 जुलाई, 2023 से देय है। अजय नेगी ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि कर्मचारियों को 3 फीसदी की जगह 4 फीसदी डीए देकर बजट में की गई घोषणा को शीघ्र अति शिघ्र अमलीजामा पहनाया जाए।

संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र पुंडीर, कार्यकारी अध्यक्ष दीप सिंह खन्ना, राज्य अध्यक्ष अजय नेगी एवं राज्य महासचिव इंद्र सिंह व मुख्य प्रेस सचिव जय राम शर्मा ने जारी एक संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि राज्य सरकार को कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए 3 फीसदी के बजाए 1 जुलाई 2023 से 4 फीसदी डीए बढ़ोतरी देनी चाहिए।

मुख्य प्रेस सचिव जय राम शर्मा ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर विभिन्न जिलों के अध्यक्षों ने भी एक स्वर में आवाज़ बुलंद की है। जिला बिलासपुर के अध्यक्ष नरेश ठाकुर, जिला कुल्लू के अध्यक्ष राज पाल ठाकुर, मंडी के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, जिला ऊना के अध्यक्ष शशि सैनी, जिला सोलन के अध्यक्ष जिया लाल , जिला कांगडा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, जिला हमीरपुर के अध्यक्ष गौतम सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी राज्य सरकार से मांग की है कि लंबित डीए का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए। जय राम शर्मा ने बताया कि संघ के अध्यक्ष अजय नेगी ने कहा कि सरकार को इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक कदम उठाने चाहिए।

### शिमला में 5 जून को होगी कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश भाजपा ने आगामी कार्यक्रमों का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। भाजपा आने वाले दिनों में विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल सहित कई महत्वपूर्ण आयोजनों की तैयारी में है। इन आयोजनों में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और 25 जून को आपातकाल के 50वें वर्ष जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने बताया कि इन कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने दो अलग-अलग समितियों का गठन किया है। विश्व पर्यावरण दिवस, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और आपातकाल से संबंधित कार्यक्रमों के लिए त्रिलोक कपूर को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न संसदीय क्षेत्रों के लिए सह-संयोजक भी नियुक्त किए गए हैं।

# अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव : हास्य कवियों व स्थानीय कलाकारों के नाम रही दूसरी सांस्कृतिक संध्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अंतरराष्ट्रीय** ग्रीष्मोत्सव शिमला 2025 की दूसरी सांस्कृतिक संध्या हास्य कवि सम्मेलन व स्थानीय कलाकारों के नाम रही। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जहां उन्होंने सभी कवियों और कलाकारों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर शिमला शहरी विधायक हरीश जनारथा, विभिन्न पार्षदगण, आर्मी कमांडर देवेंद्र शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उपायुक्त एवं अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला आयोजन समिति के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत और सम्मान किया। दूसरी संध्या का मुख्य आकर्षण हास्य कवि सम्मेलन था, जिसमें प्रख्यात हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा, अरुण जैमिनी, चिराग जैन, शंभु चौधरी, वेद प्रकाश और डॉ. सीता सागर ने अपनी कविताओं से दर्शकों को लोटपोट कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का खूब मनोरंजन किया।

कवि सम्मेलन के अतिरिक्त, विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढली, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मशोबरा, मोनाल पब्लिक स्कूल संजौली और क्रिसेंट स्कूल टुटू के विद्यार्थियों ने सुंदर प्रस्तुतियां दीं।



### स्थानीय पहाड़ी गायकों ने खूब समां बांधा

**स्थानीय** पहाड़ी गायकों ने अपनी मधुर आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नीरज शर्मा, पार्थ सिरटा, अंजली शर्मा, ऋषभ सल्होत्रा, शालू धीमान, तनुजा चौहान, नरेश भारद्वाज और दीपक चौहान ने अपने गीतों से खूब समां बांधा और श्रोताओं ने इसका भरपूर आनंद लिया। अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला 2025 की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्यातिथि रहे। इस संध्या में हिमाचली कलाकार में शुमार हेमंत शर्मा, गीता भारद्वाज और हनी नेगी ने अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों को मंत्र मंत्र मुग्ध किया।

### बद्दी यूनिवर्सिटी में रेडियोलॉजी और बीएमएलटी के नए कोर्स होंगे शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बद्दी यूनिवर्सिटी ऑफ एमरजिंग साइंसेज छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए लगातार शैक्षणिक नवाचार की दिशा में अग्रसर है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के फार्मेसी अधिष्ठाता डॉ. रवीनेश मिश्रा ने बिलासपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी दी कि यूनिवर्सिटी जल्द ही रेडियोलॉजी और बीएमएलटी (बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी) जैसे दो नए कोर्स शुरू करने जा रही है। यह कदम पैरामेडिकल सेक्टर में बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय में पहले से ही इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, फार्मेसी, प्रबंधन, कृषि, बेसिक साइंसेज, नर्सिंग और पैरामेडिकल जैसे क्षेत्रों में स्नातक और परास्नातक स्तर के कोर्स उपलब्ध हैं। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बद्दी यूनिवर्सिटी छात्रों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री रेडी स्किल्स प्रदान करती है। विश्वविद्यालय में डिजिटल कक्षाएं, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, आइडिया फैक्टरी जैसी इनोवेशन लैब्स, औद्योगिक भ्रमण तथा विषय विशेषज्ञों की ओर से व्याख्यान की व्यवस्था है, जिससे छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान और रोजगार के लिए तैयार किया जाता है। उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड पर बात करते हुए डॉ. मिश्रा ने बताया कि यूनिवर्सिटी से पास आउट छात्रों को अधिकतम 18 लाख रुपए वार्षिक तक का पैकेज प्राप्त हुआ है, जबकि औसत पैकेज 5 से 6 लाख रुपए प्रति वर्ष रहा है, जो कि हिमाचल प्रदेश क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों के बीच एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

- फार्मेसी अधिष्ठाता डॉ. रवीनेश मिश्रा ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी

# बिलासपुर में मेगा मॉकड्रिल की तैयारियां पूरी : डीसी

कहा- 6 जून को होगी मॉकड्रिल, सचेत ऐप करें डाउनलोड, पाएं आपातकालीन अलर्ट और जरूरी सूचनाएं



राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से वर्चुअल माध्यम से आयोजित टेबल टॉप एक्सरसाइज में डीसी ने भाग लिया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** जिले में 6 जून को राज्य व्यापी भूकंप मेगा मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। डीसी राहुल कुमार ने बताया कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस अभ्यास को आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से वर्चुअल माध्यम से आयोजित टेबल टॉप एक्सरसाइज में भाग लेने के बाद बताया कि जिले में मॉकड्रिल की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अभ्यास के लिए संचार प्रणाली, स्टेजिंग एरिया, राहत शिविर, चिकित्सा सहायता, वालंटियर टीमों की तैनाती तथा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति जैसी सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिला मुख्यालय बिलासपुर में मुख्य स्टेजिंग एरिया स्थापित किया गया है, जहां से सभी गतिविधियों का संचालन और समन्वय किया जाएगा। मॉकड्रिल के दौरान आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली, राहत एवं बचाव कार्यों की त्वरितता और उपलब्ध संसाधनों की व्यावहारिक जांच की जाएगी। सिमुलेशन अभ्यास के लिए जिले में एनटीपीसी कोलडैम, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बाजार क्षेत्र, श्री नयना देवी मंदिर परिसर, सिविल अस्पताल बिलासपुर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर तथा राजकीय महाविद्यालय को चिन्हित किया गया है। इन सभी स्थलों पर अभ्यास के दौरान टीमें तैनात रहेंगी और वास्तविक आपदा जैसी स्थिति का अभ्यास किया जाएगा। सभी उपमंडलों में भी स्थानीय स्तर पर स्टेजिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

उपायुक्त ने सचेत ऐप की उपयोगिता पर भी जोर दिया। यह ऐप उपयोगकर्ताओं को भूकंप, बाढ़, आग जैसी आपदाओं से जुड़े समय-समय पर अलर्ट और जरूरी सूचना प्रदान करता है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे सचेत ऐप अवश्य डाउनलोड करें और आपदा के समय इसका सही उपयोग कर अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### बिलासपुर के कोठीपुरा युवक से चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पुलिस थाना सदर की टीम ने कोठीपुरा क्षेत्र में गश्त के दौरान एक युवक से चिट्टा बरामद किया है। आरोपी की पहचान 32 वर्षीय कमलेश कुमार निवासी गांव आशामजारी डाकघर जुखाला तहसील सदर जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। सोमवार को सहायक उपनिरीक्षक सरोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस दल नालू निकट एम्स कोठीपुरा में गश्त कर रहा था।

इसी दौरान पुलिस ने आरोपी को वहां पर संदिग्ध परिस्थिति में घूमते हुए देखा। पुलिस ने शक के आधार पर उसकी तलाशी ली, तो उससे 23 मिलीग्राम चिट्टा बरामद किया। एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया गया है। आम जनता से अपील की है कि नशे के व्यापार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

### तलवाड़ गांव की सपना बनी भारतीय वन सेवा अधिकारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** केंद्रीय लोक सेवा आयोग की ओर से भारतीय वन सेवा में चयनित बिलासपुर शहर के साथ लगते तलवाड गांव की सपना चंदेल पुत्री रविंद्र चंदेल का घर पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया। सपना चंदेल के पिता पूर्व सैनिक हैं व माता गृहिणी है। सपना चंदेल ने अपनी स्नातक व स्नातकोतर की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से की है। सपना चंदेल ने कहा कि उन्होंने इस परीक्षा की तैयारी के लिए शुरू में एक बार कोचिंग ली थी, लेकिन बाद में स्वयं अपने पूर्ण विश्वास पर तैयारी की। उन्होंने लगातार चौथे प्रयास में भारतीय वन सेवा की परीक्षा को उर्तीण करने में सफलता मिली।

### दधोल में राहगीरों के लिए लगाई छबील




**अनंत ज्ञान, दधोल।** दधोल गांव के लोगों ने मंगलवार को एनएच-103 के किनारे राहगीरों के लिए ठंडे मीठे पानी और ताजे फलों की छबील लगाई। यात्रा के दौरान धूप और गर्मी से परेशान राहगीरों के लिए यह छबील किसी संजीवनी से कम नहीं रही। पानी और फल वितरण का कार्य न सिर्फ राहगीरों को राहत देने वाला था, बल्कि यह सामाजिक सहयोग और एकता का भी उदाहरण बना। इस पुण्य कार्य में पवन शर्मा (शक्ति), किशोरी लाल, चंद्र शेखर, सुरेश कुमार, विश्वजीत शर्मा, विनोद कुमार, अश्वनी बजाज, रूपेंद्र शर्मा, राज कुमार, राम चंद्र शर्मा सहित गांव के बच्चों ने भी भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# झंडूता में इकट्ठा किया सिंगल यूज प्लास्टिक




झंडूता उपमंडल के विकास खंड कार्यालय में सफाई अभियान का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**पर्यावरण** संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए झंडूता उपमंडल के विकास खंड कार्यालय में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व विकास खंड अधिकारी संजीव पुरी ने किया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और क्षेत्र को प्लास्टिक कचरे से मुक्त करना था। विकास खंड कार्यालय परिसर से लेकर झंडूता पंचायत तक के क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र किया गया। स्टाफ ने सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा इकट्ठा किया। संजीव पुरी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि यह हमारे जल स्रोतों, मिट्टी और समग्र पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुंचाता है। इस तरह के अभियान न सिर्फ स्वच्छता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी पैदा करते हैं। इस दौरान विकास खंड झंडूता कार्यलय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति ने जताया भाखड़ा बोर्ड की बुर्जियां लगाने पर ऐतराज

कहा- कर्मचारी मनमर्जी से लगा रहे बुर्जियां, राजस्व कर्मी भी नहीं साथ में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**कल्लर** में जिला ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति की बैठक अध्यक्ष एवं औहर पंचायत के पूर्व प्रधान देशराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड की ओर से लगाई जा रही बुर्जियों को लेकर कड़ा ऐतराज जाहिर किया गया।

देशराज ने बताया कि भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के कर्मचारी मौजूदा समय अपनी जमीन को लेकर बुर्जियां लगा रहे हैं, लेकिन बुर्जियां लगाते समय वह न तो इसकी सूचना स्थानीय लोगों व साथ लगती जमीनों के मालिकों को दे रहे हैं। आरोप लगाया कि कर्मचारी मनमर्जी से बुर्जियां लगा रहे हैं। कुछ स्थानों पर तो उन्होंने लोगों की भूमि में ही बुर्जियां लगा दी हैं। इससे संबंधित जमीन मालिक परेशान हो गए हैं। अपनी जमीन पूरी करने के लिए न तो संबंधित कर्मचारी नाप-नपाई कर रहे हैं और न ही उनके साथ कोई राजस्व विभाग का कर्मचारी है। उन्होंने कहा कि पहले जो बुर्जियां 10 फुट नीचे थी, उन्हें अब मलकीयत भूमि में लगा दिया है। कल्लर, भजवाणी, ऋषिकेश, बल्ह-बलवाणा व तलवाड़ में बुर्जियां लगाई जा चुकी हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट को बुर्जियां लगाने से पहले स्थानीय लोगों को सूचना देने के निर्देश दिए जाएं तथा संबंधित बुर्जियों को राजस्व विभाग के कर्मचारी के साथ मिलकर लगवाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा न किया गया तो विस्थापितों को संघर्ष करने पर मजबूर होना पड़ेगा। इस अवसर पर सुभाष ठाकुर, प्रेमलाल, चेतराम, जगदीश, रतनलाल, प्रेम कुमार, रामस्वरूप, मदन लाल, किशोरी लाल, काली दास, रतन लाल, कुलदीप, कृष्ण दयाल, कश्मीर सिंह व निक्का राम आदि मौजूद रहे।



भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति की बैठक के दौरान उपस्थित लोग।

# सलापड़ के मुकेश ने पंकज को हराकर जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बरमाणा** कस्बे में दंगल का आयोजन किया गया। दंगल का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं समाजसेवी राजेश ठाकुर ने किया। आयोजकों ने मुख्यातिथि राजेश को स्मृति चिन्ह व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस दंगल में केवल हिमाचल के ही पहलवानों को ही तरजीह दी गई। आयोजक रतन ठाकुर ने बताया कि बड़ी माली का मुकाबला सलापड़ के पहलवान मुकेश कुमार और मंडी के पंकज के मध्य हुआ।

मुकेश ने पंकज को हराकर बड़ी माली का खिताब अपने नाम किया। विजेता पहलवान को गुर्ज और 14 हजार रुपए तथा उपविजेता पहलवान को 13 हजार रूपए की राशि इनाम के तौर पर दी गई। छोटी माली में लक्ष्य पहलवान ने भारत भूषण को हराया। विजेता को 7100 रुपए और उपविजेता को 6100 रुपए की राशि इनाम के तौर पर दी गई। दंगल में बाल केसरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। मुख्यातिथि ने दंगल कमेटी को 11 हजार रुपए की राशि दी। वहीं, एसीसी अडाणी सीमेंट कंपनी की ओर से सीएसआर हेड हितेंद्र कपूर ने विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रधान राम पाल, रतन ठाकुर, होशियार सिंह, मनदीप सिंह, प्रदीप ठाकुर व रूप सिंह आदि ने अहम भूमिका निभाई।



दंगल का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं समाजसेवी राजेश ठाकुर।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएंडवी का जिलास्तरीय चुनाव कल

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** सीएंडवी के अध्यक्ष चतर सिंह ने कहा कि सीएंडवी संगठन की जिला स्तरीय चुनाव प्रक्रिया का अभियान जोर शोर से चला हुआ है। इसी के मद्देनजर जिला चंबा की चुनाव प्रक्रिया से संबंधित पिछले दिनों गूगल मीट के माध्यम से भी संपूर्ण जिले से सभी अध्यापक साथियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जोकि काबिले-तारीफ है। राज्य स्तरीय कार्यकारिणी से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक ने 5 जून शाम के साढ़े चार बजे का समय निर्धारित किया है। सभी साथियों से वार्ता के पश्चात जिला कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि पांच जून 2025 वीरवार शाम साढ़े चार बजे सभी खंडों के प्रतिनिधि सहित अन्य सभी अध्यापक वर्ग भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत में बढ़-चढ़ कर भाग लें।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ बनीखेत की बैठक 5 को

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ बनीखेत ब्लॉक की बैठक 5 तारीख को पी डब्लू डी विश्राम गृह बनीखेत में होगी। हिम आंचल संघ के प्रधान शिव कुमार कोड़ा ने कहा कि बैठक में ज्यादा से ज्यादा सदस्य हाजिर हो। क्योंकि सरकार हमारी समस्याओं को नहीं सुन रही है। इसके बारे में जरूरी बैठक है जोकि अध्यक्ष एमएल अरोड़ा की अध्यक्षता में की जाएगी।

### बाइक ने युवक को मारी टक्कर, दोनों घायल

**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** उपमंडल बल्ह के अंतर्गत सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब रजनीश सोनी पुत्र गोपाल सिंह, निवासी गांव व डाकघर चांबी फोरलेन सड़क किनारे पैदल चलते हुए अपने दोस्त के ढाबे की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शी राजेंद्र कुमार ने पुलिस थाना बल्ह में दी शिकायत में बताया कि वह रात 11 बजे के करीब अपने ढाबे से कमरे की ओर जा रहा था, तभी मंडी की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक मोटरसाइकिल ने सड़क क्रॉस कर रहे रजनीश को टक्कर मार दी। रजनीश मौके पर ही बेहोश हो गया और मोटरसाइकिल चालक भी सड़क पर गिर पड़ा। राजेंद्र ने बताया कि घायल मोटरसाइकिल चालक उस वक्त बात करने की स्थिति में था। उसने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को एक राहगीर की मदद से गाड़ी में बैठाकर नेरचौक मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर के गांव लंगेहड़ के 23 वर्षीय युवक सुनील कुमार पुत्र स्व. सोहन सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल सरकाघाट लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया।अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है और मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

### किसानों को कृषि तकनीकों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कृषि विज्ञान केंद्र चंबा (केवीके) के तत्वावधान में जारी विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत विकास खंड चंबा, मैहला तथा तीसा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र चंबा के प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उन्नत बीजों के प्रयोग की जानकारी प्रदान करने के साथ फसल उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य और संसाधन प्रबंधन को सुधारने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की निरंतरता में सोमवार को विकासखंड चंबा के अंतर्गत सिंगी, भगवानपुर, सिद्धपुर गांव में स्वयं उनकी अध्यक्षता में केवीके से सहयोगी वैज्ञानिक डॉ. जया चौधरी के सहयोग से किसानों को जागरूक किया गया।

# चंबा में जानलेवा बने सूखे पेड़

## चौगान से कसाकड़ा मोहल्ला जाने वाले मार्ग पर कई पेड़ दे रहे हादसे को न्योता

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** जिले में सड़क के किनारे झुके, उखड़े, सूखे व असुरक्षित ढंग से खड़े पेड़ हैं, जो लोगों के लिए आफत बने हुए हैं। ऐसे में ये पेड़ कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं। सेवानिवृत्त वन रेंजर बलदेव सिंह ने कहा कि सोमवार दोपहर सरोल (चंबा से लगभग 4-6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित क्षेत्र) में हुई एक गंभीर घटना को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। इस हादसे में बारिश और तूफान की वजह से एक सूखा पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिससे एक कार पूरी तरह नष्ट हो गई। गनीमत रही कि इसमें कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। बलदेव सिंह ने चेताया कि चंबा के चौगान क्षेत्र से पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस होते हुए कसाकड़ा मोहल्ला जाने वाले मार्ग पर कई सूखे पेड़ खड़े हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं। यह रास्ता दो-व्हीलर, चार-व्हीलर और पैदल चलने वालों द्वारा नियमित रूप से उपयोग किया जाता है, जिससे यहां किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बरसात और तूफानों का मौसम चल रहा है, इन पेड़ों का गिरना किसी बड़ी जनहानि को जन्म दे सकता है।



### एक साल पहले वरिष्ठ नागरिकों के बैठने वाले स्थान पर भी टला था बड़ा हादसा: बलदेव सिंह

**बलदेव** सिंह ने यह भी बताया कि ठीक एक साल पहले चौगान के पास जहां वरिष्ठ नागरिक प्रतिदिन बैठते हैं, वहां लगभग 200 से 300 किलो वजनी टहनी अचानक टूटकर गिरी थी। सौभाग्य से उस दिन कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन उन्होंने चेताया कि किस्मत हर बार साथ नहीं देती। अब हमें चेत जाना चाहिए। बलदेव सिंह ने कहा कि सोमवार की घटना हमें यह सीख देती है कि सावधानी ही सुरक्षा है। यह वक्त है सतर्क होने का, ताकि आने वाले समय में कोई अप्रिय हादसा न हो।

### बारिश व तूफान ने बढ़ाया खतरा, मिंजर महोत्सव भी नजदीक

इस साल जुलाई में आयोजित होने वाला अंतराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव नजदीक है, जिसमें देश-विदेश से हजारों पर्यटक चंबा आने वाले हैं। इस मौके पर यदि ऐसे सूखे पेड़ों की अनदेखी की गई, तो किसी भी बड़े हादसे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### विभाग पहचान कर हटाया सूखे पेड़: उपायुक्त

**डीसी** मुकेश रेपसवाल चंबा ने कहा कि यह एक गंभीर चिंता का विषय है। हमने संबंधित विभागों को निर्देश दे दिए हैं कि ऐसे सभी सूखे और कमजोर पेड़ों की तत्काल पहचान कर उन्हें हटाया जाए, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो। साथ ही, जिन स्थानों पर पेड़ हटाए जाएंगे, वहां नए पौधे लगाए जाएंगे, जिससे पर्यावरण संतुलन भी बना रहे।



# 6 को होने वाली मॉक ड्रिल के लिए चंबा जिला पूरी तरह तैयार: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राज्य** आपदा प्रबंधन को लेकर एक बड़ा अभ्यास चंबा जिले में आयोजित होने जा रहा है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जानकारी दी कि 6 जून को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में प्रदेश में एक राज्य स्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य भूकंप जैसी भीषण आपदा की स्थिति में तैयारियों का आकलन और प्रशिक्षण है।

इस मॉक ड्रिल से पहले आज एक वर्चुअल टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की गई, जिसमें उपायुक्त मुकेश रेपसवाल एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया को सुनिश्चित करना है।

उपायुक्त ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान भरमौर, भटियात, सालूणी, चंबा, डलहौजी और पांगी उपमंडलों में भूस्खलन, भवन या पुलों के ढहने, आगजनी जैसी संभावित घटनाओं को आधार बनाकर राहत एवं बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा स्टैंजिंग एरिया सहित आपदा संभावित क्षेत्रों में सभी आवश्यक प्रबंधों को पुख्ता करने के निर्देश सभी संबंधित विभागों को जारी कर दिए गए हैं। इस मेगा अभ्यास में आपदा मित्र, एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस के स्वयंसेवकों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों और अर्धसैनिक बलों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

### टेबल टॉप एक्सरसाइज में ये रहे उपस्थित

**टेबल** टॉप एक्सरसाइज के दौरान अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर, जिला विकास अधिकारी ओमप्रकाश ठाकुर, जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह, होम गार्ड कमांडेंट कुशल चंद, अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार, जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता गौरव कुमार और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# एबीवीपी युवाओं के भीतर जगा रही राष्ट्रभक्ति, सेवा की अलख



एबीवीपी सदस्यता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा चलाया जा रहा विद्यालय सदस्यता अभियान न केवल संगठन विस्तार का माध्यम बन रहा है, बल्कि यह अभियान युवाओं के भीतर राष्ट्रभक्ति, सेवा और नेतृत्व की अलख भी जगा रहा है। परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अर्पित जरयाल ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत चंबा जिले के प्रत्येक विद्यालय में जोरदार सदस्यता अभियान चलाया गया है, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भागीदारी की है। जरयाल ने बताया कि संपूर्ण जिले में हजारों छात्र-छात्राओं ने एबीवीपी की सदस्यता ग्रहण कर यह सिद्ध किया है कि आज का युवा न केवल जागरूक है, बल्कि राष्ट्र के लिए समर्पित भी है। परिषद केवल सदस्यता का माध्यम नहीं, बल्कि एक विचार है। जरयाल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का कार्य केवल सदस्यता तक सीमित नहीं है। हमारा उद्देश्य हर विद्यार्थी को राष्ट्रहित से जुड़े विचारों से जोड़ना, उन्हें नेतृत्व की दिशा में प्रशिक्षित करना और सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा एकत्रित सदस्यता शुल्क का सदुपयोग उन आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की मदद में किया जाता है जिनके लिए शिक्षा का खर्च उठाना कठिन होता है।

# वार्डों का पुनर्गठन प्रस्ताव जारी 9 तक दर्ज कर सकते हैं सुझाव

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा की नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों के वार्डों के पुनर्गठन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने जानकारी दी है कि नगर परिषद चंबा और डलहौजी, तथा नगर पंचायत बनीखेत और चुवाड़ी को नए सिरे से वार्डों में विभाजित करने के प्रस्तावों की सूचना जारी कर दी गई है।

इन प्रस्तावों के तहत प्रत्येक वार्ड की सीमाओं का निर्धारण भी किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि ये प्रस्ताव दिनांक 9 जून 2025 तक कार्यालय अवधि के दौरान उपायुक्त कार्यालय चंबा सहित संबंधित नगर परिषदों और नगर पंचायतों के कार्यालयों में आम जनता के निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी नागरिक को इन प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देना हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के भीतर निर्धारित प्रपत्र-2 में उपायुक्त चंबा को लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है। प्राप्त आपत्तियों व सुझावों पर विचार करते हुए ही प्रस्तावों को अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजन से आग्रह किया है कि वे अपने बहुमूल्य सुझाव और विचार समयसीमा के भीतर प्रस्तुत करें ताकि प्रस्ताव अधिक व्यावहारिक और जनहितैषी रूप में अंतिम रूप ले सकें।

# 2 किलो 532 ग्राम चरस सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**पुलिस** की उपमंडलीय एसआईयू टीम ने नाके के दौरान कार सवार आरोपी को 2 किलो 532 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुंदरनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपी युवक को आगामी कार्रवाई के लिए थाना के हवाले कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार एसआईयू टीम ने एएसआई दौलत राम के नेतृत्व में जिसमें मुख्य आरक्षी हंसराज, आरक्षी कुलदीप, सतीश व उपेश राणा शामिल रहे ने सुंदरनगर के जड़ोल में फोरलेन पर नाका लगा रखा था और मंडी से बिलासपुर व बिलासपुर से मंडी की ओर आने जाने वाली गाड़ियों की तलाशी की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने मंडी की ओर से आ रही एक कार पीबी-11-सीएस 9732 को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार की डिक्की के अंदर लिफाफे में पांच पैकेट बरामद किए। जिसकी जांच करने पर उसमें चरस पाई गई। इसका वजन करने पर उसका वजन 2 किलो 532 ग्राम पाया गया। इस पर पुलिस ने आरोपी कार सवार राम कुमार सुपुत्र प्रकाश सिंह निवासी अलकपूरी समाधा हीरा महल तहसील नाभा जिला पटियाला को गिरफ्तार और कार को कब्जे में ले लिया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।



# नेरवा में कार से 18 पेटी अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** नेरवा पुलिस ने नेरवा बाजार में एक कार से 18 पेटी अवैध देसी शराब बरामद की है । जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने एक सूचना के आधार पर पुराना बस स्टैंड के समीप आल्टो कार संख्या एचपी 08 ऐ/5456 से संतरा नम्बर वन की 18 पेटी ( 216 बोतल )अवैध शराब बरामद की है । पुलिस ने थियारा निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ नेरवा थाना में आबकारी अधिनियम की धारा 39 ( 1 ) ऐ के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है । डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है ।

# ओपीएस को छोड़कर किसी अन्य योजना की बात करना ही व्यर्थ: संजीव गुलेरिया

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान**

**भटियात।** न्यू पेंशन स्कीम दस वर्ष से कम रिटायर्ड कर्मचारी-अधिकारी वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजीव गुलेरिया कहा कि ओपीएस को छोड़कर किसी अन्य योजना की बात करना ही व्यर्थ है और इन्हें नजरअंदाज किया जाना चाहिए। सरकार ने ओपीएस को खत्म कर दिया और एनपीएस को शुरू किया ताकि क्षति नियंत्रण किया जा सके। फिर जब ओपीएस लोकसभा चुनावों का मुद्दा बन गया, तो सरकार ने ओपीएस की आवाज दबाने और लोगों को भ्रमित करने के लिए यूपीएस नाम की एक और योजना ले आई।

डॉक्टर संजीव गुलेरिया ने कहा कि सरकारी नौकरियां देश की कुल जनसंख्या का केवल लगभग 2 प्रतिशत ही हैं, इसलिए यह विषय न तो सार्वजनिक हित का है और न ही जनता को यह विषय पसंद है।



जब ओपीएस को खत्म किया गया, तो एनपीएस शुरू की गई, जिसमें सरकार कर्मचारी के मूल वेतन और महंगाई भत्ते का 10 प्रतिशत लेती है और सेवानिवृत्ति के समय शेयर बाजार की स्थिति के अनुसार पेंशन तय करती है। यह पूरी तरह कर्मचारी की किस्मत पर निर्भर करता है कि उस समय बाजार की स्थिति कैसी हो। आज जैसे माहौल में युद्ध, अन्य देशों की नीतियां जैसे कई जोखिम बने रहते हैं।

गुलेरिया ने कहा कि अब सभी कर्मचारी इस पर सवाल उठाने लगे हैं और पुरानी पेंशन योजना की मांग बढ़ने लगी तो यह विषय लोकसभा चुनावों का हिस्सा बन गया, चुनावों में भाजपा सरकार को भारी नुकसान हुआ, तो सरकार ने सोच-विचार कर एक नई योजना यूपीएस लेकर आ गई ताकि कर्मचारियों अधिकारियों में भ्रम बना रहे। गुलेद्धरया ने कहा कि सभी सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस के अलावा किसी अन्य योजना जैसे कि एनपीएस या यूपीएस को स्वीकार नहीं करना चाहिए। हमें ओपीएस के लिए मजबूती से खड़ा होना होगा।

### सूडोकु नवताल- 7450

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7449 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर नाके के दौरान दो युवक चिट्टे सहित गिरफ्तार



कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर चिट्टे सहित पकड़े युवक पुलिस टीम के साथ।

**उमेश, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** पुलिस की उपमंडलीय एसआईयू टीम सुंदरनगर ने नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार सुबह दो युवकों को 16 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी जड़ोल में किरतपुर-मनाली फोरलेन पर विशेष चेकिंग अभियान के दौरान हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह एसआईयू टीम ने जड़ोल में किरतपुर-मनाली फोरलेन पर नाका लगाया हुआ था। इसी दौरान बिलासपुर की ओर से आ रही एक आल्टो कार को जांच के लिए रोका गया। कार में दो युवक सवार थे। जब पुलिस ने सामान्य पूछताछ शुरू की तो दोनों युवक घबरा गए और घर में जरूरी काम का हवाला देते हुए जल्द जाने की बात कहने लगे। युवकों की घबराहट ने पुलिस को शक की ओर इशारा किया, जिसके बाद गाड़ी और व्यक्तियों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार के डैशबोर्ड से प्लास्टिक का एक पैकेट बरामद किया। पैकेट को खोलने पर उसमें दो छोटे-छोटे पैकेट और पाए गए। जब पुलिस ने इन्हें खोला तो उनमें चिट्टा पाया गया। मौके पर ही पुलिस ने उसका वजन किया, जो 16 ग्राम निकला।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान दीवान चंद (22) पुत्र गोवर्धन सिंह निवासी गांव कुरानी तहसील बगस्याड़ और निशांत कुमार (20) पुत्र पूर्ण चंद निवासी गांव मुशाला तहसील थुनाग जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ थाना सुंदरनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगामी कार्रवाई के लिए उन्हें थाना सुंदरनगर के सुपुर्द कर दिया गया है।

# सरकाघाट में शवगृह के बाहर परिजनों और पुलिस स्टाफ के लिए बैठने की नहीं व्यवस्था

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज, रणजीत सिंह, महासचिव-अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा, खंड सरकाघाट तथा प्रताप ठाकुर, प्रधान ग्राम पंचायत बाग ने उपमंडल अधिकारी व तहसीलदार को ज्ञापन दे कर मांग की है, कि संबंधित प्रशासन, नागरिक अस्पताल, सरकाघाट में शवगृह के बाहर बैठने के लिए बैंच लगवाएं और स्ट्रीट लाइट लगवाएं।

गौरतलब है कि शवगृह के बार बैठने की व्यवस्था न होने से परिजनों व पुलिस स्टाफ को पोस्टमार्टम के दौरान 5 से 6 घंटों तक खड़े हो कर, शव को प्राप्त करने का इंतजार करना पड़ता हैं।



शवगृह के बाहर बैठने की व्यवस्था न होने पर शवगृह के बार खड़े पुलिसकर्मी व अन्य।

अनंत Classifieds

## नाम परिवर्तन

**मैं, भिंदर पाल,** पुत्र श्री भिखी राम, निवासी गांव- गुलई, डाकघर- भरारी, तहसील- होली, जिला- चंबा, हिमाचल प्रदेश-176309, घोषणा करता हूं कि मेरी बेटी का नाम वर्तमान में नेंसी (NANSI), लिखा हुआ है, जो कि गलत है। तथा सही नाम "नैंसी देवी (NANCY DEVI)" रखना है,। सभी संबंधित को सूचित किया जाता है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बीणा, विकास खंड सुन्दर नगर, जिला मण्डी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

बैठक में अध्यक्ष महोदय जी ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत बीणा विकास खण्ड सुन्दर नगर जिला मण्डी (हि.प्र.) द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये विभिन्न विकास कार्यो के निषपादन हेतू अधिकृत निविदाताओं से मोहर बंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदाएं समाचार पत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दिनांक 06-06-2025 सांय 4:00 बजे तक डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप में पंचायत कार्यालय बीणा में पहुंच जानी चाहिए। उसके बाद किसी भी फर्म की निविदा मान्य नहीं होगी। अतः पंचायत की अगामी विशेष बैठक दिनांक 09-06-2025 को निविदायें क्रय समिति व निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदाताओं के पास अपना GST NO व खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म का होना अति आवश्यक है। तथा छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। सामग्री कार्य स्थल सड़क तक पहुंचानी होगी। ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा। बिना कारण बताए निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत तथा चयन का अधिकार पंचायत के पास रहेगा। सामग्री की आपूर्ति पूरी तरह से न होने पर निविदा रद्द करने के लिये भी पंचायत स्वतंत्र होगी। पंचायत निम्न सामग्री के लिये निविदा मांग करती है। निविदायें उसी फर्म की स्वीकार की जायेगी जो नीचे लिखित सामग्री/सम्बंधित सामग्री विवरण अनुसार दर को भरेगा तथा जिसका सभी सामग्री का दर योग न्यूनतम आयेगा उसी फर्म को सामग्री सप्लाई हेतू पंचायत द्वारा अधिकृत व सप्लाई ऑर्डर किया जायेगा। दरों का उलेल्ख करते समय टैक्स सहित या अलावा का उल्लेख करना भी आवश्यक है। मनरेगा व अन्य विकास कार्य के सामग्री बिलों का भुगतान कनिष्ठ अभियन्ता व तकनीकी सहायक के मूल्यांकन उपरान्त तथा केन्द्रीय राज्य से बजट प्राप्त होने पर ही किया जायेगा। साथ में ध्यान हल्फी भी पंचायत कार्यालय में जमा करवाना होगा। **सामग्री विवरण:-** 1. रेत (प्रति घन मीटर), 2. बजरी (प्रति घन मीटर) 3. रेत क्रशर (प्रति घन मीटर) 4. बजरी क्रशर (प्रति घन मीटर) 5. सोलिंग/बोल्डर (प्रति घन मीटर) 6. कट स्टोन (प्रति घन मीटर) 7. ईंट (प्रति हजार) 8. मीटिंग हॉल के लिए साऊंड सिस्टम (इलैक्ट्रिकल) 9. लोहे की ग्रील व पाईप (प्रति किलो) 10. लकड़ी के खिड़कियां और दरबाजे (प्रति फुट) 11. दरबाजे और खिड़कियों के पर्दे (प्रति पीस) 12. दीवार एवं फ्लोर की टाईल (प्रति फुट) 13. जेसीबी मशीन द्वारा कटान (प्रति घंटा) 14. शटरिंग किराए पर (प्रति वर्ग मीटर) 15. सीमेंट लोडिंग/अनलोडिंग व ढुलाई एचपीएससी सुंदरनगर से कार्यस्थल तक (प्रति बैग) 16. दीवार लेखन या साईन बोर्ड (प्रति सूचना पट्ट) 17. मिक्कर मशीन (प्रति घंटा) 18. पीवीसी पाईप साईज 2ईंच, 4ईंच, 6ईंच (प्रति साईज) 19. स्टील, सरिया (प्रति किलो) 20. स्टेशनरी (प्रति आईटम) 21. पीवीसी दीवार पेंटिंग (प्रति वर्ग मीटर) 22. फर्नीचर कान्फ्रेंस टेबल, ऑफिस टेबल, रिवॉल्विंग कुर्सी एवं अन्य कुर्सियां आदि (प्रति आईटम) 23. पानी का टैंकर (प्रति टैंक) 24. जेसीबी ब्रेकर (प्रति) जिस भी फर्म की निविदा कमेटी द्वारा पास की जायेगी। उन्हे पंचायत में धरोहर/प्रतिभूति राशी के रूप में 25000 रु0 की राशी जमा करवानी होगी। धरोहर राशी जमा न करवाने पर निविदा रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा, और स्पालाई भी ठीक तरह से व (गुणवत्ता युक्त मटेरियल न देने पर भी निविदा को रद्द करने के लिये पंचायत स्वतंत्र होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बीणा,**
**विकास खंड सुन्दर नगर, जिला मण्डी (हि.प्र.)**

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

बुधवार, 4 जून 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** नवमी (11:56): **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी (03:36), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** वज्र (08:27), अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:19-02:03)।

### विशेष दिन

- 4 जून 2025: श्रीहरि जयंती आज।
- 4 जून 2025: हेश्वरी समुदाय आज मनाएगा महेश नवमी।

**मेषः** समय के साथ स्थिति अनुकूल हो रही है। तनाव से मुक्त होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। लोगों में आप के प्रति सम्मान बढ़ेगा। भाईयों के साथ संबंध अच्छे होंगे।

**वृषः** किसी पर भी अंधविश्वास न करें, आप के साथ धोखा हो सकता है। कार्यस्थल पर सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा और कार्य पूरे होंगे। धन कोष में वृद्धि होगी।

**मिथुनः** आमदनी के नए रास्ते खुलेंगे। संतान के स्वास्थ की चिंता रहेगी। विवाह चर्चा सफल होगी। वाहन मशीनरी का प्रयोग सतर्कता से करें। बीमारी में पैसा लगेगा।

**कर्कः** जीवनसाथी से गलतफहमी की वजह से संबंध कमजोर हो सकते है। समय रहते काम पूरे करें। पारिवारिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहेंगे। भवन निर्माण को ले कर उत्साहित रहेंगे।

**सिंहः** समय रहते जरूरी काम निपटा लें। मित्रों का सहयोग करना होगा। पारिवारिक जनों के साथ महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होगी। संतान के कार्यो से नाराज होंगे। आकस्मिक यात्रा हो सकती है।

**कन्याः** कोई भी कार्य शुरू करने से पहले जानकारी लें, फिर निर्णय करें। संतों का सानिध्य प्राप्त होगा। परिश्रम की अधिकता के कारण थकान महसूस करेंगे। नौकरी में तबादला लाभकारी साबित होगा।

**तुलाः** यश कीर्ति में वृद्धि होगी। शत्रु सक्रिय होंगे, सतर्क रहें। व्यवसाय में लाभ संभव है। संपत्ति संबंधित जरूरी अनुबंध हो सकते है। बहनों से विवाद की स्थिति बनेगी।

**वृश्चिकः** आकस्मिक कोई बड़ा खर्च होने की आशंका है। कार्यस्थल पर व्यस्तता रहेगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। विवाद न करें। पारिवारिक क्लेश होगा।

**धनुः** करियर में उन्नति बढ़ाने वाले प्रस्ताव मिलेंगे। भूमि-भवन से संबंधित मामले सुलझ सकते है। किसी विशेषजन से मुलाकात लाभदायक रहेगी। वाहन क्रय करने का मन होगा।

**मकरः** सोचे कार्य समय पर होंगे। कारोबार में नई योजना लागू होगी। शेयर में निवेश से बचें। जीवनसाथी के साथ चल रही मनमुटाव की स्थिति सामान्य हो सकती है।

**कुंभः** अपने काम से संतुष्ट नहीं है। अधिकारी से विवाद हो सकता है। धार्मिक कार्यो में सहभागिता करेंगे। मकान की मरम्मत पर धन लगेगा। विद्युत उपकरण पर धन खर्च होगा।

**मीनः** कारोबार को नई सफलता मिलेगी। पारिवारिक जनों के स्वास्थ की चिंता रहेगी। प्रशासनिक सेवा से जुड़े लोग अपने कार्य में सफल होंगे। पदोन्नति के योग है।

**In the court of Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Marriage officer cum-Sub Divisional Magistrate, Joginder Nagar District Mandi (H.P.)**

**In the matter of : 1.** Sh. Munish Kumar aged about 32 years (DOB 20-12-1992) S/O Sh. Chamel Singh R/o Village Rada, P.O. Mohan Ghatti, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi H.P. **2.** Kali Devi aged about 38 years (DOB 20-03-1987) D/o Sh. Khampu Ram R/O Village Kunduni, P.O. Mohan Ghatti, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi H.P. ...*Applicants.*

**Versus**

General Public ....Respondents

**Subject: Proclamation for the registration of Marriage under section 15 of special Marriage Act, 1954.**

In the above noted Sh. Munish Kumar and Kali Devi have filed an application on dated 09-05-2025 along with affidavits in the court of undersigned under section 15 of special marriage Act, 1954 that they have solemnized their marriage on dated 09-05-2025 according to the custom & ritual of Hindu religion since from the date of marriage they are living together as Husband & wife, hence their marriage may be registered under special marriage Act, 1954.

Therefore, the general public & the parents of the applicants are hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before this court on or before dated 16/06/2025 The objection received after 16/06/2025 will not be entertained and marriage will be registered accordingly. Issued today on 13/05/2025 under my hand and seal of this court.

**Marriage Officer-cum, Sub Divisional Magistrate Joginder Nagar, District Mandi Himachal Pradesh.**

## कार्यालय ग्राम पंचायत ज्वार
### विकास खंड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत ज्वार विकास खंड अम्ब जिला ऊना (हि.प्र.) में वित् बर्ष 2025-26 में होने वाले समस्त मदों के विकास कार्यो हेतू निविदाएँ आमंत्रित करती है जिसमें क्रशर निर्माण सामग्री W/sand, Agg. 10mm, 20mm, 40mm, Stone Dust प्रति घन फुट के हिसाब से सभी करों व् M फॉर्म सहित पहुँच कार्य स्थल पर ,मिट्टी फिलिंग(पेमेंट मुताबिक अस्सेसमेंट),वाटर टैंक प्रति टैंक ढुलाई सहित कार्य स्थल तक , वाटर टैंक प्रति दिन खड़ा , मिक्चर प्रति दिन डीजल सहित( घंटों के हिसाब से / प्रतिदिन के हिसाब से ,शटरिंग (Sq feet, and in running meter) , सरिया (TMTBAR), प्रथम श्रेणी ईट प्रति हजार सभी करों सहित पहुँच कार्य स्थल पर व् इंटरलॉक टाइल्स 40,60,80mm प्रति पीस कार्य स्थल तक पहुँच, JCB प्रति घंटा , वाल टाइल व् फ्लोर टाइल ,वाटर कूलर 40,60,80 Ltr क्षमता बाला कार्य स्थल पर पहुँच (WITH INSTALLATION) व् WATER PURIFIER (RO) ,लोकल चक्कर (नारी , पंगलू, जवार, पड़ाह लंग्याना ,लाहड़ व् लम्बासैल ) ,सीमेंट चक्कर सिविल सप्लाई से ज्वार ,व् लोडिंग अनलोडिंग सीमेंट प्रति बोरी , चोखट दरवाजा, पल्ला ( लकड़ी, स्टील व् एलुमिनियम व् जापानी शीट प्रति वर्ग फुट ),आरसीसी साइन बोर्ड लिखाई सहित पहुँच कार्य स्थल पर(With Installation) व् अन्य साईन बोर्ड लिखाई प्रति वर्ग फुट ,खेल व् फिटनेस उपकरण , vibrator आदि की आवश्यकता है । मैटिरियल BIS/ISI MARK Certified मार्क व विनिर्देशित होनी चाहिए अन्यथा कोटेशन रद्द समझी जाएगी । निविदा रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा । किसी भी विवाद की स्तिथि में ग्राम पंचायत का फैसला अंतिम होगा । इच्छुक सप्पलायर जिसका जी.एस.टी.नंबर, टिन नंबर है उनकी कोपी संलग्न कर आवेदन कर सकता है व् केवल रजिस्टर्ड फर्म ही निविदा हेतु आवेदन करें व् निविदाएँ दिनांक 09-06-2025 शाम 05:00pm बजे तक बंद लिफाफे में, जिसमें सामग्री की किस्म व् दर सभी करों साहित साफ वर्णित हो अन्यथा निविदा स्वतः रद्द मानी जाएगी, पंचायत कार्यलय में जमा करवा सकते है । व् निविदाएँ दिनाक 10-06-2025 सुबह 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदाता या उसके प्रतिनिधि की उपस्तिथि में खोली जाएगी । अन्य शर्तो व जानकारी के लिए कार्यालय ग्राम पंचायत में सम्पर्क करें ।

**नोट-** पंचायत के कार्यो हेतु स्वीकृत निविदा धारक को समयबद्ध सामग्री की पहुँच सुनिश्चित करनी होगी अन्यथा सामग्री उपलब्ध ना करवाने पर मजदूरी राशी की भरपाई उसकी सामग्री बिल से काट ली जाएगी व् स्वीकृत निविदा धारक को अदायिगी मुताबिक मूल्यांकन के उपरांत व् अनुसार ही की जाएगी ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत ज्वार**
**विकास खंड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रोड़ी कोड़ी
### विकास खंड प्रागपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत रोड़ी कोड़ी वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यो के निष्पादन हेतु सामग्री आपूर्ति की निम्न सामग्री की निविदा आमंत्रित करती है। इच्छुक अधिकृत विक्रेता अपनी-2 निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 08/06/2025 तक प्रधान ग्राम पंचायत रोड़ी कोड़ी के नाम दे सकते है। उपरोक्त समय अवधि में प्राप्त निविदाएँ दिनांक 09/06/2025 को सुबह 11 बजे पंचायत कार्यालय रोड़ी कोड़ी में कमेटी के सामने खोली जायेगी।

| क्र.सं. | वस्तु का नाम | इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेता करलुही | प्रति घन मीटर |
| 2. | बजरी 10एमएम,20एमएम,40 एमएम | प्रति घन मीटर |
| 3. | पत्थर गोला | प्रति घन मीटर |
| 4. | डस्ट | प्रति घन मीटर |
| 5. | पक्की ईंट | प्रति ईट |
| 6. | लोकल फेरा | प्रति फेरा |
| 7. | सीमेंट किराया | प्रति बैग |
| 8. | मिक्सचर मशीन तेल सहित | प्रति दिन |
| 9. | जेसीबी | प्रति घंटा |
| 10. | सरिया 8एमएम,10एमएम | प्रति किलो |
| 11. | शैटरिंग | प्रति वर्ग फुट |
| 12. | पानी टैंकर | प्रति टैंकर |
| 13. | कंक्रीट बैंच | प्रति बैंच |
| 14. | रेता क्रशर | प्रति घन मीटर |

**निर्धारित शर्तेः-** 1 विक्रेता के पास वैध GST No. होना अनिवार्य होगा। 2 सामग्री की दरें FOR होगी। 3 निविदाओं को खोलते समय विक्रेता की उपस्थिति अनिवार्य होगी। 4 विवाद की स्थिति में निविदा कमेटी का निर्णय अंतिम होगा। 5 सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय पर न करने तथा सामग्री की गुणवता ठीक न होने की स्थिति में विक्रेता की निविदा को निरस्त कर दिया जावेगा। 6 केवल अपेक्षित सामग्री का ही निविदा में उल्लेख करें। 7 समस्त दरें GST सहित (With GST) होनी चाहिये। 8. विक्रेता को सामग्री बिल के साथ M FORM भी उपलब्ध करवाना अनिवार्य होगा। 9. निविदा अनुमोदित विक्रेता को 20000/-रु.धरोहर /सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत में जमा करवानी होगी 10. विक्रेता को निविदा के मात्र GST No. तथा आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत रोड़ी कोड़ी**
**विकास खंड प्रागपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

'जितना हम दूसरों के साथ अच्छा करते हैं उतना ही हमारा हृदय पवित्र हो जाता है और भगवान उसमें बसता है। –स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# पाक में महिलाओं से भेदभाव

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में 17 साल की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ की उनके ही घर में गोली मारकर हत्या करना बेहद शर्मनाक कृत्य है। जिस दिन सना की हत्या की गई उसी दिन उसका जन्मदिन भी था। उनके जन्मदिन पर एक शख्स रिश्तेदार बनकर घर में घुसा था। मामला ऑनर किलिंग से भी जोड़ा जा रहा है। इससे पहले भी कई लड़कियां ऑनर किलिंग की शिकार हो चुकी हैं। पाकिस्तान में महिलाओं की आजादी जैसे छिन सी गई है। कोई भी महिला थोड़ा खुलकर सामने आती है तो वह वहां के कट्टरपंथियों के निशाने पर आ जाती है। दुनिया चांद पर पहुंच गई, लेकिन वहीं के कट्टरपंथियों की सोच में बदलाव नहीं आया। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान अपने देश की हालत सुधारना ही नहीं चाहता। वह न जाने कौन सी दुनिया में रहा है। पाकिस्तान के अपने ही कानून हैं और वहां पुरुषों का वर्चस्व हमेशा महिलाओं को दबाता रहा है। पाकिस्तान को अपनी इस दकियानुसी सोच को बदलना ही होगा, क्योंकि महिलाएं भी देश निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं। ऐसे में उनके साथ इस तरह का समाज के हर वर्ग को झकझोरने वाला है। पाकिस्तान की राजधानी में गोली मारकर हत्या करना एक गंभीर और दिल दहला देने वाली घटना है।

यह न केवल एक युवा लड़की की जान का नुकसान है, बल्कि यह पाकिस्तान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा और उनके अधिकारों की रक्षा में मौजूद खामियों को भी उजागर करता है। सना यूसुफ का जन्म 29 अप्रैल 2008 को पाकिस्तान के चित्राल क्षेत्र में हुआ था। वह इस्लामाबाद के सेक्टर जी-13 में अपने परिवार के साथ रहती थीं और मेडिकल साइंसेज में अपनी पहली वर्ष की पढ़ाई कर रही थीं। सना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, विशेषकर टिकटॉक और इंस्टाग्राम पर चित्राली संस्कृति, महिलाओं के अधिकारों और युवाओं के सशक्तिकरण पर आधारित सामग्री साझा की थी। उनके इंस्टाग्राम पर पांच लाख से अधिक फॉलोअर्स थे और टिकटॉक पर भी लाखों लोग उन्हें फॉलो करते थे। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हमलावर ने मेहमान बनकर घर में प्रवेश किया और नजदीक से गोली मारी, जिससे सना की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने हत्या के पीछे के कारणों की जांच शुरू की है, जिसमें व्यक्तिगत विवाद, ऑनलाइन उत्पीड़न और ऑनर किलिंग की संभावना शामिल है। हालांकि, अभी तक कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है। पाकिस्तान में ऑनर किलिंग एक गंभीर और पुरानी समस्या है। यह अक्सर परिवार के सदस्य या रिश्तेदारों द्वारा किया जाता है, जो अपने परिवार की इज्जत की रक्षा के नाम पर महिलाओं की हत्या करते हैं। 2016 में कंदील बलोच की हत्या के बाद पाकिस्तान सरकार ने ऑनर किलिंग को मानवाधिकारों के खिलाफ अपराध माना और इसके लिए सजा की सख्त धाराएं बनाई। फिर भी, इन कानूनों के बावजूद, ऑनर किलिंग की घटनाएं जारी हैं और दोषियों को सजा मिलना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।


सना यूसुफ की हत्या ने पाकिस्तान और दुनियाभर में गहरी चिंता और आक्रोश पैदा किया है। सोशल मीडिया पर जस्टिस फॉर सना युसूफ हैशटैग ट्रेंड कर रहा है और लोग न्याय की मांग कर रहे हैं। कई मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और लेखकों ने इसे महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा में मौजूद खामियों का प्रतीक बताया है। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए और क्या कदम उठाए जा सकते हैं। पाकिस्तान में महिलाओं का शोषण एक गंभीर और व्यापक सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी समस्या है। पाकिस्तानी समाज पुरुष प्रधान है, जहां पारंपरिक मान्यताएं और पितृसत्तात्मक सोच महिलाओं को बराबरी के अधिकारों से वंचित करती हैं। यूनिसेफ के अनुसार, पाकिस्तान में स्कूल जाने वाली लड़कियों की संख्या लड़कों की तुलना में बहुत कम है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में कम वेतन और कम अवसर मिलते हैं। अधिकांश महिलाएं असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत हैं और उन्हें श्रम कानूनों का संरक्षण नहीं मिलता। हर साल हजारों महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार भी होती हैं। सामाजिक कलंक और कानूनी प्रणाली की कमजोरी के कारण बहुत सी महिलाएं शिकायत तक दर्ज नहीं करा पातीं।

यही नहीं, पाकिस्तान में हर साल सैकड़ों महिलाएं परिवार की ऑनर किलिंग के नाम पर मारी जाती हैं। सोशल मीडिया पर सक्रिय महिलाओं को ट्रोलिंग, धमकियां और साइबर उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। सार्वजनिक जीवन, राजनीति और मीडिया में कदम रखने वाली महिलाओं को भी अक्सर अपमानजनक टिप्पणियों और चरित्र पर हमलों का सामना करना पड़ता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान में आधी आबादी को पूरा अधिकार मिलने में अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है। सना की हत्या के दोषियों को सजा मिलनी चाहिए, ताकि यह संदेश जाए कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा को किसी भी रूप में सहन नहीं किया जाएगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


# हिंदी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री

**नूतन** हिंदी सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक रही हैं। भारतीय सिनेमा जगत में नूतन को एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर याद किया जाता है जिन्होंने फिल्मों में अभिनेत्रियों के महज शोपीस के तौर पर इस्तेमाल किए जाने की परंपरागत विचारधारा को बदलकर उन्हें अलग पहचान दिलाई। इनकी माता का नाम श्रीमती शोभना समर्थ और पिता का नाम श्री कुमारसेन समर्थ था। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण नूतन अक्सर अपनी मां के साथ शूटिंग देखने जाया करती थी। इस वजह से उनका भी रुझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में बतौर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री सर्वाधिक फिल्म फेयर पुरस्कार प्राप्त करने का कीर्तिमान नूतन के नाम दर्ज है। नूतन को अपने सिने करियर में पांच बार (सुजाता, बंदिनी, मैं तुलसी तेरे आंगन की, सीमा, मिलन) फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नूतन को वर्ष 1974 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया। ■



नूतन
जन्म : 4 जून, 1936
मृत्यु : 21 फरवरी, 1991

## कविता: नाराजगी



अनिल शर्मा नील, निचली भटेड़, बिलासपुर

*बहुत दिनों से उसकी चुप्पी को देखकर,*
*भानू गुस्से में, मेघ को सताए कोई डर।*
*भानू लाल होता गया, मेघ कम होते गए,*
*चो नदी नाले बेचारे, अपना राग कौन सुनाए।*
*बेचारों की बेचारगी में बना डाले घर,*
*बेखौफ सब, नहीं किसी को कोई डर।*
*जंगल काट दिए सब, खनन जोरों पे अब,*
*पहाड़ खोद दिए सारे, दरकने लगे पहाड़ अब।*
*बोल रहे हैं पहाड़, जरा कान धर,*
*रुदन करती प्रकृति, बहती नहीं वायु सरसर।*
*मेघ अब प्रचंड होने लगे, बरसते नहीं वो फटने लगे,*
*चो नदी नाले अब तो, जन-जन को डराने लगे,*
*नदी नाले सारे अब हैं उफान पर,*
*तिनका-तिनका बनी गाड़ियां बह गए घर।*
*आदमी बन बैठा है शक्तिमान, सिर चढ़ा हुआ है अभियान,*
*है स्वार्थ लालच की भूख, बन गया अब वो शैतान।*
*संभल जा, सुधर जा, प्रकृति है घर,*
*नहीं तो झेलना पड़ेगा प्रकृति का कहर।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# विकास बनाम विनाश-कुदरत के सबक को कब पढ़ेगा इंसान?



वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में ठहराव का यह दौर बेशक चिंताजनक है, लेकिन पर्यावरण पर इसका अप्रत्याशित सकारात्मक असर दुनिया के लिए चेतावनी और सीख दोनों है। अनजाने में ही सही, जब मनुष्य ने अपनी गतिविधियां रोक दीं, तो कुदरत जैसे खुलकर सांस लेने लगी। पिछले कुछ महीनों से नदियों के बहाव में पारदर्शिता लौट आई, वायु प्रदूषण में अभूतपूर्व कमी देखी गई और आकाश फिर से नीला हो गया। यह सब देख कर मानो कुदरत पुकार कर कह रही हो—'हे मानव! अब तो संभल जा, पढ़ मेरी पीर!'



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि एवं स्तंभकार

**लॉकडाउन में सांस लेती धरती :** पांच साल पहले कोविड-19 के कारण लागू लॉकडाउन ने इंसानी गतिविधियों को थाम दिया। औद्योगिक उत्सर्जन, वाहनों का धुआं और अनावश्यक यात्रा सब पर रोक लगी। इसके परिणामस्वरूप, वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी गैसों का स्तर घटा, जिससे दुनिया भर के बड़े शहरों में वायु गुणवत्ता में बेहतरी देखी गई। शोध बताते हैं कि साल 2020 में वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में 5 प्रतिशत की रिकॉर्ड कमी दर्ज हुई। यह बताता है कि वायु प्रदूषण की जड़ें हमारी जीवनशैली में छिपी हैं। गंगा और यमुना जैसी नदियों में पानी पहले से कहीं अधिक साफ दिखा। उत्तर भारत की मैदानी जमीनों से हिमालय के हिमाच्छादित शिखरों का दीदार संभव हुआ। यह सब इसलिए हुआ ,क्योंकि मनुष्य ने एक बार के लिए 'ठहरना' सीखा। यह एक ऐसा ठहराव था जिसमें धरती को आराम मिला और पर्यावरण को राहत।

**क्या यह स्थायी हो सकता है? :** पांच साल पहले लॉकडाउन एक आपातकालीन परिस्थिति थी, न कि समाधान, लेकिन इसने हमें यह अहसास जरूर दिलाया कि प्रदूषण और पारिस्थितिकीय क्षरण मानव निर्मित हैं और इन्हें कम किया जा सकता है—अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति और नागरिक संकल्प हो, लेकिन अफसोस, जैसे-जैसे लॉकडाउन हटा, वैसे-वैसे सब कुछ पहले जैसा होने लगा। प्रदूषण लौट आया, नदियां फिर से काली होने लगीं, कारखानों का धुआं फिर से आसमान ढंकने लगा।

**हॉकिंग की चेतावनी और आज की सच्चाई :** महान भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग ने चेतावनी दी थी कि यदि मनुष्य ने अपनी जीवनशैली और पर्यावरण के प्रति व्यवहार नहीं बदला तो उसे पृथ्वी को छोड़कर किसी अन्य ग्रह की शरण लेनी पड़ेगी। उनके अनुसार पृथ्वी की शेष उम्र महज 200 से 500 वर्षों की है। वे भविष्यवाणी करते थे कि या तो किसी धूमकेतु का टकराव, या सूर्य की विकिरण, या कोई महामारी पृथ्वी से जीवन मिटा देगी। कोविड-19 जैसी महामारी उनके कथन को और भी भयावह यथार्थ में बदल देती है।

**अब भी समय है—परिवर्तन की राह :** हमें यह स्वीकारना होगा कि अब विकास की परिभाषा बदलने की जरूरत है। 'अर्थव्यवस्था की वृद्धि' तब तक अधूरी है जब तक वह पारिस्थितिकीय स्थिरता को न छूती हो। हमें 'स्मार्ट ग्रोथ' से आगे बढ़कर 'ग्रीन ग्रोथ' की दिशा में सोचना होगा। कम कार्बन उत्सर्जन वाली जीवनशैली अपनाना अब विकल्प नहीं, आवश्यकता बन चुकी है। यानी ऐसी जीवनशैली जो प्रकृति के साथ सामंजस्य में हो—उदाहरणस्वरूप साइकिल चलाना, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता, ऊर्जा की बचत और उपभोग में संयम।

**परिवहन और उद्योग में बदलाव जरूरी :** भारत और विश्व के लिए अब समय है कि वह अपने उद्योग और परिवहन व्यवस्था को पर्यावरण-अनुकूल बनाए। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करते हुए सौर, पवन और अन्य हरित ऊर्जा स्रोतों की ओर अग्रसर होना होगा। वाहनों में इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाना, रेलवे और सार्वजनिक परिवहन को सुलभ और स्वच्छ बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। यह बदलाव न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव भी घटाएगा। वायु प्रदूषण से हर साल दुनिया भर में लगभग 70 लाख मौतें होती हैं। यह आंकड़ा जलवायु संकट की गंभीरता को दर्शाता है।

**तत्काल और दीर्घकालिक कदमों की जरूरत :** हमें ब्लैक कार्बन, मीथेन, हाइड्रोफ्लोरोकार्बन, ट्रोपोस्फेरिक ओजोन जैसे अल्पकालिक जलवायु प्रदूषकों को कम करने के लिए तत्काल नीतिगत फैसले लेने होंगे। इन गैसों का प्रभाव जलवायु पर तुरंत पड़ता है और इन्हें नियंत्रित करना तुलनात्मक रूप से आसान है।

**पांच साल पूर्व कोविड-19 एक इशारा, एक अवसर था :** कोरोना संकट ने हमें बहुत कुछ सिखाया—कैसे कम संसाधनों में भी जीवन जीया जा सकता है, कैसे घर में रहकर काम किया जा सकता है, कैसे जरूरतों को सीमित किया जा सकता है। यह एक 'प्राकृतिक अनुशासन' था जिसने हमें हमारे अति-उपभोक्तावाद पर सोचने को मजबूर किया।

**मानव बनाम प्रकृति नहीं, मानव + प्रकृति :** यह संघर्ष 'मनुष्य बनाम प्रकृति' का नहीं होना चाहिए। यह साझेदारी 'मनुष्य+ प्रकृति' की होनी चाहिए। प्रकृति को जीतना नहीं, समझना और संजोना है। कोविड-19 ने इस सच को हमारे सामने रख दिया है। अब यह हम पर है कि हम इस सच्चाई को स्वीकार करें या फिर विनाश की ओर आंख मूंद कर बढ़ते रहें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# संत चलता हुआ और जल बहता हुआ ही अच्छा

महापुरुष भी निरंतर इस संसार को ज्ञान की रोशनी से आलोकित करते हैं, क्योंकि ठहरे हुए संत में अनेक विकार भर जाते हैं जिसके कारण ज्ञान का प्रकाश अपने तक ही सीमित रहता है तथा वह मानव मात्र का भला नहीं कर सकता है। संत अपने आप तो इस संसार में आवागमन से मुक्त करते हैं।



लेखक : हीरा सिंह कौशल
महादेव, सुंदरनगर, जिला मंडी

मानव मात्र को भी मुक्त इस संसार पर परोपकार करते हैं। परमपिता परमात्मा द्वारा रचित संसार का चेतन जगत हर पल गतिमान है। सूर्य, चंद्रमा, वायु निरंतर चल कर ऊर्जा, रोशनी, प्राण वायु प्रदान कर जग को गतिमान बनाकर सृष्टि का सुंदर निर्माण कर ईश्वर की सता का अहसास करवा रहे हैं। सूर्य बिना रुके संसार में विचरण करते हुए संसार को प्रकाशित करते हुए हर दिन नई ऊर्जा का संचार प्राणी जगत में गति प्रदान करता है। इसी तरह यह परमसत्ता का आभास प्राणी को हर समय अहसास करवाता है कि कर्म के बिना प्राणी का जीवन का निष्फल है बह्म ज्ञानी महापुरुषों का जीवन हरपल गतिमान होता है वह सत्य का संदेश हर रुह तक पहुंचनाने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। संसारिक व अध्यात्मिक यात्रा करते हुए सर्वत्र समाए हुए निरंकार के ज्ञान को आत्मसात करते हुए सकारात्मक विचारों को अपनाकर अपने जीवन को गतिमान बनाए रखते हैं, क्योंकि संत हर समय इस निरंकार की रजा को संतोष मानकर आनंद अनुभव करते हैं और इस संसार में अपने आप को निर्लेप मानते हैं।

हर समय मीठी वाणी से सबको अपना बनाकर परमसत्ता की लखता करवा कर जीवन को मुक्ति के मार्ग पर ले जाते हैं। अवतार वाणी में भी कहा है कि संत हर समय बिना ठहरे इस संसारिक यात्रा में संसार में रहते हुए सबसे न्यारे रहते हुए गुरु का आश्रय लेकर शुभ करते हैं और हर समय शुभ ही शुभ कहते हैं। 'संत हरि दे दुनियां दे विच सभ तों चंगे रहंदे ने। अवतार गुरु दी शरणी आ शुभ करदे ने शुभ कहंदे ने।' (41 संत संसार विचरण करते हुए ज्ञान की रोशनी से हर एक प्राणी को आलोकित करने का प्रयास करते हैं, क्योंकि संत एक जगह कभी नहीं ठहरता अर्थात सत्य का प्रकाश निरंतर बिखेरता है। जिस प्रकार जल की लगातार बहने के कारण अपनी पवित्रता बनीं रहती है।अगर जल तालाब या पोखर में रहता है तथा उसकी निकासी का तल से कोई मार्ग न हो तो वह जल दुर्गंधयुक्त हो जाता है तथा उसका प्रयोग नहीं किया जाता। 'उपार्जितानां वित्तानां त्याग एव हि रक्षणम्। तटाकोदरसंस्थानां परीवाह इवाम्भसाम्॥' मनुष्य जो भी धन अपने परिश्रम से इकट्ठा करता है। उसका संरक्षण खजाना भरकर नहीं हो सकता। अपितु असहायों की सहायता के लिए उस धन को दान कर देना ही उसकी सच्ची रक्षा है। तालाब में जल भरा होता है यदि वह जल तालाब में ही पड़ा रहे और किसी के काम न आएं तो वह जल व्यर्थ है अपितु तालाब में ही पड़ेपड़े वह जल दुर्गन्धियुक्त हो जाता है, इसीलिए तालाब के जल को बाहर निकाल दिया जाता है, नया जल आ जाता है और उसका पानी उपयोगी बना रहता है।



जिस प्रकार जल को अपनी पवित्रता बनाए रखने के लिए निरंतर बहता रहता है उसी प्रकार संत-महापुरुष भी निरंतर इस संसार को ज्ञान की रोशनी से आलोकित करते हैं, क्योंकि ठहरे हुए संत में अनेक विकार भर जाते हैं, जिसके कारण ज्ञान का प्रकाश अपने तक ही सीमित रहता है तथा वह मानव मात्र का भला नहीं कर सकता है। संत अपने आप तो इस संसार में आवागमन से मुक्त करते हैं मानव मात्र को भी मुक्त इस संसार पर परोपकार करते हैं। सतगुरु स्वरूप संत रात दिन चलकर मानव मात्र में इस सत्य की लौ से प्रकाशित कर मुक्ति के मार्ग में डालकर आनंदित कर मोक्ष प्रदान कर रहे हैं। कबीर जी कहते हैं कि –'साधु तो हीरा भया, न फूटै घन खाय। न वह बिनसै कुंभ ज्यों, न वह आवै जाय।।' साधु-संत तो हीरे के समान होते हैं। जैसे हीरा घन की चोट पड़ने पर भी नहीं टूटता, उसी प्रकार कैसा भी संकट आ जाए, परंतु साधु विचलित नहीं होते। साधु कच्चे घड़े के समान नहीं हैं जो जरा सी चोट पर टूट जाएं। एकाग्रचित के कारण ही से साधु जन्म-मरण के चक्र से मुक्त हो जाते हैं। जिस प्रकार जल को अपनी पवित्रता बनाएं रखने के लिए बहना पड़ता है, उसी प्रकार संत इस संसारिक यात्रा में कभी ठहरता नहीं तथा सत्य का प्रकाश फैलाता हुआ प्रत्येक प्राणी का भला करता हुआ मुक्ति के द्वार तक पहुंचाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हमारा** देश इतना विशाल और विविधताओं से भरा है कि यहां जल संसाधनों का वितरण असमान होना कोई बड़ी बात नहीं है। कुछ राज्य पर्याप्त जल संसाधनों से समृद्ध हैं तो कुछ पानी की गंभीर कमी का सामना कर रहे हैं। इस विषमता के चलते जल को लेकर कई बार राज्यों के बीच तनातनी हो जाती है। राज्यों ही नहीं, बल्कि दो देशों में भी तनाव देखा जा सकता है। हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच तनातनी किसी से छिपी नहीं है। पंजाब-हरियाणा के बीच सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद पानी की राजनीति को और अधिक पेचीदा बना चुके हैं। हालांकि, हिमाचल प्रदेश जल संसाधनों की दृष्टि से समृद्ध है। इसके बावजूद, यहां का पानी न केवल राज्य के भीतर बल्कि पड़ोसी राज्यों और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण भी एक विवादास्पद विषय बनता जा रहा है।

**रमन सिंह , शाहपुर**

# अब पाकिस्तान पर आतंकवाद के वित्तपोषण पर रोक जरूरी

आतंकवाद को आश्रय देने वाले देश पाकिस्तान की असलीयत को उजागर करने के लिए भारत ने बड़े रणनीतिक स्तर पर कार्य किया है। एक तरफ जहां पाकिस्तान केवल तीन ऐसे मुस्लिम देशों का समर्थन प्राप्त करने में सफल रहा, जो उसे पहले से ही समर्थन कर रहे थे। वहीं, भारत ने इससे आगे बढ़कर वैश्विक समुदाय के समक्ष पाकिस्तान को आतंकियों को संरक्षण देने वाला देश बताने में कोई संकोच नहीं किया। भारत ने विश्व के तमाम देशों में अपने सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल भेजकर भारत का पक्ष रखकर यह बताने का प्रयास किया है कि आतंकी हमला पाकिस्तान की ओर से किया गया। इसके विपरीत भारत की ओर से केवल जवाबी कार्रवाई ही की गई है, जिसका भारत को पूरा अधिकार है।



लेखक :सुरेश हिंदुस्तानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत के प्रतिनिधिमंडलों की ओर से इस सच को दुनिया को बताने का प्रयास किया जा रहा है कि भारत की ओर से पाकिस्तान पर हमला नहीं किया गया, बल्कि आतंकवाद पर प्रहार किया गया। इसी बात पर भारत को विश्व समुदाय का समर्थन भी मिल रहा है। सबसे खास बात यह है पाकिस्तान में जहां अपनी ही सरकार विपक्ष के निशाने पर है, वहीं भारत सरकार ने अपने प्रतिनिधिमंडलों में सत्ता पक्ष के नेताओं के साथ ही विपक्ष के कई प्रभावी नेताओं को शामिल किया है। यही नेता विश्व के देशों में भारत का पक्ष मजबूती से रख रहे हैं।

इससे स्वाभाविक रूप से विश्व बिरादरी से पाकिस्तान पर अलग-थलग होने का गंभीर खतरा भी उत्पन्न हो गया है। यह बात सही है कि पाकिस्तान में आश्रय और संरक्षण प्राप्त करने वाले आतंकी आकाओं को आतंकी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए वित्त पोषण प्राप्त होता रहा है। इसका आशय स्पष्ट है कि पाकिस्तान आतंक को समाप्त करने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि आतंकवादियों को जब तक वित्त पोषित किया जाता रहेगा, तब तक पाकिस्तान की ओर से आतंक फैलाने वालों पर अंकुश लगाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सबसे पहले उसके वित्त पोषण पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। यहां यह कहना बहुत आवश्यक है कि पाकिस्तान गिड़गिड़ाकर समर्थन पाने का प्रयास कर रहा है, वहीं भारत की ओर से पाकिस्तान को अलग-थलग करने का ठोस प्रयास भी किया जा रहा है।





जिसमें भारत का बहुत हद तक सफलता भी मिल रही है। आज के समय में पाकिस्तान इस बात को नकारने का साहस नहीं कर सकता कि उसके देश में आतंकवादी संगठन सक्रिय नहीं हैं, क्योंकि यह तथ्य विश्व के सामने उजागर हो चुका है। आज भी पाकिस्तान में लश्कर ए तैयबा, लश्कर ए ओमर, जैश ए मोहम्मद, हरकतुल मुजाहिद्दीन, सिपाह ए सहाबा, हिजबुल मुजाहिदीन आदि पाकिस्तान में रहकर अपनी आतंकी गतिविधियां चलाते हैं। कई मामलों में आईएसआई से इन्हें सक्रिय प्रशिक्षण एवं अन्य सहयोग भी मिलते हैं।

इतना ही नहीं कई बार सेना और सरकार का भी खुला संरक्षण भी इनको मिलता रहा है। पाकिस्तान सरकार की मानें तो उसके यहां 20 से अधिक आतंकी संगठन सक्रिय हैं, जबकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस संख्या को 150 से अधिक तक बताता है। अमेरिकी स्टेट डिमार्टमेंट के मुताबिक यह संख्या 70 से अधिक है। वैश्विक समुदाय के दबाव में पाकिस्तान कई बार आतंकी समूहों के विरोध में कार्रवाई करने की बात करता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर सेना और राज्य सरकारों की ओर से आतंकी संगठनों को खाद पानी प्राप्त होता रहता है। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान में आतंकवाद की जड़ें बहुत ही गहरी हैं।

विश्व बिरादरी को पाकिस्तान की वास्तविकता बताने के लिए भारत की ओर से ठोस रणनीति बनाकर कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है, जहां पाकिस्तान सरकार को अपने ही देश के विपक्षी दलों के कोप का सामना करना पड़ रहा है, वहीं भारत सरकार के साथ विपक्ष के सांसदों ने पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सामूहिक वैश्विक अभियान चलाया है। इससे पाकिस्तान को यह डर सता रहा है कि कहीं पाकिस्तान इसके अलावा यहां पर आतंकवादी संगठनों को वित्त पोषित भी किया जाता है। विश्व के कई देश आतंकवाद को समाप्त करने के लिए आवाज उठा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब तक आतंकवाद को वित्त पोषित किया जाता रहेगा, तब तक उसे समाप्त करना कठिन है। इसलिए सबसे पहले आतंकवादी संगठनों के वित्त पोषण पर लगाम लगाने की आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# स्वच्छ सभ्यता के लिए प्रकृति की सुंदरता व संतुलन जरूरी

कभी आपने किसी सूखे पेड़ की चुप्पी सुनी है? या किसी पिघलते ग्लेशियर की खामोशी महसूस की है? प्रकृति जब टूटती है, वह शोर नहीं मचाती-वह बस चेतावनी देती है। 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक तारीख नहीं है, बल्कि यह मानवता के लिए पुनर्जन्म का अवसर है और यह अवसर हर वर्ष छोटा होता जा रहा है।



लेखिका : राधिका सैनी
तहसीलदार, नूरपुर

पृथ्वी अब बदल नहीं रही-वह प्रतिकार कर रही है। 2024 में संयुक्त राष्ट्र की जलवायु रिपोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा- अब हम जलवायु परिवर्तन की बात नहीं कर रहे, हम जलवायु विघटन के युग में प्रवेश कर चुके हैं। वैश्विक तापमान पहले से 1.2 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। 2023 में अंटार्कटिका में बर्फ की मात्रा रिकॉर्ड न्यूनतम स्तर पर पहुंची।

दुनियाभर में 33 करोड़ लोग जलवायु आपदाओं से विस्थापित हुए-यह संख्या युद्धों से अधिक है। यह परिवर्तन कहीं और नहीं हो रहा, बल्कि यह हमारे खेतों में, हमारे शहरों में, हमारे बच्चों की सांसों में हो रहा है।

भारत का गौरव उसकी सभ्यता है, जो सदियों से प्रकृति को मां मानती आई है, पर आज उस मां को हम जलाते, काटते और प्रदूषित करते जा रहे हैं और यह अपराध अब आत्मघाती बन चुका है। भारत के 14 में से 10 बड़े शहर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में हैं (IQAir 2024)। 70 प्रतिशत भारतीय भूजल स्रोत प्रदूषित हैं (नीति आयोग)। हर वर्ष भारत में 13 लाख समयपूर्व मौतें वायु प्रदूषण से होती हैं, लेकिन साथ ही, भारत एक उम्मीद भी है जो सौर ऊर्जा, स्वच्छ नीतियों और जन भागीदारी से एक नया भविष्य गढ़ सकता है। हमें विकास चाहिए, लेकिन वह जो जीवन के साथ चलता हो, जीवन के खिलाफ नहीं।



**हिमाचल : स्वर्ग जब खतरे में हो :** हिमाचल को देवभूमि कहते हैं और आज देवभूमि खुद संरक्षण की याचना कर रही है। 2023 की बाढ़ और भू-स्खलन त्रासदी ने केवल सड़कों और पुलों को नहीं तोड़ा, बल्कि उसने हमारी नीति, नियति और नियोजन की खामियां उजागर कर दीं। 12 जिलों में 400 से अधिक भू-स्खलन, 12,000 करोड़ से अधिक का नुकसान और जलवायु परिवर्तन के प्रति बेहद संवेदनशील बन चुकी पर्वतीय पारिस्थितिकी। हिमाचल में हरियाली अब रिपोर्टों तक सीमित होती जा रही है। सेब के बागान सिकुड़ रहे हैं, बारिश असमय और आक्रामक हो रही है और नदियां प्लास्टिक से भरी हैं। यह समय केवल बचाव का नहीं है, बल्कि यह समय पुनर्रचना और पुनर्जागरण का है।

**नीतियां नहीं, आंदोलन चाहिए :** प्रकृति को 'विकास' में पुनः शामिल करें। हर योजना की 'ग्रीन ऑडिट' हो। क्या वह पर्यावरण के अनुकूल है या शत्रु? 'ईको राइट्स' को मौलिक अधिकार का दर्जा मिले। स्थानीय समुदायों को नीति-निर्माण में भागीदार बनाएं। पर्वतीय ग्रामसभाओं में पर्यावरणीय एजेंडा अनिवार्य हो।

विद्यालयों में 'प्रकृति की पाठशाला' हो, जिसमें हर बच्चा हर साल एक पौधा लगाए, उसके साथ बड़ा हो। 'ग्रीन पंचवर्षीय योजना' के तहत हर जिला अपने पारिस्थितिकी तंत्र के अनुरूप 5 वर्षीय संरक्षण लक्ष्य बनाए।

**दुनिया से क्या सीख सकते हैं? :** कोस्टा रिका ने अपने 98 प्रतिशत ऊर्जा स्रोत नवीकरणीय बनाए, जंगल बचाए और जीडीपी बढ़ाई। नॉर्वे हर नवजात के नाम एक पौधा लगाता है और वह राष्ट्रीय नीति है। भूटान का ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस मॉडल बताता है कि खुशी और हरियाली साथ चल सकते हैं। पृथ्वी की रक्षा कोई पश्चिम की अवधारणा नहीं, यह एक भारतीय उत्तरदायित्व है। कुल मिलाकर पर्यावरण की रक्षा शब्दों से नहीं, बल्कि जीवनशैली से होगी आज हमें नीति नहीं, परिवर्तन की संस्कृति चाहिए। हमें 'वर्ल्ड एन्वायरनमेंट डे' की जगह 'डेली अर्थ ड्यूटी' की भावना जगानी होगी। इस वर्ष 5 जून पर आइए हम सिर्फ भाषण न दें, बल्कि हम एक पेड़ को अपना दोस्त बनाएं। एक नदी को अपनी बहन मानें और हर बच्चे को प्रकृति का प्रहरी बनाएं, क्योंकि जब आखिरी नदी सूख जाएगी और जब आखिरी पेड़ कट जाएगा, तब हमें समझ आएगा कि पैसा पीने के काम नहीं आता।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जोगिंद्रनगर व लडभड़ोल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, मरीज बेहाल

## एक महीने बाद भी नहीं हुई नई नियुक्तियां, तीन डॉक्टरों के सहारे चल रहा जोगिंद्रनगर

अभिषेक, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही हैं। जोगिंद्रनगर नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले एक महीने से अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या में कमी बनी हुई है, लेकिन अब तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। जानकारी के अनुसार, अस्पताल में वर्तमान में केवल तीन डॉक्टर नियमित रूप से कार्यरत हैं, जिनके ऊपर पूरा अस्पताल संचालित करने का जिम्मा है। इन डॉक्टरों को ओपीडी से लेकर इमरजेंसी और वार्ड ड्यूटी तक संभालनी पड़ रही है, जिससे काम का दबाव काफी बढ़ गया है और मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा। अस्पताल में डिलीवरी, सर्जरी और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कई बार मरीजों को इलाज के लिए टांडा या पालमपुर जैसे बड़े अस्पतालों की ओर रेफर करना पड़ता है, जिससे गरीब और दूरदराज के मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थिति को थोड़ा संभालने के लिए प्रशासन ने दो अन्य डॉक्टरों को सप्ताह में केवल दो दिन डेपुटेशन पर भेजा है। लेकिन यह व्यवस्था न तो पर्याप्त है और न ही स्थायी समाधान मानी जा सकती है।

### लडभड़ोल अस्पताल की भी हालत चिंताजनक

**वहीं,** लडभड़ोल क्षेत्र का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी डॉक्टरों की भारी कमी से जूझ रहा है। यहां भी वर्षों से डॉक्टरों की संख्या अधूरी बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को इलाज के लिए या तो निजी क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ता है या फिर लंबी दूरी तय कर जोगिंद्रनगर या बैजनाथ पहुंचना पड़ता है।

# हटली के बरसेलों का अब होगा नया ठिकाना

## हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी के टूट जाने से संचालकों ने प्रशासन को सौंपा

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** जिले के सरकाघाट उपमंडल में बलद्वाड़ा की नगरोटी खड्डु में खेत की खुदाई के दौरान 2001 में निकले बरसेलों को अब नया ठिकाना मिलेगा। कुशल कारीगरी की मिसाल यह प्राचीन बरसेले बलद्वाड़ा के मुंशी राम को मिले थे जिन्हें प्रशासन व भाषा विभाग के सहयोग से दस साल प्रयास करने के बाद 2011 में हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी में स्थापित किया गया था।

गैलरी के संचालक बीरबल शर्मा के अनुसार मुंशी राम के साथ लगातार संपर्क रखने पर दस साल बाद उन्होंने इसे फोटो गैलरी में रखने के लिए हामी भरी थी। तत्कालीन उपायुक्त डॉ. अमनदीप गर्ग ने इनको स्थापित करने के लिए विधिवत शुरुआत की थी। 2018 में जब कीरतपुर मनाली फोरलेन की जद में हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी आ गई थी तो फिर से एक बार प्रयास करके इन्हें सुरक्षित व दर्शनीय स्थल पर स्थापित किया गया था मगर अब फिर से इस संग्रहालय की जमीन का अधिग्रहण पठानकोट मंडी मार्ग के लिए हो गया है। ऐसे में इस भवन को तोड़ा जा रहा है। बीरबल शर्मा ने बताया कि प्रशासन व संबंधित विभागों से इन बरसेलों को कहीं उचित जगह पर स्थानांतरित करने का आग्रह किया गया था।

हाल ही में अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठोर व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग मंडी ने संयुक्त तौर पर निरीक्षण करके इन्हें मंडी के बिजै स्कूल परिसर या कांगणी स्थित संस्कृति सदन परिसर में स्थापित करने की संभावनाएं तलाशी थी।

इसी क्रम में मंगलवार को लोक निर्माण की टीम इनको सावधानी से निकाल कर सुरक्षित जगह पर ले गई। अब जल्द ही इनको नया ठिकाना मिलेगा। प्रख्यात साहित्यकार एवं पूर्व प्राचार्य रूप शर्मा बलद्वाड़ा के अनुसार शोध बताता है कि ये बरसेले 200 साल से भी अधिक पुराने हैं तथा इनमें एक इतिहास का वर्णन है। बीरबल शर्मा ने बताया कि उन्हें इस बात का संतोष व फख्र है कि यह ऐतिहासिक धरोहर कहीं न कहीं सरकार व प्रशासन की देख रेख में कालांतर तक सुरक्षित रह सकेगी, भले ही उनके अनूठे संग्रह का हिस्सा रहे बरसेले अब उनके संग्रह में नहीं होंगे।



लोक निर्माण विभाग की टीम बरसेलों को निकलती हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### चार मील के पास 10 जून तक दो-दो घंटे बंद रहेगा निर्माणाधीन नेरचौक-पंडोह फोरलेन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला दंडाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मंडी अपूर्व देवगन ने नेरचौक-पंडोह फोरलेन पर चल रहे निर्माण कार्य के दृष्टिगत चार मील के पास मार्ग को 10 जून तक दो-दो घंटे बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार मलबा हटाने के लिए रात 12:30 बजे से रात 2:30 बजे तक और पहाड़ी काटने के लिए सुबह 5 बजे से सुबह 7 बजे तक यह मार्ग बंद रहेगा। आदेशों के तहत यह निर्णय कार्य की तात्कालिकता, निर्माण गतिविधियों की सुरक्षा आवश्यकताओं तथा सड़क से गुजरने वाले आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जिला दंडाधिकारी ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए इस अवधि में वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने का आग्रह किया है।

### मत्स्य क्षेत्र से जुड़े लोग करें पंजीकरण : नीतू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मत्स्य मंडल मंडी की सहायक निदेशक नीतू सिंह ने आज यहां बताया कि विभाग द्वारा मत्स्य क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों तथा संस्थाओं का राष्ट्रीय मात्स्यिकी डिजिटल प्लेटफार्म पर पंजीकरण करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्लेटफार्म पर जिला के सभी मछुआरे, मत्स्य कृषक, मछली ठेकेदार, मछली परचून विक्रेता, मत्स्य सहकारी सभाओं व उनके सदस्य तथा इस क्षेत्र से जुड़े सभी मजदूर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकृत व्यक्तियों को ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मछली पालन के लिए ऋण सुविधा, ट्रस्ट रिसेप्टेज का बीमा, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन इत्यादि का लाभ पोर्टल के माध्यम से घर बैठे उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति अपना आधार कार्ड, बैंक खाता पास बुक तथा मत्स्य क्षेत्र से जुड़े होने का प्रमाण पत्र सहित समीप के मत्स्य अधिकारी कार्यालय या लोकमित्र केंद्र पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने मत्स्य क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों का आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाएं।

### सुंदरनगर में मनाया विश्व साइकिल दिवस

**उमेश, अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला सुंदरनगर में विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभागीय कर्मचारियों ने प्रयोगशाला सुंदरनगर से लेकर जीरो चौक बीबीएमबी कॉलोनी तक जागरूकता साइकिल रैली में भाग लिया। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय प्रयोगशाला सुंदरनगर के प्रभारी वैज्ञानिक अधिकारी चमन लाल ठाकुर ने विश्व साइकिल दिवस के महत्व को रेखांकित किया और इस वर्ष की थीम 'सतत के भविष्य लिए साइकिल चलाना' पर प्रकाश डाला। साइकिल रैली में क्षेत्रीय प्रयोगशाला सुंदरनगर के वैज्ञानिक अधिकारी प्रोमिला शर्मा, कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी रेणु बाला, बनिता ठाकुर, शबनम ठाकुर, पूजा शर्मा, विनोद कुमार, रितिका ठाकुर, मोहिंदर सिंह, बेली राम और गोपिंदर सिंह सहित समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया।

### आपदा से बचने के लिए 6 जून को मॉक ड्रिल

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने आज उपमंडल पधर में 6 जून को आपदा के संबंध में आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल के संबंध में टेबल टॉप एक्सरसाइज में भाग लिया। उन्होंने संभावित आपदा जैसे भूस्खलन, भूकंप आदि से निपटने के लिए की जाने वाली तैयारियों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। टेबल टॉप एक्सरसाइज के उपरांत एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने कहा कि आपदा से पूर्व तैयारी ही आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान को कम कर सकती है। उन्होंने कहा कि टेबल टॉप और मॉक ड्रिल अभ्यास के माध्यम से सभी स्तरों पर आपदा पूर्व, आपदा के समय और आपदा के उपरांत किए जाने वाले कार्यों की तैयारियां परखी जाती हैं और नियमित अभ्यास तथा समय-समय पर तैयारियों में निखार लाकर ही आपदा के संभावित नुकसान को कम किया जा सकता है।

### अप्रेंटिसशिप के 50 पदों के लिए साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी मंडी अक्षय कुमार ने बताया कि ऑरो टेक्सटाइल (प्रिंटिंग डिविजन) प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बद्दी द्वारा अप्रेंटिसशिप के 50 पदों के लिए भर्ती अधिसूचित की गई है। इन पदों के लिए पुरुष एवं महिला दोनों प्रकार के अभ्यर्थी पात्र हैं। कंपनी द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार आवेदक की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं या 12वीं पास एवं आईटीआई उत्तीर्ण होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए वही अभ्यर्थी पात्र होंगे जिनका नाम जिला मंडी के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है। इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, आधार कार्ड तथा रोजगार कार्यालय द्वारा जारी पंजीकरण पत्र सहित साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। साक्षात्कार का आयोजन 5 जून को क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मंडी में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के लिए आने वाले किसी भी अभ्यर्थी को यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

### लोक लेखा समिति 6 जून को मंडी प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक आयुक्त मंडी कुलदीप पटियाल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति 6 जून को सभापति अनिल शर्मा की अगुवाई में मंडी प्रवास पर रहेगी। समिति में सदस्यों के रूप में विधायक डॉ. हंस राज, बलबीर सिंह वर्मा, संजय रत्न, जीत राम कटवाल, इंद्र सिंह, डॉ. जनक राज, मलेन्द्र राजन, केवल सिंह पठानिया, कैप्टन रणजीत सिंह तथा कमलेश ठाकुर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लोक लेखा समिति सभापति अनिल शर्मा की अध्यक्षता में दोपहर बाद 3 बजे मंडी में जिला अधिकारियों के साथ एक बैठक करेगी।

### निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का प्रारूप प्रकाशित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मंडी अपूर्व देवगन ने आज यहां बताया कि जिला मंडी में पड़ने वाली ग्राम पंचायतों के विभाजन एवं पुनर्गठन के उपरांत जिला परिषद मंडी के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रारूप सूची पंचायत समिति तथा सभी ग्राम पंचायतों के कार्यालय सूचना पट पर लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को प्रारूप में प्रकाशित परिसीमन के संबंध में कोई आक्षेप हो तो वह सात दिनों के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं।

### 10 व 11 को मनाएंगे कबीर साहेब प्रकट दिवस

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सद्गुरू कबीर साहेब जी का प्रकट दिवस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ 10 व 11 जून को सद्गुरू कबीर साहेब गुरुद्वारा टारना जिला मंडी में मनाया जा रहा है। गुरुद्वारा के प्रधान रूप सिंह कौंडल ने बताया कि 5 जून से सुबह 4 बजे से 6 बजे तक प्रतिदिन प्रभात फेरी का कार्यक्रम होगा। 10 जून को सद्गुरू कबीर साहेब जी की भव्य शोभा यात्रा, नगर कीर्तन पुलघराट से दोपहर 2 बजे से शुरू की जाएगी। शोभा यात्रा, नगर कीर्तन पुलघराट से रामनगर, सेरी बाजार, गांधी चौक से स्कूल बाजार से सद्गुरू कबीर साहेब गुरुद्वारा टारना में शाम को 6 बजे समाप्ति होगी। अगले दिन 11 जून को सुबह पवित्र ग्रंथ 'बीजक' का पाठ किया जाएगा। झंडा आरोहण की रस्म अदा करने के पश्चात 11 बजे सत्संग शुरू कर दिया जाएगा, जिसमें गुरु महाराज गुरु दयाल साहेब जी डेराबसी (पंजाब) व महंत डॉ. रोहित साहेब (छत्तीसगढ़) से विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रधान रूप सिंह कौंडल ने सर्व संगत से करबद्ध निवेदन किया है कि उपरोक्त तिथि और समय पर सद्गुरू कबीर साहेब गुरुद्वारा टारना, मंडी में पधार कर संतों की पवित्र वाणी को श्रवण करें।

# जोढन अग्निकांड पीड़ितों को 5 दिन बाद भी नहीं मिली फौरी राहत : भूपेंद्र

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**विधायक के दौरे के बाद भी नहीं जागा प्रशासन**

**धर्मपुर** विधानसभा क्षेत्र के जोढन गांव में 29 मई की रात को आग लगने से दो परिवारों के मकान पूरी तरह जल कर राख हो गए थे, लेकिन इन परिवारों को पांच दिन बाद भी प्रशासन फौरी राहत उपलब्ध नहीं करवा पाया है। यही नहीं वर्षा से घर ढकने के लिए तिरपाल तक नहीं दिए गए हैं। जिसकी पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कड़ी निंदा की है और जल्दी राहत देने की मांग की है। हालांकि 30 मई को स्थानीय विधायक ने यहां पर जाकर दौरा किया था। वाबजूद उसके इन्हें कोई राहत नहीं मिली है जो बहुत ही चिंता और निंदा की बात है कि ऐसे मामलों में भी प्रसाशन उदासीन है और विधायक भी कोई मदद नहीं दिलवा पाये हैं। हालांकि स्थानीय स्वयं सहायता समूहों, महिला मंडलों और ग्रामीण तथा रिस्तेदार तो मदद कर रहे हैं लेकिन सरकार और प्रशासन उदासीन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशासन व विधायक अभी तक कोई राहत नहीं दे पाये हैं।

### सरकारी भूमि पर थे मकान तभी नहीं मिला मुआवजा : एसडीएम

**इस** संदर्भ में एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने कहा कि इस बारे में तहसीलदार धर्मपुर से जांच करवाई। उन्होंने रिपोर्ट दी है कि उक्त मकान सरकारी भूमि पर बनाए गए थे जिसके कारण इन्हें मुआवजा नहीं दिया जा सकता है।

# लडभड़ोल ने झलवान को 18 रन से हराया

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के बनाई हार में श्री अजियापाल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन एक रोमांचक मुकाबले में लडभड़ोल की टीम ने झलवान को 18 रन से हराकर जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का आयोजन बनाई हार में किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल महामंत्री नवीन सिंह ने शिरकत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए अजियापाल युवक मंडल बनाई हार के प्रधान व आयोजक दीपेन कुमार ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर युवाओं में खासा उत्साह है।

# सुमति समिति क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

## समाजसेवी केके सकलानी ने किया शुभारंभ, समिति को दिए 31000 रुपए

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल तहसील की खद्दर पंचायत के चकरोड मैदान में मंगलवार को तीन दिवसीय सुमति समिति क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज हुआ। इस खेल महाकुंभ का शुभारंभ जोगिंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी केके सकलानी ने बतौर मुख्य अतिथि किया।

प्रतियोगिता के आयोजकों अनिल, राकेश और शेर ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर केके सकलानी ने आयोजन समिति को 31,000 की सहयोग राशि देने की घोषणा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने में अत्यंत सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को न केवल स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर करते हैं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व जैसे गुणों से भी परिपूर्ण करते हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। सबसे रोमांचक मुकाबला खद्दर-बी और चलौटी-बी की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें खद्दर-बी ने चलौटी-बी को 10 रनों से शिकस्त दी। वहीं, एक अन्य मुकाबले में ठारा की टीम ने रक्तल को 50 रनों से हराकर जीत दर्ज की। कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य संजीव शर्मा, खद्दर पंचायत की प्रधान प्रीत देवी, उपप्रधान विजय कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि केके सकलानी का स्वागत करते हुए आयोजक व लोग।

# नौकरी लेने के लिए 6 को आएं बालीचौक

**नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** औरो टेक्सटाइल प्रिंटिंग डिविजन लिमिटेड बद्दी 50 ट्रेनी कर्मचारियों की भर्ती करेगी। उप रोजगार कार्यालय बालीचौकी के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार उक्त कंपनी 6 जून को स्थानीय उप रोजगार कार्यालय में एक भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ट्रेनी के लिए न्यूनतम वेतन 12750 रुपये प्रति मास रखा गया है। इन पदों के लिए अभ्यर्थी न्यूनतम वीं जमा वह अधिकतम जमा 2 व आईटीआई पास होना चाहिए। अभ्यर्थी की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इन पदों पर भर्ती के इच्छुक युवा 6 जून को अपने मूल शैक्षणिक दस्तावेजों को साथ लाकर भर्ती शिविर में भाग ले सकते हैं। उक्त साक्षात्कार के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# शिक्षा के सुधार में अनूठे प्रयास सराहनीय : राही

## कहा, एक साथ असेंबली होने से छात्रों में विकसित होती एकता की भावना

अनंत ज्ञान, मंडी

**अखिल** भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा के बंटवारे को रोकते हुए प्राइमरी, मिडिल और वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों की प्रार्थना सभा एक करके सराहनीय कदम उठाया है।

उन्होंने कहा कि कई बार प्राइमरी स्कूल में प्रार्थना सभा पहले हो जाती थी, तो वरिष्ठ और माध्यमिक स्कूल में बाद में होती थी। उन्होंने कहा कि एक साथ असेंबली होने से छात्रों में एकता की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक एक ही स्कूल शिक्षा निदेशालय होगा और उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा निदेशालय होगा। इससे मिड डे मील एक ही शिक्षा प्रांगण में एक साथ बनेगा। इससे दोनों स्कूलों के बच्चों में आपसी प्यार प्रेम बढ़ेगा। एक ही निदेशालय होने के कारण कार्यों में भी गति आएगी और अनुशासन में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व निदेशक शिक्षा सचिव सहित कई विभागीय अधिकारियों तथा चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट को भी शिक्षा की बारीकियां सीखने के लिए सिंगापुर सहित अन्य देशों में अपने साथ ले गए थे। कंबोडिया में विश्व के सबसे बड़े हिंदू मंदिर को दिखाने के लिए बच्चों व अध्यापकों का एक दल कई जगह भेजा गया था। इसका सारा श्रेय शिक्षा मंत्री को जाता है। इस मौके पर यशवंत गुलेरिया बल्ह सुधार सभा अध्यक्ष, धर्मदास परिषद के प्रचार सचिव, गगन सिंह संगठन सचिव आदि उपस्थित रहे।



मंडी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए चमन राही।

# गंगाराम के उपन्यास जनरल जोरावर सिंह का अब पंजाबी में हुआ अनुवाद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**अंग्रेजी, डोगरी व उर्दू में भी हो चुका है इसका अनुवाद**

**मंडी** जिला के वरिष्ठ साहित्यकार डा. गंगाराम राजी के ऐतिहासिक उपन्यास जनरल जोरावर सिंह का पंजाबी भाषा में अनुवाद हो गया है। पंजाबी साहित्य के मशहूर कवि साहित्यकार प्रो. सुरजीत सिंह जज द्वारा इस ऐतिहासिक उपन्यास का हिंदी से पंजाबी भाषा में अनुवाद किया गया है। साहित्यकार गंगाराम राजी ने बताया कि जोरावर सिंह कहलूरिया ऐसा महान योद्धा था जिसे शेरों का राजा कहा जाता था। वास्तव में जोरावर सिंह एक ऐसा चरित्र है जो जम्मू, पंजाब और हिमाचल में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। लेह-लद्दाख जैसा सामरिक महत्व का इलाका जनरल जोरावर सिंह के कारण ही भारत का अंग बना है। जनरल जोरावर सिंह ने माइनस 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में युद्ध करके इसे प्राप्त किया और शहीद हुए। जनरल जोरावर सिंह संसार का ऐसा योद्धा था जिसकी समाधि दुश्मनों द्वारा बनाई गई और जिसकी आज भी वे पूजा करते हैं। गंगाराम राजी ने बताया कि जोरावर सिंह का जन्म प्राचीन पहाड़ी रियासत कलहूर के कलहूर गांव जो उनका ननिहाल था, में हुआ था। आगे चल कर वे जम्मू के राजा गुलाब सिंह की सेना में भर्ती होकर जनरल के औहदे तक पहुंचे थे। उनकी बहादुरी को देखकर राजा गुलाब सिंह के बहुत ही विश्वासपात्र और करीबी थे। इसी उपन्यास का अभी हाल ही में ज्योति शर्मा ने डोगरी में और पंकज दर्शी ने अंग्रेज़ी और एम के बारी ने उर्दू में अनुवाद किया है।

# पर्यटकों की हरकतों से चौहार और छोटा भंगाल घाटी के लोग परेशान

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**रात को जोर-जोर से गाने गाकर कर रहे लोगों की नींद हराम**

**बरोट।** चौहार घाटी व छोटा भंगाल में अतिथि देवो भव: वाली कहावत सही ढंग से चरितार्थ नहीं हो पा रही है। यहां वाले सभी पर्यटकों से यहां के होटलों, गेस्ट हाउसों, रेस्ट हाउसों तथा कैंपिंग के संचालकों के बजाय इनके आसपास अपनी दुकानें चला रहे दुकानदार, निजी घरों तथा गांव में रहने वाले सभी लोग यहां आने वाले सभी पर्यटकों से प्रसन्न ही नहीं है बल्कि बेहद खफा है। इसका कारण यह है कि यहां आने वाले दिन भर आराम से दोनों घाटियों की सुंदर वादियों को निहार कर खूब मस्ती करते हैं मगर जहां-जहां भी पर्यटक अपने लिए कमरों की बुकिंग करते हैं वहां पर आधी-आधी रात तक अपने आप में मस्त होकर जोर-जोर से बूफर, डीजे आदि में बजने वाले गाने की धुन तथा स्वयं ही जोर-जोर से गाने गाकर में खूब डांस करते हैं, जिस कारण आसपास के लोगों की नींद हराम हो जाती है। दान सिंह, जय सिंह, सुरिंद्र कुमार, प्रेम चंद, रागी राम, तिलक ठाकुर, गंगू राम आदि वहां चालकों सहित स्थानीय लोगों मान सिंह, सूरज चंद, राज कुमार आदि ने कहा कि यहां के लोग भी अन्य क्षेत्रों की तरह घर आए मेहमानों की पूरी तरह इज्जत करना भली भांति जानते हैं, मगर यहां आने वाले पर्यटकों द्वारा की जाने वाले मनमाने रवैये से निजात के लिए सरकार तथा प्रशासन से मांग की है।

# आईआईटी मंडी में माइंड ब्रेन कॉन्शियस कॉन्फ्रेंस आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** माइंड ब्रेन कॉन्शियस कॉन्फ्रेंस का आयोजन 4 से 7 जून के बीच आईआईटी मंडी में किया जाएगा। इस वार्षिक सम्मेलन का मूल उद्देश्य भारतीय ज्ञान प्रणाली को वैज्ञानिक रूप से समझना और उसे आधुनिक संदर्भों में लागू करना है। यह प्रणाली प्राचीन भारतीय ज्ञान को समकालीन अनुसंधान से जोड़ती है, और इस संगोष्ठी में न्यूरोसाइंस, संज्ञानात्मक विज्ञान, मनोविज्ञान, भारतीय दर्शन तथा वेदान्तिक धर्मशास्त्र जैसे विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञ भाग लेंगे। इन विचार-विमर्शों का महत्व केवल मानसिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, यह पर्यावरण, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, नवाचार, और रचनात्मक नेतृत्व जैसे क्षेत्रों को भी गहराई से प्रभावित करेगा। सम्मेलन में आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर एक प्रेरणादायक वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

# राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी में लॉर्ड्स के छात्रों का दबदबा

## विजेता छात्रों को कल शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू करेंगे सम्मानित

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**प्रदेश** पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड शिमला द्वारा राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी का आयोजन शिमला में किया गया। यह प्रतियोगिता पहले ऑनलाइन स्तर पर की गई जिसमें जिला स्तर पर प्रथम आने वाले हर टीम को राज्य स्तर के लिए चयनित किया गया। ऑनलाइन स्तर पर लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट के छात्रों ने मंडी जिले के सभी स्कूलों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल कर राज्य राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए थे।

वहीं राज्य स्तरीय क्विज कंपटीशन का ऑफलाइन आयोजन भी शिमला के होलीडे होम होटल में हुआ। इसमें हिमाचल के 12 जिलों के सभी प्रतिभागियों का सुपर सिक्स टीमों के लिए पहले स्क्रीनिंग टेस्ट हुआ, जिसमें लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट के अमन और अरुण ने जिला मंडी का नेतृत्व करते हुए प्रदेश के 12 जिलों में प्रथम स्थान हासिल किया। उसके बाद सुपर सिक्स टीमों में भी लॉर्ड्स कॉन्वेंट छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश भर में दूसरा स्थान हासिल किया।

बताते चलें कि प्रदेश के सभी जिलों के लगभग 2100 विद्यालयों ने इस प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में भाग लिया था । लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट के 12वीं कक्षा के अरुण व अमन ने पूरे प्रदेश में मंडी जिला का नाम रोशन किया। अब इन विद्यार्थियों को 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस समारोह के उपलक्ष्य में पीटर हॉफ शिमला में सीएम सुक्खू 50,000 नगद इनाम, मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित करेंगे। स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर व प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बराड़ी ने छात्रों की इस उपलब्धि पर अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी।



राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को सम्मानित करते हुए।

**तैयारी** आपदा से निपटने की तैयारियों पर टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित, वृहद पूर्वाभ्यास 6 को : उपायुक्त

# सचेत ऐप पर आपदाओं के बारे में प्राप्त कर सकेंगे संदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

भूकंप जैसी आपदा से निपटने के लिए आगामी 6 जून को आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय वृहद पूर्वाभ्यास (मेगा मॉक एक्सरसाइज) की तैयारियों पर मंगलवार को वर्चुअल टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया।

इसमें उपायुक्त अपूर्व देवगन सहित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्यों ने उपायुक्त कार्यालय के वीसी कक्ष से वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। टेबल टॉप एक्सरसाइज का शुभारंभ एनडीएमए के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) सैयद अता हसनैन ने किया। एनडीएमए के सलाहकार मेजर जनरल (रि.) सुधीर बहल ने इसकी विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। शिमला से निदेशक एवं विशेष सचिव (राजस्व एवं आपदा प्रबंधन) डीसी राणा ने प्रदेश की तैयारियों पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया। मेजर जनरल बहल ने कहा कि आपदा प्रबंधन किसी एक व्यक्ति या विभाग का कार्य नहीं है, बल्कि इसमें सामूहिक सहभागिता जरूरी है।

उन्होंने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य सभी हितधारकों को एक मंच पर लाकर भूकंप जैसी आपदाओं का सामना करने के लिए उनकी क्षमताओं और तैयारी को परखना तथा उनमें वृद्धि करना है। यह मॉक ड्रिल आईआरएस यानी घटना प्रतिक्रिया प्रणाली के तहत संचालित की जाएगी। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मंडी जिला में इस पूर्वाभ्यास को लेकर की गई तैयारियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि संभावित आपदा के दौरान समय पर प्रतिक्रिया सबसे महत्वपूर्ण है। भूकंप जैसी आपदा में भवनों, सड़कों व अन्य अधोसंरचना को नुकसान के अतिरिक्त भूस्खलन, आग लगने की घटनाओं के दृष्टिगत मलबे को हटाना और प्रभावितों की निकासी कर उन्हें समुचित चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाना प्राथमिकता रहती है।

लोगों को आपदा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों एवं सुरक्षा उपायों के बारे में निरंतर जागरूक किया जा रहा है। सचेत ऐप एवं गूगल पर उपलब्ध चेतावनी प्रणाली को सक्रिय कर समय पर आपदाओं के बारे में संदेश प्राप्त कर सकते हैं। अपूर्व देवगन ने बताया कि 6 जून को होने वाले वृहद पूर्वाभ्यास की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला मुख्यालय सहित उपमंडल स्तर पर भी यह पूर्वाभ्यास किया जाएगा। पूर्वाभ्यास में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के अलावा आपदा मित्रों, एनएसएस स्वयं सेवियों, नेहरू युवा केंद्रों, गृह रक्षक, विभिन्न गैर सरकारी व स्वयं सेवी संगठनों को भी शामिल किया जाएगा। उपायुक्त वीसी कक्ष में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र सहित प्राधिकरण से जुड़े अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।




बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी अपूर्व देवगन ।

# किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की दी जा रही जानकारी

**अनंत ज्ञान, बरोट।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत झटिंगरी, वरधान तथा बरोट पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विषय विशेषज्ञ कृषि पधर डॉक्टर सोनम ने बताया कि 29 मई से 12 जून तक चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र मंडी द्वारा झटिंगरी, वरधान तथा बरोट पंचायतों में किसान जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, पशुपालन, जैविक खेती तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना रहा है। इस अवसर पर वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की टीम में शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वच्छता जागरूकता के लिए की समीक्षा

**सुखविंदर सागर, अनंत ज्ञान, घनारी।** विकास खंड गगरेट में पंचायत स्तर कर्मियों के साथ विभिन्न विकास योजनाओं को गति प्रदान करने के लिए समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पंचायत की सिलाई अध्यापिकाओं को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत बावड़ियों, तालाबों और सार्वजनिक नालियों की साफ-सफाई करने के लिए आदेश दिया। लोगों को अपनी पानी की टंकियों और आसपास साफ-सफाई रखने बारे जागरूक किया गया। खंड विकास अधिकारी ने विश्व पर्यावरण दिवस जोकि 5 जून तक पंचायत स्तर पर मनाया जाना है, उसके अपनी सक्रिय भागेदारी सुनिश्चित करने को कहा। इस अभियान के अंतर्गत पॉलीथिन हटाओ विषय पर लोगों को जागरूक करने और साफ पॉलीथिन अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूह के सहयोग से एकत्रित करने बारे कहा गया ताकि पर्यावरण को पॉलीथिन मुक्त बनाया जा सके। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह को विभिन्न योजनाएं से लाभान्वित करने बारे जानकारी दी गई। इसके साथ ही पंचायत सचिवों को पंचायत स्तर पर ई. परिवार और पशु गणना में अपना पूर्ण सहयोग देने बारे निर्देश दिए गए। इसमें मोहन लाल पंचायत उपनिरीक्षक, रोहित मिशन कार्यकारी और पतासू राम खंड समन्वयक भी उपस्थित हुए।

### थानाकलां में व्यवसायियों ने लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, ऊना।** थानाकलां बाजार में व्यवसायियों द्वारा लगाई गई छबील में पहुंचे पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने शिरकत की।

### चिंतपूर्णी, ऊना पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** सोमवार को ऊना पुलिस और चिंतपूर्णी पुलिस द्वारा अपने अपने क्षेत्र में ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूकता अभियान शुरू किया है। ऊना में एमसी पार्क के पास से यह अभियान शुरू किया गया। उधर, चिंतपूर्णी थाना प्रभारी जयराम शर्मा की अगुवाई में चिंतपूर्णी बाजार में ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों को रोक कर हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया। एसएचओ जयराम शर्मा ने कहा कि हेलमेट को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया है और आज किसी के चालान नहीं काटे गए हैं। उन्होंने कहा कि आगे से नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे जाएंगे। इस मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज दीपक राणा भी उपस्थित रहे। पुलिस का उद्देश्य लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

### चिंतपूर्णी भाजपा ने की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा



**अनंत ज्ञान, अंब।** चिंतपूर्णी अपर मंडल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक अंब स्थित भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के पूर्ण कालिक विस्तारक अमित शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक का उद्देश्य आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करना और पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति पर चर्चा करना रहा। अमित शर्मा ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही किसी भी चुनावी सफलता की नींव होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं, पूर्व विधायक ने उपस्थित पदाधिकारियों का बैठक में आने पर आभार व्यक्त किया व आग्रह किया कि पंचायतों के चुनावों की अभी से तैयारी करना शुरू कर दो। प्रदेश सरकार की हालत बहुत खराब है, बस एकजुट होकर चुनाव की तैयारी करनी है। जिसे भी पार्टी उम्मीदवार बनाएगी, उसको एकजुट होकर जिताना है। बलबीर चौधरी ने प्रदेश सरकार की नाकामियों को सभी के साथ साझा किया व इन्हें आम जनता तक पहुंचाने का आग्रह किया।

### बंगाणा टैक्सी स्टैंड में वार्षिक भंडारा संपन्न



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के कुटलैहड़ टैक्सी यूनियन बंगाणा द्वारा टैक्सी स्टैंड में आयोजित 29वां वार्षिक भंडारा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस विशाल भंडारे में जनसैलाब उमड़ पड़ा और हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के साथ-साथ हरिनगर में ठंडे पानी की छबील भी लगाई गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सेवा कार्यों की सराहना की। इस मौके पर कुटलैहड़ टैक्सी यूनियन के सभी चालक मौजूद रहे। वहीं, जिला परिषद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, बीडीसी सदस्य राज कुमार, पूर्व प्रधान जसमेर सिंह, सुरेश कु मार, केहर सिंह, सुमन, अजय, कुलदीप चन्द, सोमा देवी, पिंकी देवी, शालू, शुभम, सतिंदर कुमार, दक्ष, यक्षित, विक्रम, सतपाल, मनोज चेला आदि उपस्थित रहे।

### सोहारी पंचायत के बुजुर्ग की पैर फिसलने से मौत

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा के विकास खंड बिझड़ी की सोहारी पंचयात के धर्म चंद पुत्र किरपा राम उम्र 70 वर्ष जो कि सुबह करीब 10बजे अपने खेत - खलियानों की तरफ गया था, अचानक पैर फिसलने से कुछ ऊंचाई से नीचे गिर गया और जब परिवारजन उसे बिझड़ी अस्पताल में लेकर आए तो डॉक्टर्स ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर्स ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने मौका पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को परिवारजनों को सौंपा दिया है। एसडीपी.ओ बड़सर लालमन शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मिमला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एमबीडी कंपनी में धोखाधड़ी का मामला आया सामने

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** औद्योगिक क्षेत्र गगरेट के एमबीडी उद्योग में धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें पंजाब के जालंधर स्थित प्रतिष्ठित कागज निर्माण कंपनी एमबीडी प्रिंटोग्राफिक्स प्राइवेट लिमिटेड ने पांच व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस थाना गगरेट में धोखाधड़ी, जालसाजी, संपत्ति के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक बलवंत शर्मा ने लिखित शिकायत में बताया कि कंपनी की इकाई गगरेट में स्थित है, जहां कागज निर्माण कार्य होता है। वर्ष 2018 में मे एक बाहरी साझेदारी फर्म ने उनके साथ कच्चे माल की प्रोसेसिंग (जॉब वर्क) के लिए संपर्क किया। दोनों पक्षों के बीच 11 अक्तूबर 2018 को समझौता भी हुआ। शिकायतकर्ता के अनुसार, उक्त फर्म के पांच प्रमुख लोगों पर आपसी मिलीभगत से एमबीडी प्रिंटोग्राफिक्स लिमिटेड की महत्वपूर्ण मशीनरी और उपकरण को जाली दस्तावेजों के माध्यम से कंपनी परिसर से बाहर निकाल लिया, जिससे कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज करके आगामी जांच शुरू कर दी है ।

### गरीब परिवार से बिजली बोर्ड ने किया भद्दा मजाक

## 900 मीटर दूर लगा दिया मीटर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

बंगाणा तहसील में निर्धन परिवार के लिए बिजली आपूर्ति की सुविधा ही दुविधा बन गई है। मंगलवार को राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान के नेता राज महे के साथ उपायुक्त कार्यालय पहुंचे परिवार ने अपना दुखड़ा सुनाया। इस परिवार ने राष्ट्रीय दलित राज महे के साथ ऊना जिले के उपायुक्त जतिन लाल को एक प्रार्थना पत्र सौंपा। राज महे ने बताया कि तहसील बंगाणा के जोल से रेखा देवी के घर से 900 मीटर (लगभग एक किलोमीटर) दूर बिजली के खंभे पर लगे बिजली के मीटर को घर में लगवाने बारे व घर में पीने के पानी कि सुविधा लेने बारे उपायुक्त के समक्ष समस्या रखी।

प्रभावित परिवार की महिला सदस्य रेखा ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले उसके रिश्तेदार व मायका पक्ष ने जोल गांव में जमीन खरीद करके दी, जिस पर उसने 15 वर्ष पहले अपने पति के साथ टीन पोश मकान बनाया था। रेखा का पति मजदूरी करता है और निर्धन है। रेखा ने बिजली का मीटर लगाने बारे बिजली विभाग में आवेदन किया, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक उनके घर के पास कोई बिजली का खंभा (पोल) नहीं है, इसलिए उनके यहां मीटर नहीं लग पाएगा।



उपायुक्त को समस्या का ज्ञापन देती रेखा और दलित नेता।

फिर बिजली बोर्ड ने रेखा के घर से 900 मीटर दूर एक बिजली के खंभे के ऊपर ही बिजली का मीटर लगा दिया, जिसके लिए उसे 7 हजार की तार का भुगतान करना पड़ा, जो कि पैसे उसने कर्ज उठाकर खर्च किए। कुछ समय के लिए तो रेखा के घर का बिजली का बिल दो सौ से पांच सौ रुपए तक आया, पर अब बिजली की तार खराब होने के बाद उनका बिल हजारों में आना शुरू हो गया है। बिजली बोर्ड ने रेखा के घर पर मीटर लगाने के लिए सात साल पहले दो खंभे लगाए, पर अभी तक इनमें तारें नहीं लग पाई हैं। इसके साथ साथ रेखा के घर में पीने के पानी का नल तक भी नहीं है और उसे पीने का पानी एक किलोमीटर दूर हैंडपंप से पानी लाना पड़ता है।

इस समस्या बारे जिला उपायुक्त को दो बार प्रार्थना पत्र दे चुकी हैं, पर आज दिन तक कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं आई है। उपायुक्त जतिन लाल ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

## बंगाणा के दुधार में आवारा कुत्तों का आतंक, भैंस पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**मवेशियों पर बढ़ते हमले से ग्रामीणों में डर का माहौल**

उपमंडल की बुधान पंचायत के गांव दुधार में आवारा कुत्तों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बीती रात को गांव निवासी शमशेर उर्फ सोनू की दूध देती भैंस को आवारा कुत्तों ने बुरी तरह नोच डाला। घायल भैंस को समय रहते बचा लिया गया, लेकिन उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है, क्योंकि इससे पहले भी आवारा कुत्ते दो अन्य किसानों की भैंसों को मार चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इन घटनाओं को अंजाम देने वाले कुत्तों का झुंड रात के समय इकट्ठा होकर मवेशियों को निशाना बनाता है। स्थानीय निवासी ज्योति ने बताया कि बीते पंद्रह दिनों में यह तीसरी बड़ी घटना है।

पहले हमारे पड़ोसी सुरेश की भैंस को कुत्तों ने मार डाला था, फिर ठाकुरदास की भैंस को भी काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया, जिसकी बाद में मौत हो गई, उन्होंने बताया। ग्रामीणों ने कई बार पशुपालन विभाग और पंचायत को शिकायत दी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गांववासियों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो वे मजबूरन सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। इस समस्या का असर केवल पशुधन पर ही नहीं, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर भी पड़ा है। कई अभिभावक अब अपने बच्चों को अकेले स्कूल भेजने से डरने लगे हैं। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस विषय को गंभीरता से लिया है। बुधान पंचायत प्रधान रीता देवी ने बताया कि पंचायत स्तर पर इस मुद्दे को हल करने के प्रयास किए जा रहे हैं, और प्रशासन से भी इस बारे में बात की जा रही है। हमने पशुपालन विभाग और उपमंडल प्रशासन को लिखित शिकायत भेज दी है, जल्द ही आवारा कुत्तों की धरपकड़ की जाएगी।

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने मांग की है कि इलाके में नियमित रूप से कुत्तों की नसबंदी और पकड़ने की मुहिम चलाई जाए ताकि इस खतरे को रोका जा सके। गांव दुधार में आवारा कुत्तों की बढ़ती गतिविधियां एक गंभीर समस्या बन चुकी हैं। प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि वह जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर ग्रामीणों और उनके मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

## धार क्षेत्र में कृषि बीज वितरण केंद्र खोलने की मांग

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत धार क्षेत्र के लोगों ने चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू से कृषि बीज वितरण केंद्र खोलने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कृषि से संबंधित सभी प्रकार के बीज आदि लेने के लिए खंड विकास अधिकारी अंब के कार्यालय में स्थित कृषि केंद्र में जाना पड़ता है, जिससे क्षेत्र वासियों को आने-जाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।

कृषि बीज वितरण केंद्र खुलने से लगभग 15-16 पंचायत के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा जिला कांगड़ा की कुछ पंचायतों को भी लाभ पहुंचेगा। वहीं, विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बताया कि मामला उनके ध्यान में आया है और धार क्षेत्र में कृषि बीज वितरण उपकेंद्र को खोलना सुनिश्चित किया जाएगा।

## विधायक विवेक ने की पीपलू मेला एवं महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र पारंपरिक पीपलू मेला 5 से 7 जून तक आयोजित होगा, जबकि 7 जून की शाम को पहली बार भव्य 'कुटलैहड़ महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। इन दोनों ऐतिहासिक आयोजनों को सुनियोजित और स्मरणीय बनाने के लिए आज विधायक विवेक शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन उपमंडल अधिकारी कार्यालय के सभागार कक्ष में किया गया।

बैठक में सुरक्षा, सफाई, यातायात नियंत्रण, पेयजल एवं बिजली आपूर्ति, सांस्कृतिक गतिविधियों, मंच व्यवस्था एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की गई। विधायक विवेक शर्मा ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे जनसुविधा को सर्वोपरि रखते हुए पूर्ण समन्वय से कार्य करें, ताकि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

विधायक शर्मा ने कहा पीपलू मेला हमारी परंपरा और कुटलैहड़ की विरासत का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने बताया कि पहली बार आयोजित हो रहा कुटलैहड़ महोत्सव क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नए आयाम देगा।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि मुख्यमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति के अनुरूप सभी तैयारियां उत्तम स्तर पर पूरी की जाएं। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी सोनू गोयल ने जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार,जिला विकास अधिकारी केएल वर्मा, उपनिदेशक उद्योग अंशुल धीमान के साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने भंजाल में सुनीं जनसमस्याएं

**आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया ने अपने निवास स्थान भंजाल में जन समस्याएं सुनीं। इसमें काफी संख्या में लोग विधायक के निवास स्थान पर अपनी जनसमस्याओं को लेकर पहुंचे थे। विधायक ने सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और काफी समस्याओं को मौके पर ही हल किया।

विधायक राकेश कालिया ने एक भेंट वार्ता में कहा कि इलाके के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देना ही मेरा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्या मेरी समस्या है और उन समस्याओं का जल्द निवारन करना मेरा उद्देश्य, क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा व इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊंचाई तक लेकर जाना हमारी सरकार का अहम लक्ष्य है और इसके लिए तेजी से काम हो रहा है। इसके अतिरिक्त विधायक ने



अपने निवास स्थान भंजाल में जनसमस्याएं सुनते विधायक राकेश कालिया।

**मुख्यमंत्री सुक्खू के गगरेट दौरे को लेकर आज होगी बैठक**

बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 7 जून को गगरेट क्षेत्र के दौलतपुर में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत जनता से रू-ब-रू होने के लिए आ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है और 4 जून बुधवार को विधायक राकेश कालिया के निवास स्थान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री सुक्खू के दौरे की आगे की रणनीति कांग्रेस द्वारा बनाई जाएगी।

मंगलवार को जनसमस्याओं को सुनते समय विधायक कालिया के निजी सचिव नरेश कुमार, पीएसओ. अरुण ठाकुर, पंचायत प्रतिनिधि,कर्मचारी वर्ग व काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

## कुटलैहड़ में रुके विकास कार्यों को पुन: शुरू करने की घोषणा करें सीएम : कंवर

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के ऐतिहासिक पीपलू मेले के अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू के प्रस्तावित आगमन को लेकर भाजपा ने स्वागत करते हुए उनसे कुटलैहड़ क्षेत्र में बंद हुए संस्थानों को पुन: खोलने और रुके विकास कार्यों को दोबारा शुरू करने की मांग की है। यह बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कही।

उन्होंने कहा कि पीपलू मेला, जिसे पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के समय जिला स्तरीय दर्जा प्राप्त हुआ था, को भाजपा कार्यकाल में पशु मेले, विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी और खेलकूद कार्यक्रमों के साथ विस्तारित किया गया था। कंवर ने बताया कि वर्ष 2022 में मेले के आयोजन स्थल की सीमितता और मौसम के कारण उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए जलशक्ति विभाग के रेस्ट हाउस और सड़क निर्माण की लगभग 2 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई थी, जो सरकार बदलने के बाद अधर में लटक गई। पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि चूंकि यह मेला उनके गृह जिले के साथ



प्रेस को संबोधित करते पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर।

पड़ता है और यहां के लोगों का भी मुख्यमंत्री को भरपूर समर्थन प्राप्त है, ऐसे में वह यहां कला एवं संस्कृति से संबंधित एक ऑडिटोरियम की घोषणा करें। वीरेंद्र ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद कुटलैहड़ क्षेत्र के 14 संस्थान बंद कर दिए गए, जिन्हें पुन: आरंभ किया जाए।

भाजपा कार्यकाल के दौरान कुटलैहड़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई थीं, जो अब अधर में लटकी हैं। कंवर ने चेतावनी दी कि यदि मुख्यमंत्री कुटलैहड़ क्षेत्र के रुके हुए विकास कार्यों को शीघ्र शुरू करने की घोषणा नहीं करते, तो भाजपा जन आंदोलन की राह अपनाएगी। इस मौके पर भाजपा नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू, राकेश कुमार काला उपस्थित रहे।

## 7 को सीएम गगरेट को देंगे दो सौ करोड़ रुपए की विकास योजनाओं की सौगात

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** विधानसभा क्षेत्र गगरेट के हिस्से बड़ी सौगातें आ सकती हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सात जून को एकदिवसीय दौरे पर गगरेट विधानसभा क्षेत्र में आ रहे हैं। इस दौरान वह करीब दो सौ करोड़ रुपऐ के विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। विधायक राकेश कालिया के विधायक बनने के बाद यह पहला मौका है, जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू गगरेट विधानसभा क्षेत्र में आएंगे।

यही वजह है कि मुख्यमंत्री के दौरे को ऐतिहासिक बनाने के लिए विधायक राकेश कालिया ने कमर कस ली है। मुख्यमंत्री के इस्तकबाल के लिए विशेष फूल मंगवाए जा रहे हैं तो कई तरह से बैंडों से मुख्यमंत्री का स्वागत होगा। यही नहीं मुख्यमंत्री की जनसभा में आने वाले लोगों के लिए कांगड़ी धाम का भी विशेष प्रबंध किया जा रहा है। राज्यसभा चुनाव में प्रदेश में

**दौलतपुर जनसभा में कांगड़ी धाम का स्वाद चखेंगे लोग**

हुई क्रॉस वोटिंग के चलते उपजे घटनाक्रम के बाद हुए उपचुनाव में विधायक राकेश कालिया गगरेट विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। राकेश कालिया के विधायक बनने के बाद यह पहला मौका है, जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू गगरेट क्षेत्र के दौरे पर आ रहे हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री के इस दौरे को यादगार बनाने के लिए विधायक राकेश कालिया ने कमर कस ली है।

मुख्यमंत्री के इस दौरे को यादगार बनाने के लिए विशेष कमेटियां गठित की जा रही हैं। माना जा रहा है कि विधायक राकेश कालिया गगरेट क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री से कोई बड़ी घोषणा करवा सकते हैं। मुख्यमंत्री के इस दौरे के दौरान करीब दो सौ करोड़ रुपयए की विकास योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन होंगे। इनमें 43 करोड़ रुपएकी लागत से सोमभद्रा नदी पर गगरेट-अंब के बीच बनने वाला अंदौरा पुल प्रमुख है। इसके अतिरिक्त एक सड़क मार्ग व जलशक्ति विभाग की कई पेयजल व सिंचाई योजनाओं का भी उद्घाटन मुख्यमंत्री कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री की जनसभा दौलतपुर चौक स्थित राम लीला मैदान में होगी। यहां दो स्टेज तैयार किए जा रहे हैं। इनमें से एक स्टेज का प्रयोग स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा। इस दौरान जनसभा में आने वाले लोगों को कांगड़ी धाम का आनंद लेने का भी मौका मिलेगा। विधायक राकेश कालिया ने बताया कि मुख्यमंत्री का सात जून का दौरा लगभग तय है। मुख्यमंत्री हेलिकाप्टर से गगरेट पहुंचेंगे।

## श्रीकृष्ण का शरीर है भागवत पुराण : देवकीनंदन

**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध मौनी धाम घनारी गांव में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान कथा व्यास देवकीनंदन दास जी (गोकुल) वाले ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और समाजधर्म का ज्ञान देती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने दिव्य देह का तेज इस महापुराण में प्रवेश करा दिया था, इसलिए इसे भगवान का शरीर माना जाता है तथा इसे सुनने मात्र से तमाम तरह के कष्टों से मुक्ति मिल जाती है।

कथा व्यास ने कहा कि जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है, तब परमात्मा स्वयं आकर लीलाएं करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत पुराण को सुनने वाले भक्त मोक्ष प्राप्त करते हैं। जिस तरह राजा परीक्षित श्राप से मुक्त हुए, उसी तरह कई राक्षस और पापी भी परमात्मा की शरण में जाकर मुक्ति पा गए। श्रीमद् भागवत पुराण को सभी ग्रंथों में महापुराण की संज्ञा मिली है।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आर्य स्कूल बंगाणा के छात्रों ने दिखाया दमखम



माउंट आबू से वापस लौटे छात्र प्रशस्ति पत्रों के साथ।

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा के तीस होनहार छात्र हाल ही में माउंट आबू स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय लौटे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता प्रभारी सीमा निरंकारी ने बताया कि छात्रों ने पेंटिंग, योग, सुलेख, चेयर गेम, रस्साकशी तथा दौड़ जैसी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन स्पर्धाओं में न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया, बल्कि उनमें आत्मविश्वास व अनुशासन भी विकसित किया। प्रतिभागी छात्रों में दिया, गरिमा, एंजेल, सेजल, प्रियांशी, सोनाक्षी, आरुषि, कनिका, अक्षिता, हर्षित, उदय ठाकुर, तरुण तथा वरुण आदि शामिल रहे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में उन्हें अपनी रचनात्मकता, अनुशासन और शारीरिक क्षमता को दिखाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया।

विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बहुत ही बढ़िया जानकारी प्राप्त हुई है।

**तैयारी** 6 जून को ऊना जिले में आयोजित होगी मेगा मॉक ड्रिल, परिकल्पित आपदा परिदृश्यों पर आधारित होगा अभ्यास

## आपदा प्रबंधन के लिए विभागीय तालमेल अत्यंत आवश्यक : डीसी

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** ऊना के डीसी जतिन लाल ने कहा है कि किसी भी आपदा की स्थिति में प्रभावी राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच गहरा समन्वय और सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिले में 6 जून को आयोजित होने जा रही मेगा मॉक ड्रिल इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए की जा रही है। वह मंगलवार को एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों के साथ मॉक ड्रिल से पूर्व आयोजित टेबल टॉप अभ्यास के दौरान बोल रहे थे।

बता दें, 6 जून में प्रदेशभर में राज्य स्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में ऊना में भी मॉक ड्रिल होगी। मॉक ड्रिल का आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से किया जा रहा है। यह अभ्यास विशेष रूप से भूकंप जैसे परिकल्पित आपदा परिदृश्यों पर आधारित होगा।



आपदा प्रबंधन को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी जतिन लाल।

उपायुक्त ने कहा कि यह अभ्यास जिला प्रशासन, विभागों और जनसामान्य की आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों का आकलन करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निदेशक डीसी राणा ने शिमला से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**हर विभाग निभाएगा विशिष्ट भूमिका :** उपायुक्त ने बताया कि इस राज्य स्तरीय अभ्यास में सभी संबद्ध विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। आपदा प्रबंधन योजना के अनुरूप प्रत्येक विभाग की निर्धारित भूमिका है, वे उसका निर्वहन करेंगे।

वहीं, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक इस अभ्यास के दौरान सभी कार्यप्रणालियों की निगरानी करेंगे। टेबल टॉप अभ्यास के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीके वर्मा, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा, गृहरक्षक समादेशक डॉ. विकास सकलानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में उपस्थित रहे।

### इन स्थानों पर होगी मॉक ड्रिल

**उपायुक्त** ने बताया कि यह मॉक ड्रिल जिले के विभिन्न उपमंडलों में आयोजित की जाएगी, जहां भिन्न-भिन्न परिकल्पित आपदा स्थितियों को आधार बनाकर राहत व बचाव गतिविधियों का अभ्यास किया जाएगा। ऊना उपमंडल के पेखूबेला स्थित आईओसीएल टर्मिनल में पेट्रोलियम थोक भंडारण इकाई में आग लगने और ढांचागत क्षति की स्थिति को परिकल्पित किया गया है, जबकि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (छात्र), ऊना में भवन में आग और संरचनात्मक नुकसान का परिदृश्य रहेगा। अंब उपमंडल के अंब-नेहरियां रोड पर स्थित पिंडी दास आश्रम एवं आई हॉस्पिटल में भूस्खलन की स्थिति को आधार बनाया जाएगा। इसी तरह, गगरेट उपमंडल में गगरेट-होशियारपुर रोड पर एके पुरी एचपी पेट्रोल पंप पर आगजनी की घटना और हरोली उपमंडल के टाहलीवाल स्थित नेस्ले इंडिया लिमिटेड परिसर में फैक्टरी भवन की संरचनात्मक क्षति एवं अग्निकांड को परिकल्पित किया गया है।

### सायरन बजते ही सक्रिय होगा आपदा प्रबंधन अमला

6 जून को राज्य मुख्यालय से परिकल्पित भूकंप आपदा संबंधी संदेश प्राप्त होते ही उपायुक्त कार्यालय में हूटर बजेगा, जिसके बाद चिन्हित स्थलों पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सायरन के साथ रवाना होंगी और हर उपमंडल में निर्धारित आपदा प्रबंधन योजना के अनुरूप तत्काल प्रतिक्रिया दी जाएगी। उपायुक्त ने नागरिकों से भी आग्रह किया है कि वे मॉक ड्रिल के दौरान भूकंप जैसी आपदा की स्थिति में आवश्यक सावधानियों का अभ्यास करें। उन्होंने कहा कि सायरन बजते ही किसी मजबूत मेज या फर्नीचर के नीचे जाकर सिर को हाथ से ढकना तथा खुले स्थान में सुरक्षित रूप से पहुंचना जैसी प्राथमिक सावधानियों का अभ्यास किया जाना चाहिए।

# 78,820 अफीम के पौधे किए नष्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पुलिस की ओर से जिला कुल्लू में लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में नशे के खिलाफ कार्रवाई की गई है और कई आरोपियों को नशे की खेप के साथ गिरफ्तार किया गया है।

इसी कड़ी में विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस को दो बड़ी सफलताएं हाथ लगी हैं। इसमें पहले मामले में भुंतर पुलिस ने एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे मामले में बंजार पुलिस ने अफीम की अवैध खेती का पर्दाफाश करते हुए हजारों की संख्या में उगाए गए पौधों को नष्ट किया है। पहले मामले में पुलिस थाना भुंतर की एक टीम गश्त के दौरान, जब हाथीथान क्षेत्र में आरके शॉल इंडस्ट्री के समीप पहुंची, तो एक युवक की गतिविधियों पर संदेह होने पर उसे रोका गया। पूछताछ के दौरान जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से 450 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने तुरंत युवक को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेश कुमार (21) पुत्र राम कुमार निवासी गांव एवं डाकघर जिया, तहसील भुंतर व जिला कुल्लू के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी यह चरस कहां से लाया था और इसे कहां बेचने वाला था। वहीं, दूसरी ओर पुलिस थाना बंजार की टीम ने गश्त के दौरान श्रीकोट हुरी, खाता केली और कचयाली क्षेत्रों में अफीम की अवैध खेती का पर्दाफाश किया है।



### भुंतर में 450 ग्राम चरस के साथ एक युवक काबू

इन इलाकों में पुलिस ने खेतों में अवैध रूप से उगाए गए करीब 78,820 अफीम के पौधों को चिन्हित कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस ने इस संदर्भ में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 18 के तहत तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन पौधों की खेती किसने और क्यों की थी। इन मामलों में भी जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक ने पुष्टि करते हुए बताया कि चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दूसरे मामले में बंजार पुलिस टीम ने अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया है। उन्होंने बताया कि जिले में नशे को जड़ से खत्म करने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस हर सूचना पर त्वरित कार्रवाई कर रही है और जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# मंच पर एसपी को आई नींद की झपकी, वीडियो वायरल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नींद तो कभी भी किसी को भी आ सकती है, लेकिन अगर कोई अधिकारी या कोई वीआईपी किसी मंच पर नींद की झपकी ले तो वह सभी के लिए चर्चा का विषय बन जाता है। ऐसी ही एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। इसमें पुलिस अधीक्षक कुल्लू के एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर नींद की झपकी ले रहे होते हैं। इस वीडियो में एसपी के साथ बगल में बैठी डीसी उन्हें पेन से हिलाकर जागने का इशारा करती हुई नजर आ रही हैं। उक्त वीडियो 28 मई के सीएम के बंजार के शाईरोपा स्थित ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में आयोजित कार्यक्रम की है। कार्यक्रम के दौरान एसपी कुल्लू डॉ. गोकुलचंद कार्तिकेयन को नींद की झपकी आ जाती है, ऐसे में उनके साथ बैठी डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश पेन से एसपी को हिलाती हैं, तब जाकर एसपी की नींद टूटती है। एसपी करीब 15 सेकेंड से अधिक समय तक वीडियो में सोए नजर आ रहे हैं। एसपी जब नींद की झपकी ले रहे होते हैं, तब मंच पर किसी नेता का भाषण चल रहा होता है। ऐसे में जनता के बीच से किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दी है, जो कि लोगों के लिए चर्चा का विषय बनी हुई है। इस पर सोशल मीडिया यूजर खूब कमेंट कर रहे हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, कोई बात नहीं थोड़ी बहुत झपकी चलती है, पुलिस अधिकारी हैं पूरे जिले की जिम्मेदारी है, अक्सर 24 घंटे चौकन्ना रहना पड़ता है। थकावट व अतिरिक्त स्ट्रेस कई बार हो जाता है। वहीं, एक ने लिखा है सीएम कार्यक्रम के कारण अधिक प्रेशर होगा, जिस कारण एसपी रातभर सो नहीं पाए हैं। चर्चा है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों और सुरक्षा के दृष्टिगत अधिकारी 27 मई को देर रात तक सो नहीं पाए थे। इससे अधिकारी की कार्यक्रम के दौरान आंख लग गई। लिहाजा, एसपी की मंच पर नींद की झपकी लेने की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसे लेकर यूजर्स तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं।



# 10 से 23 जुलाई तक होगी श्रीखंड महादेव यात्रा

**अनंत ज्ञान, आनी**

उत्तर भारत की सबसे कठिनतम यात्राओं में शुमार श्री खंड महादेव यात्रा इस वर्ष 10 जुलाई से 23 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। 23 जुलाई को श्रद्धालुओं का आखिरी जत्था प्रशासन की ओर से रवाना किया जाएगा। यात्रा को 5 सेक्टरों में बांटा जाएगा और यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

डीसी कुल्लू एवं श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट की अध्यक्ष तोरुल एस रवीश ने यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में यह बात कही। उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निरमंड उपमंडल के प्रशासनिक अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों को यात्रियों की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष आपदा से यात्रा रूट के जो रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उनका मरम्मत कार्य चल रहा है। यात्रियों के ठहराव के सभी स्थानों पर उचित आधारभूत सुविधा प्रदान करने के लिए प्रशासन प्रयासरत है। उन्होंने संबंधित विभागों को मामले पर तेजी से कार्य करने और आपसी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। डीसी ने यात्रा ट्रस्ट के सदस्यों, चायल, जुआगी पंचायत के व्यापारियों के साथ श्रीखंड यात्रा को लेकर विस्तृत चर्चा की।



बैठक के दौरान मिल्क फेडरेशन के अध्यक्ष बुद्धि सिंह सहित अन्य अधिकारी चर्चा करते हुए।

ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य एवं मिल्कफेड के चेयरमैन बुद्धि सिंह ने भी इस दौरान प्रशासन से विभिन्न मामलों में विस्तार से चर्चा की और कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने यात्रा के सफल आयोजन की कामना की और श्रद्धालुओं से यात्रा को सफल बनाने के लिए सहयोग का भी आह्वान किया। इस मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि सभी यात्रियों को पंजीकरण के द्वारा ही यात्रा पर रवाना किया जाएगा। यात्रियों के स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल टीमें तैनात की जाएंगी। यात्रा पंजीकरण शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 250 रुपए का पंजीकरण शुल्क यात्रियों से लिया जाएगा। पंजीकरण ऑनलाइन होगा और इस संबंध में पंजीकरण पोर्टल को कुछ दिनों में चालू किया जाएगा। विभिन्न विभागों के समन्वय से यात्रा के सफल आयोजन के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान पर्वतारोहण संस्थान का दल भी तैनात रहेगा। इसके अलावा रेस्क्यू दल भी विभिन्न स्थानों पर तैनात किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज देवरी, नगाली में बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, आनी।** 22 केवी नगान-आनी फिडर के आनी-देवरी स्पर फीडर के उचित रखरखाव और मरम्मत के चलते आज बिजली आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। इस कारण नालदेरा, आनी विकास खंड कार्यालय के आसपास, आनी की मिशन कॉलोनी, देवरी, नगाली, अमरबाग, गाड-डीम आदि क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली उपमंडल आनी के सहायक अभियंता एमआर कश्यप ने बताया कि यह शट डाउन हालांकि गत शुक्रवार को किया जाना था, लेकिन बारिश होने के चलते इस कार्य को अब बुधवार को पूरा किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील की है।

### बशता मेला 3 देवताओं के आगमन के साथ शुरू

**अनंत ज्ञान, आनी।** कुल्लू जिले की नम्होंग पंचायत में आयोजित पारंपरिक बशता मेला मंगलवार से धूमधाम के साथ शुरू हुआ। यह तीन दिवसीय मेला 50 वर्षों से मनाया जा रहा है, जबकि पिछले 4 सालों से स्वर्गीय प्रदीप परमार की याद में इसका नाम जोड़ा गया है। मेले का शुभारंभ ब्यूंगली नाग, देउरी नाग और कुलक्षेत्र महादेव की भव्य शोभायात्रा से हुआ। इसमें क्षेत्र के लोग भारी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर जालप राम प्रधान ब्यूंगल और नम्होंग पंचायत की प्रधान उर्मिला देवी ने मुख्यातिथि के रूप में मेले की शुरुआत की। मेले के पहले दिन स्कूली बच्चों और महिला मंडलों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में नम्होंग स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर दलाश, प्राथमिक विद्यालय दलाश और सरस्वती विद्या मंदिर ओलवा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। दूसरे दिन विधायक लोकेंद्र कुमार बतौर मुख्यातिथि मेले में शिरकत करेंगे। इस दिन महिला मंडलों और स्कूली बच्चों के अलावा लोक गायक अशोक पालरा और यश कश्यप की प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे।

### डोला ठाकुर बने तकनीकी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, मनाली।** तकनीकी कर्मचारी संघ इकाई मनाली की नई कार्यकारिणी का गठन मंगलवार को किया गया। इसमें डोला ठाकुर को तकनीकी कर्मचारी संघ इकाई मनाली इकाई का अध्यक्ष बनाया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नैन प्रकाश, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश, उपाध्यक्ष पूर्ण, सचिव चेतन शर्मा, सहसचिव भूषण शर्मा, सहसचिव तेज राम, वित्त सचिव रवि ठाकुर, संगठन सचिव सुनील कुमार, मुख्य सलाहकार मनोज प्रभाकर, मीडिया प्रभारी, राजेंद्र कुमार को बनाया गया है। डोला ठाकुर ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से मनाली इकाई को मजबूती प्रदान की जाएगी। इस दौरान तकनीकी कर्मचारी संघ इकाई मनाली का साधारण अधिवेशन भी संपन्न हुआ। अधिवेशन में प्रदेशाध्यक्ष रणवीर ठाकुर, महामंत्री चमन लाल शर्मा, उपाध्यक्ष इंद्र सिंह व संगठन मंत्री प्रताप ठाकुर मौजूद रहे। रणवीर ठाकुर ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को केंद्र के वेतनमान दिए जाने की अटकलों का तकनीकी कर्मचारी संघ पुरजोर विरोध करते हैं।

### संत निरंकारी मिशन मनाएगा पर्यावरण दिवस

**अनंत ज्ञान, मनाली।** थीम 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' के तहत संत निरंकारी मिशन मनाली पर्यावरण दिवस मनाने जा रहा है। मनाली शहर में एक विशेष सफाई अभियान व पौधरोपण सहित जागरूकता रैली का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संत निरंकारी मिशन मनाली की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन, सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के लोककल्याणकारी एवं दूरदर्शी नेतृत्व में व्यापक पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मनाली मुखी मधुबाला ने बताया कि यह अभियान संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित थीम 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' को केंद्र में रखते हुए चलाया जा रहा है। यह प्रयास न केवल स्वच्छ, हरित एवं संतुलित पर्यावरण की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि यह आज की युवा पीढ़ी को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने और संरक्षण की भावना को व्यवहार में उतारने की एक प्रेरणादायक पहल भी है।

### टैम्पो-ट्रैवलर बंद होने से मिली राहत

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली व ढुंगरी के लिए टैम्पो-ट्रैवलर बंद होने से उस क्षेत्र के लोगों को राहत मिल गई है। बुकिंग वाले टैम्पो-ट्रैवलर ही दस्तावेज दिखाकर होटलों तक जा सकते हैं। मनाली पंचायत की मांग के बाद मनाली पुलिस ने शहर के रामबाग चौक से ओल्ड मनाली और हिडिंबा मंदिर सड़क पर ट्रैवलर के संचालन पर रोक लगाई है, अब इन संपर्क सड़कों पर टैम्पो-ट्रैवलर नहीं चल रहे, इससे ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिली है। सड़क तंग होने के कारण टैम्पो-ट्रैवलर से ट्रैफिक जाम अधिक लग रहा था। मनाली पंचायत ने प्रशासन से मांग की थी कि हिडिंबा मंदिर (ढुंगरी) और ओल्ड मनाली के लिए टैम्पो-ट्रैवलर बंद किए जाएं। उधर, टैम्पो-ट्रैवलर चालक राजेंद्र, संजू व जितेंद्र का कहना है कि टैम्पो-ट्रैवलर रोकना ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि समर सीजन में बढ़ी पर्यटक वाहनों की आमद को देखते हुए कुछ समय के लिए हिडिंबा मंदिर और ओल्ड मनाली के लिए टैम्पो-ट्रैवलर की आवाजाही रोकी गई है।

### फरमेंटर मशीन को शामिल करे सरकार : महेंद्र

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जूजूराण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक महेंद्र उपाध्याय ने हिमाचल सरकार के समक्ष एक नवीन प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। इसमें किसानों के बीच जैविक और स्थायी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से और हॉर्टिकल्चर विभाग की मौजूदा सब्सिडी योजनाओं के तहत ऑटोमैटिक सोलर बायो (जीवामृत) फरमेंटर मशीन को शामिल करने का अनुरोध किया है। जूजूराण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की ओर से बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी को पत्र लिखा गया है और हॉर्टिकल्चर विभाग की मौजूदा सब्सिडी योजनाओं में इसे शामिल करने का आग्रह किया गया है। कंपनी के निदेशक महेंद्र उपाध्याय ने कहा कि ऑटोमैटिक सोलर बायो (जीवामृत) फरमेंटर मशीन स्थानीय रूप से उपलब्ध जैविक इनपुट्स जैसे गाय के गोबर, गाय के मूत्र, जंगल की मिट्टी, सोयाबीन और औषधीय पौधों की पत्तियों का उपयोग कर जैविक उर्वरकों, फसल वृद्धि बूस्टर और लाभकारी माइक्रोबियल कल्चर की कुशल ऑन-साइट तैयारी में सक्षम बनाती है।

### देव अनुष्ठान जगणीहा फिर से होगा आयोजित

**अनंत ज्ञान, बंजार।** आराध्य देवता शृंगा ऋषि के अधिष्ठप क्षेत्र पांच कोठी सराज के कारदारों व कारकूनों द्वारा ऐतिहासिक देव परंपरा जगणीहा को संजोए रखने के लिए सर्वसम्मति से फैसला लिया। शृंगा ऋषि की 26 वर्षों से बाधित ऐतिहासिक देव अनुष्ठान जगणीहा की देव परंपरा को फिर से आयोजित किया जाएगा। इस फैसले से देव समाज में खुशी की लहर है। उपरोक्त देव अनुष्ठान की बाधित देव परंपरा को फिर से शुरू करने के लिए शृंगा ऋषि महाराज ने देव आदेश जारी कर अपने अधिष्ठप क्षेत्र पांच कोठी सराज, कोठी फतेहपुर, कोठी शिकारी, कोठी त्रिलोकपुर, कोठी खड़ागाड़, कोठी चेहणी के देवी-देवताओं के कारदारों, कारकूनों को बुलावा भेजकर बारी बुलाया, जहां उपरोक्त पांच कोठी के देवी-देवताओं के कारदार, कारकूनों ने जनरल हाउस आयोजित कर सर्वसम्मति से 26 वर्षों से बाधित शृंगा ऋषि के ऐतिहासिक देव अनुष्ठान जगणीहा की देव परंपरा को फिर से नियम अनुसार शुरू करने का फैसला लिया।

# राजकुमार सोहेल बने आढ़ती यूनियन के प्रधान

**अनंत ज्ञान, बंजार।** आढ़ती एसोसिएशन सब्जी मंडी बंजार की बैठक का आयोजन बंजार सब्जी मंडी में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान शिकारीघाट विजय ठाकुर द्वारा नव कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी में राजकुमार सोहेल को आढ़ती यूनियन का प्रधान व पवन चौहान को सचिव नियुक्त किया गया। इस दौरान सब्जी मंडी बंजार के आढ़ती कमलेश कुमार अनु, प्रेम सिंह, उपेंद्र संधू, पिंकू नेगी, संदीप, नृप राम, डीने राम, टोनी, बीर पाल आदि मौजूद रहे। इस दौरान राज कुमार सोहेल ने कहा कि वे सभी आढ़तियों के हितों के लिए कार्य करते रहेंगे।

# आपदा प्रबंधन के लिए विभागीय तालमेल आवश्यक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

उपमंडलधिकारी एवं जिला आपातकालीन नियंत्रण केंद्र नोडल अधिकारी लाहौल-स्पीति आकांक्षा शर्मा ने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में प्रभावी राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच आपसी तालमेल और सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

जिले में 6 जून को आयोजित होने जा रही मेगा मॉक ड्रिल इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए की जा रही है। वे मॉक ड्रिल से पूर्व इस संबंध में डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित टेबल टॉप में सभी विभागों द्वारा मॉकड्रिल के दौरान किए जाने वाले कार्यों के बारे में बता रही थी। उन्होंने बताया कि 6 जून में प्रदेशभर में राज्य स्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में लाहौल-स्पीति जिले में भी मॉक ड्रिल होगी। मॉक ड्रिल का आयोजन राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से किया जा रहा है। यह अभ्यास विशेष रूप से जिले में भूकंप, ग्लेशियर झील का टूटने, विभिन्न भवनों के गिरने जैसे परिकल्पित आपदा परिदृश्यों पर आधारित होगा। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास जिला प्रशासन, विभागों और जनसामान्य की आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों का आकलन करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। जिले में भिन्न-भिन्न आपदा स्थितियों को आधार बनाकर राहत व बचाव गतिविधियों का अभ्यास किया जाएगा। लाहौल-स्पीति जिले में 9 स्थानों पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इनमें केलांग उपमंडल के तहत सिस्सू में गलेशियर झील का टूटना, भूकंप के कारण केलांग अस्पताल भवन का गिरना व केलांग शहर में एक भवन का गिर जाने का परिदृश्य रहेगा।



डीसी कार्यालय में आयोजित टेबल टॉप एक्सरसाइज के दौरान एसडीएम के साथ अन्य।

# तीर्थन और जिभी वैली में विकसित होगी डेनमार्क की ब्रॉउन ट्राउट मछली : राम सिंह

**शीला कौल, अनंत ज्ञान**

**बंजार।** एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने कहा कि तीर्थन और जिभी वैली में डेनमार्क की ब्रॉउन ट्राउट मछली विकसित होगी।

मत्स्य विभाग बंजार के सौजन्य से अध्यक्ष एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति राम सिंह मियां ने प्रथम चरण में तीर्थन नदी को स्वच्छ जल धारा स्थित नगलाड़ी और गुशैनी के मध्य 17 हजार ब्राउन ट्रॉउट मछली के बीज प्रवाहित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एंगलिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगा। वहीं, इस पहल से उपमंडल बंजार के नदी-नालों में डेनमार्क ब्राउन ट्राउट मछली के उत्पादन को विकसित करने से बेहतर क्वालिटी की मछलियां आखेटकों को उपलब्ध हो पाएंगी। एपीएमसी अध्यक्ष ने बताया कि सरकार मछली पालन के लिए प्रशिक्षण प्रदान करती है। सरकार उन्नत मछली प्रजातियों का बीज उपलब्ध करवाती है। सरकार मछली पालन को बढ़ावा देने और लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मछली पालन पर सरकार सब्सिडी भी प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त नदी मत्स्य पालन कार्यक्रम मुख्यमंत्री मत्स्य पालन योजना से ग्रामीण लोगों के लिए स्वरोजगार उपलब्ध करवाती है। मत्स्य पालन से क्षेत्र में ग्रामीण टूरिज्म को बढ़ावा मिलता है। स्थानीय लोगों को घरद्वार में ही रोजगार के अवसर भी मिलते हैं। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अपील की है कि ब्लीचिंग पाउडर, जाला चला कर जो अवैध रूप से फिशिंग करता है, वह दंडनीय अपराध में जाता है, इसलिए अवैध रूप से फिशिंग न करें।

# कुंईरी महादेव के दर्शनों को उमड़ा जनसैलाब कुमारसैन में दिखा आस्था का अद्भुत नजारा



कुंईरी महादेव के दर्शनों को उमड़ा जनसैलाब।

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी के कुंईर स्थित भगवान वेदव्यास कुंईरी महादेव इन दिनों आठ दिवसीय शिमला दौरे पर हैं। इस दौरे के दौरान देवता का जगह-जगह भव्य स्वागत किया जा रहा है।

मंगलवार को देवता पहली बार नारकंडा पहुंचे। वहां देव नृत्य और पारंपरिक नाटी का आयोजन किया गया। इसके बाद मतियाना में देवयात्रा का रात्रि ठहराव रहा। बुधवार को यात्रा देवी मोड़ होते हुए फागू (गलू) पहुंचेगी, जहां 4-5 जून को भव्य देवभोज का आयोजन होगा। वहीं, सोमवार को कुमारसैन के कोटेश्वर महादेव मंदिर कोटी मंढोली में भारी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। देवता के दर्शन और झलक पाने के लिए दूर-दराज से सैकड़ों श्रद्धालु एकत्रित हुए। इस धार्मिक यात्रा में हर पड़ाव पर भव्य देवधाम और प्रसाद (भंडारा) का आयोजन किया जा रहा है। देवता 1 जून को कुंईर धाम से फागू (गलू) की ओर अपने हजारों देऊलों के साथ प्रस्थान कर चुके हैं।

रविवार शाम को नगान में भव्य स्वागत के बाद सोमवार को लुहरी पहुंचे, जहां वन विभाग द्वारा प्रसाद की व्यवस्था की गई। उसी दिन शाम को देवता कुमारसैन पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने देव झांकी के दर्शन किए। देवता सचिव ठाकुर दास वर्मा ने बताया कि कुंईरी महादेव श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी करने वाले देवता हैं। कारदार इंद्र सिंह के अनुसार, देवयात्रा में तीन गढ़ व सात हार के देऊल सम्मिलित हैं और पूरे आउटर सराज की जनता इसमें भाग ले रही है।

# मेगा मॉक ड्रिल पर टेबल टॉप एक्सरसाइज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के सौजन्य से हिमाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन द्वारा 6 जून को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर वर्चुअल टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। भूकंप पर आधारित 9वीं राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल की तैयारी को लेकर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने वर्चुअल माध्यम से समीक्षा की तथा जिला प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। अतिरिक्त उपायुक्त, अश्वनी कुमार सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी, आईटीबीपी, एसएसबी, ग्रिफ, पुलिस, होमगार्ड के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। टेबल टॉक एक्सरसाइज का उद्देश्य आपदा की स्थिति में इंफ्रास्ट्रक्चर, विभागीय समन्वय, उपलब्ध संसाधनों और तत्काल प्रतिक्रिया तंत्र की समीक्षा करना रहा। एडीसी अश्वनी कुमार ने कहा कि आपदा की घड़ी में एक सेकेंड भी कीमती होता है। तैयारी जितनी मजबूत होगी, जान-माल की हानि उतनी ही कम होगी।

# लिंग रिमपोछे ने अनुयायियों को धर्म पर चलने की दी सीख

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



बौद्ध धर्म के धर्म गुरु लिंग रिमपोछे मनाली के नजदीक डोभी स्थित तिबतियन कालोनी डोभी पहुंचे। डोभी आगमन पर श्रद्धालुओं ने इनका खतक डाल कर भव्य स्वागत किया। धर्म गुरु ने अपने अनुयायियों को धर्म के मार्ग पर चलने की सीख दी।

सैकडों श्रद्धालुओं ने इनके प्रवचन बड़े ध्यान पूर्वक सुने। अंत में धर्म गुरु ने सभी उपस्थित अनुयायियों को आशीर्वाद दिया। पूर्व विधायक रवि ठाकुर, पूर्व एसटी कमीशन के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने बताया कि धर्म गुरु कल लाहौल घाटी पहुंच रहे हैं। रिमपोछे सबसे पहले सिस्सू में लोगों को आशीर्वाद देंगे। दोपहर बाद तोद वेली के क्वारिंग में रुकेंगे, उसके बाद वह रात्रि विश्राम केलांग में करेंगे, जहां वह लोगों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। 4 जून को वह जांस्कर के पूरने में ठहरेंगे। उसके बाद पदम में रुकेंगे। लिंग रिमपोछे दलाई लामा के गुरु हैं, जिन का बौद्ध धर्म में बहुत ऊंचा स्थान है। लिंग रिमपोछे परम पावन 7वें क्याब्जे योंगजिन लिंग रिनपोछे का जन्म 18 नवंबर, 1985 को मैक्लोडगंज धर्मशाला में हुआ था। 1987 में परम पावन 14वें दलाई लामा ने उन्हें 6वें क्याब्जे योंगजिन लिंग रिनपोछे (1903-1983) के पुनर्जन्म के रूप में मान्यता दी, जो परम पावन 14वें दलाई लामा के सबसे वरिष्ठ शिक्षक थे। 6वें क्यबजे योंगजिन लिंग रिनपोछे परम पावन के मुख्य शिक्षक और आध्यात्मिक सलाहकार थे, जो उनके जीवनकाल में उनके साथ थे और 1959 में जब वे तिब्बत से निर्वासन में भाग गए थे, तब भी वे उनके साथ थे।

# एनसीडी और पोषण के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में मंगलवार को जिला स्तरीय विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी कुल्लू डॉ. घनश्याम वर्मा ने की।

डॉ. घनश्याम वर्मा ने बताया कि एनसीडी गैर संचारी रोग है। उन्होंने सभागार में उपस्थित लोगों को एनसीडी और पोषण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जोनल अस्पताल के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं नर्सिंग छात्र उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में भाषण, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई और सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और जलपान दिया गया। इस मौके पर जिला सूचना एवं जन संप्रेशण अधिकारी निर्मला महंत सहित अन्य प्रशिक्षु छात्राएं व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

**परेशानी** सार्वजनिक निकास नाली में बहाया जा रहा टॉयलेट का पानी

# कोर्ट रोड की नाली बनी 'बीमारियों का गढ़'

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

आनी। पिछले 2-3 महीनों से उपमंडल मुख्यालय आनी के कोर्ट रोड पर स्थित निकास नाली में किसी निजी टॉयलेट का गंदा पानी लगातार खुले में बहाया जा रहा है। इस बदबूदार और गंदे पानी से क्षेत्र में रहने वाले दुकानदार और स्थानीय निवासी बेहद परेशान हैं। दुर्गंध का आलम यह है कि दुकान में बैठना तो दूर, राह चलते लोगों का भी सांस लेना मुश्किल हो गया है।

पीड़ितों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को शिकायत भेजी गई है। शिकायतकर्ता का कहना है, मजबूरी में हमें ऑनलाइन शिकायत करनी पड़ी, क्योंकि इस गंध से रहना मुश्किल हो गया है। अगर इससे कोई गंभीर बीमारी फैलती है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? प्रभावित लोगों का कहना है कि यह मार्ग आनी के सब जज कोर्ट, एसडीएम कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, जलशक्ति और बिजली मंडल कार्यालय, विकास खंड कार्यालय, पुलिस थाना, सिविल अस्पताल, आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सहित कई अन्य विभागों को जाता है। हर दिन इस मार्ग से बड़े-बड़े अधिकारी गुजरते हैं, लेकिन समस्या का अभी तक किसी न कोई समाधान नहीं किया। आने वाले बरसात के दिनों में इस गंदगी से बीमारियों के फैलने का अंदेशा बना हुआ है। शिकायतकर्ता तिलक वर्मा, आर्यन शर्मा सहित दर्जनों अन्यों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों को इस समस्या की जानकारी व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों की मांग है कि इस गंभीर समस्या का तत्काल समाधान निकाला जाए, जिससे उन्हें राहत मिल सके। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या जनस्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। वहीं, इस बारे में बीडीओ आनी राजेंद्र सिंह चौहान का कहना है कि शिकायत संबंधित ग्राम पंचायत को दी जाए और उसकी एक प्रतिलिपि बीडीओ कार्यालय में भी संलग्न की जाए, तब जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



कोर्ट रोड में बनी निकास नाली में निजी टॉयलेट का गंदा पानी खुले में बहाया जा रहा।

# रंजीत ने पार्बती जलविद्युत परियोजना के प्रमुख का पदभार संभाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रंजीत सिंह, महाप्रबंधक (यांत्रिक) ने मंगलवार से पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो के परियोजना प्रमुख का पदभार ग्रहण कर लिया है। रंजीत सिंह 19 दिसंबर, 2020 से पार्बती-।। परियोजना के पावर हाउस, सियूंड के प्रमुख के तौर पर तैनात रह चुके हैं। रंजीत सिंह ने पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय से वर्ष-1998 में यांत्रिकी में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। एनएचपीसी में उन्होंने इंजीनियर के तौर पर वर्ष-1998 में चमेरा-I पावर स्टेशन से अपनी व्यावसायिक यात्रा की शुरूआत की। अपने 27 वर्षों के व्यावसायिक जीवन में उन्होंने एनएचपीसी की जलविद्युत परियोजनाओं/पावर स्टेशनों (चमेरा-1 पावर स्टेशन, कुरीचु (भूटान), क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ आदि में कार्य किया है।



# दिव्यांगता के क्षेत्र में दी जा रही सेवाओं की जानकारी साझा की




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भुट्टी में मंगलवार को आशा कार्यकर्ताओं के लिए दिव्यांगता विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य आशा कार्यकर्ताओं को दिव्यांग बच्चों एवं व्यक्तियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच, उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और समावेशी विकास के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर डॉ. नम्रता उपस्थित रहीं। उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए आयोजनकर्ताओं का धन्यवाद किया। कार्यशाला में सांफिया संस्था की ओर से दिव्यांगता के क्षेत्र में दी जा रही सेवाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई। बीजू हिमदल, कार्यक्रम प्रबंधक, ने सांफिया द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों और सेवाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सांफिया फाउंडेशन दिव्यांगता के क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम चला रही है। इसके साथ ही उन्होंने सांफिया की थेरेपी सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी, इसमें विशेष रूप से अर्ली इंटरवेंशन थैरेपी प्रोग्राम, थैरेपी ऑन व्हील्स, डीईआईसी तथा समावेशन कार्यक्रम शामिल हैं। ये सेवाएं दिव्यांग बच्चों की समय पर पहचान और उनके समुचित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने 'आश की आशा' कार्यक्रम की जानकारी भी दी, जिसके तहत किसी दिव्यांग बच्चे की पहचान करने वाली आशा कार्यकर्ता को आश की आशा उपाधि एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। डॉ. श्रुति मोरे, निदेशक सांफिया, ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता एवं थेरेपी सेवाओं जैसे फिजियोथैरेपी, स्पीच थैरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन के बारे में बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### रेडक्रॉस सोसायटी कैंटीन के लिए निविदाएं 6 तक दें

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सहायक आयुक्त एवं सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी नाहन विवेक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ.वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन स्थित रेडक्रॉस सोसायटी कैंटीन के लिए निविदाएं आगामी एक वर्ष के लिए आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा फार्म 6 जून को सुबह 11 बजे तक रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यालय उपायुक्त/सहायक आयुक्त में जमा करने होंगे। बोली 6 जून को ही सायं 3 बजे बोली दाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म व शर्ते रेड क्रॉस सोसायटी के कार्यालय उपायुक्त/सहायक आयुक्त से 2 हजार रुपए की राशी अदा कर प्राप्त की जा सकती हैं।

### केवल सिंह पठानिया आज सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया 4 जून को सोलन जिले के प्रवास पर होंगे। केवल सिंह पठानिया 4 जून को दोपहर एक बजे बद्दी में शाहपुर कल्याण सोसायटी के साथ बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्य सचेतक तदोपरांत दोपहर 2 बजे बद्दी स्थित डीएसआर लाइफ केयर कंपनी तथा ऑक्सीजन ऐनलिटिकल प्रयोगशाला का दौरा करेंगे। केवल सिंह पठानिया तत्पश्चात सायं 4.30 बजे परवाणू स्थित आईसर पब्लिक स्कूल में आयोजित हिमाचल गौरव व परवाणू गौरव सम्मान समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

### स्वास्थ्य के प्रति जानकारी प्रदान की

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नैना टिक्कर में राष्ट्रीय किशोर दिवस मनाया गया। इसमें 63 बच्चों ने भाग लिया। डॉ. तरुण पराशर ने स्वास्थ्य के प्रति कई अलग-अलग विषय पर जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर आरकेएस के काउंसलर राजेश सिंगटा, स्कूल का स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे। बच्चों को जागरूक करने के लिए इस तरह के कई प्रोग्राम विभाग द्वारा समय-समय पर चलाए जाते हैं।

### किन्नौर के छितकुल में खुली नई पुलिस चेकपोस्ट

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ।** किन्नौर जिले में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, विशेषकर सांगला और छितकुल जैसे लोकप्रिय स्थलों पर, जिला पुलिस ने छितकुल में एक मौसमी पुलिस चेकपोस्ट की स्थापना की है। इसका उद्घाटन उपमंडल पुलिस अधिकारी, भावानगर, राजकुमार ने किया। यह चेकपोस्ट नवंबर महीने तक सक्रिय रहेगा और इसका मुख्य उद्देश्य यातायात को नियंत्रित करना, कानून व्यवस्था बनाए रखना और क्षेत्र में होने वाली अवैध गतिविधियों पर नजर रखना है। इस पोस्ट पर तीन पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जो स्थानीय लोगों और पर्यटकों की समस्याओं का समाधान करेंगे। इस चेकपोस्ट के खुलने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों को यातायात और अन्य कानूनी समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में संदीप प्रथम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** प्रगति आईटीआई, राजगढ़ में विश्व नशा निषेध दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व प्रधानाचार्य डॉ. कोमल कुमार कोहली ने छात्रों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया और युवाओं से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य अजय वर्मा ने भी छात्रों को नशे से दूर रहने और समाज हित में सकारात्मक कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि प्रगति आईटीआई में वर्षभर इस प्रकार के सामाजिक और जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन तथा कविता लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता एवं विचारों को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में संदीप ने प्रथम, ज्योति ने द्वितीय तथा अखिल चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में अखिल कुमार प्रथम, विवेक ठाकुर द्वितीय तथा अजीत तृतीय स्थान पर रहे। कविता लेखन प्रतियोगिता में पायल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, विशाल शर्मा द्वितीय स्थान पर तथा साहिल तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### भाषण प्रतियोगिता में डीएवी नाहन के छात्र छाए

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हितैषी (सोशल सर्विस सोसायटी) नाहन ने अपने 35वें वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में साईं हाल रानीताल में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का विषय मानवीय मूल्यों के बिना मानव जीवन मूल्यहीन हा। इस प्रतियोगिता में नाहन शहर के करियर अकादमी स्कूल, एसवीएन स्कूल, एवीएन स्कूल, अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल, राजकीय महाविद्यालय नाहन, राजकीय मेडिकल कॉलेज नाहन, आईटीआई नाहन, पद्मावती नर्सिंग कॉलेज नाहन आदि के कुल 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम दो वर्गों में घोषित किए गए। कॉलेज वर्ग और विद्यालय वर्ग। इसमें डीएवी नाहन विद्यालय की छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नियति पुंडीर ने अंग्रेजी माध्यम में अपनी अभिव्यक्ति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। रीजा हुसैन ने हिंदी माध्यम में अपनी अभिव्यक्ति देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डीएवी नाहन विद्यालय के छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रधानाचार्य जसविंदर वर्मा ने कहा, हमें अपने छात्रों पर गर्व है, जिन्होंने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन छात्रों को आगे भी इसी तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

### कॉलेज में दाखिले के लिए 112 ने किया आवेदन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डिग्री कॉलेज सोलन में सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन दिन में 112 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है, जबकि नालागढ़, रामशहर, अर्की, कंडाघाट, धर्मपुर समेत अन्य कॉलेज में एक भी विद्यार्थी ने आवेदन नहीं किया है। जानकारी के अनुसार जिले के सभी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया 19 जून तक चलेगी। डिग्री कॉलेज सोलन में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए टीमें गठित की हैं। आवेदन के बाद पहली मेरिट सूची 20 जून को 5 बजे के बाद जारी की जाएगी। इस दौरान मेरिट सूची में शामिल किए विद्यार्थियों को ऑनलाइन फीस जमा करवानी होगी। इसके लिए विद्यार्थियों को तीन दिन का समय दिया जाएगा। इस बीच विद्यार्थी 21 से 23 जून तक फीस जमा कर सकते हैं। इसके बाद 24 जून दोपहर बाद 3 बजे दूसरी मेरिट सूची जारी होगी।

# वाटर स्टोरेज टैंक बनाने को मिली मंजूरी

## सपरून में पार्किंग और स्लिप रोड के लिए की गई खुदाई से खुली जगह

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** नगर निगम सोलन के तहत सपरून में वाटर स्टोरेज टैंक निर्माण को मंजूरी मिली है। यहां पार्किंग और स्लिप रोड निर्माण के लिए की गई खुदाई से काफी जगह खुल गई है। नगर निगम ने यहां जर्जर हालत में पड़े वर्षा शालिका को गिराकर जगह को खुला किया है। इससे अब यहां पर कम स्टोरेज का टैंक का निर्माण संभव होगा। जानकारी के मुताबिक यहां ऑस्ट्रेलियन तकनीक से वाटर स्टोरेज टैंक बनेगा, जिसके निर्माण पर 15 लाख की लागत आएगी। वार्ड-14 के पार्षद और पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा ने मुताबक यह राशि मंजूर हो गई है। यहां स्टोरेज टैंक बनने से वार्ड-14 और वार्ड-13 के लोगों को भविष्य में पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा।



सपरून में मिट्टी हटाने से खुली जगह।

सपरून में फुटपाथ निर्माण के अलावा पार्किंग और स्लिप रोड का निर्माण किया जा रहा है। यहां जमा मिट्टी से काफी जगह खुली है। इससे टैंक का निर्माण भी संभव होगा। सरकार से इस योजना को भी मंजूरी मिल गई है। **राजीव कौड़ा, पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन।**

### पार्किंग का निर्माण प्रगति पर

**सपरून** में निर्माणाधीन फुटपाथ के साथ स्लिप रोड और पार्किंग का भी निर्माण किया जा रहा है। साथ ही फुटपाथ का निर्माण भी प्रगति पर है। फुटपाथ निर्माण में पेयजल पाइप लाइन बाधा बनी थी, लेकिन अब इसे शिफ्ट किया जा रहा है। सपरून में एक साथ कई मूलभूत सुविधाएं मिलने से यहां पर जल्द स्थानीय लोगों को पार्किंग की सुविधा मिलेगी। खासकर पार्किंग का लाभ हाउसिंग कॉलोनी और कमल ऑर्चर्ड और क्लीन के लोगों को मिलेगा। पार्किंग की कमी से यहां पर अधिकतर वाहन सड़क किनारे ही पार्क किए जा रहे हैं। वहीं, फुटपाथ के साथ स्लिप रोड बनने से हाउसिंग कॉलोनी और क्लीन की तरफ जाने वाले वाहनों को फोरलेन से मुड़ने में जोखिम नहीं उठाना पड़ेगा। स्थानीय लोगों की मांग पर पार्षद राजीव कौड़ा ने नगर निगम से स्लिप रोड और पार्किंग निर्माण को मंजूरी प्रदान करवाई है। नगर निगम ने सपरून में पार्किंग निर्माण की योजना मंजूर करवाई है। इसके लिए सरकार से 10 लाख रुपए की राशि मिली है। यहां पार्किंग बनने से करीब 50 वाहनों को पार्क करने की सुविधा होगी।

### चार वार्डों के लोगों को मिलेगी सुविधा

**सपरून** में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसायटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड-16 का रबोन, आंजी तथा वार्ड-1 का देऊघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। इसी मार्ग से रोज उपनगरों और आसपास के गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग सोलन शहर पहुंचते हैं। फुटपाथ की कमी से लोगों को जान जोखिम में डालकर वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर होना पड़ता है यदि समय रहते फुटपाथ का निर्माण होता है, तो लोगों को जल्द पैदल चलने की आसानी होगी।

# जसप्रीत पाल साइकिल से पहुंचे विश्व के सबसे ऊंचे कृष्ण मंदिर

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**



**रिकांगपिओ।** अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवस के अवसर पर, हिमाचल प्रदेश इलेक्शन कमीशन के स्टेट आइकन जसप्रीत पाल ने एक अद्भुत रिकॉर्ड स्थापित किया है।

वह विश्व के सबसे ऊंचे कृष्ण मंदिर और झील, जो किन्नौर के यूलाकांडा में स्थित है, उस तक एक ही दिन में साइकिल चलाकर पहुंचे। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए, उन्हें डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जसप्रीत पाल ने बताया कि उन्होंने 31 मई को मंडी से अपनी यात्रा शुरू की थी और यूला कंडा पहुंचने के बाद रिकांगपिओ पहुंचे। पिछले पांच वर्षों में उन्होंने 32,000 किलोमीटर से अधिक साइकिलिंग की है और 732,000 मीटर की ऊंचाई हासिल की है। इसमें प्रदेश के 85 प्रतिशत ऊंचे और पहाड़ी इलाके शामिल हैं। इलेक्शन कमीशन के आइकन के तौर पर, जसप्रीत पाल ने नए मतदाताओं के पंजीकरण, पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति के लिए जागरूकता फैलाने का काम किया है। यूलाकांडा में उन्होंने मंदिर और झील के आसपास से लगभग दो बैग प्लास्टिक और कांच की बोतलें एकत्रित कर यूला गांव में निष्पादित कीं। उन्होंने पर्यटकों से किन्नौर के पर्यटन और धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने का आग्रह किया।

### साइकिल रैली आयोजित करने का दिया आश्वासन

**डीसी** किन्नौर ने जसप्रीत पाल के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को मतदान के लिए जागरूक करने, नशे से दूर रहने और खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने यूलाकंडा की झील और पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डीसी किन्नौर ने जल्द ही जिले में एक साइकिल रैली आयोजित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसपी किन्नौर अभिषेक एस भी उपस्थित थे।

# जानलेवा हमले में घायल युवक ने दम तोड़ा, हत्या का केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर के नाहन विधानसभा क्षेत्र के पालियों में गत दिनों सड़क किनारे गंभीर हालत में मिले बर्मा पापड़ी के 27 वर्षीय जितेंद्र ने पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। लिहाजा, मामले में पुलिस ने अब हत्या का केस दर्ज कर लिया है। हालांकि, अभी हमलावरों का कोई सुराग नहीं लग सका है।

पुलिस इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। इस मामले में टीमों का गठन किया गया है। वहीं, एसपी सिरमौर ने भी सोमवार को घटनास्थल का दौरा किया और मामले में पुलिस को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। बताते दें कि जितेंद्र सिंह को 30 मई को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया था। घायल युवक के पिता रघुवीर सिंह ने पुलिस थाना कालाअंब को दी शिकायत में शक जाहिर किया था कि उसके बेटे को किसी ने बुरी तरह मारकर सड़क से नीचे फेंका था, जब उन्हें 108 एंबुलेंस से सूचना मिली तो बेटे को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज नाहन ले जाया गया, जहां से उसे पीजीआई रेफर किया गया था। तीन दिन मौत से लड़ते हुए वह जिंदगी की जंग हार गया। उसकी मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर न तो उसकी गाड़ी मिली और न ही मोबाइल।

इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस कई थ्योरियों पर काम कर रही है। उधर, एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही ये गुत्थी सुलझा ली जाएगी। उधर, जिला सिरमौर पूर्व भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता ने कानूनी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने रोष प्रकट करते हुए कहा कि जब हत्यारे जिस गाड़ी को लेकर गए थे, वह सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रही थी, फिर ऐसे में पुलिस उन्हें अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं कर पाई है।

### प्रो कबड्डी में चयनित होने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर ने जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के जासवी गांव के निवासी और होनहार कबड्डी खिलाड़ी अनिल जस्टा को प्रो कबड्डी लीग की प्रसिद्ध टीम यू मुंबा द्वारा 78 लाख रुपए की बोली लगाकर टीम में शामिल किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बलदेव तोमर ने कहा कि यह न केवल अनिल जस्टा और उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे शिलाई क्षेत्र, जिला सिरमौर और हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। पहाड़ी और सीमित संसाधनों वाले क्षेत्र से आकर राष्ट्रीय मंच पर इतनी बड़ी पहचान बनाना किसी साधारण उपलब्धि से कम नहीं है। यह सफलता समर्पण, मेहनत और अनुशासन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि आज जब समाज के अनेक युवा नशे जैसी बुराइयों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, ऐसे में अनिल जस्टा जैसे खिलाड़ी प्रेरणा की एक जीवंत मिसाल हैं।

# 15 वर्ष के बाद सोलन जिले की अन्वी पंवार ने कराटे में जीता स्वर्ण

**अनंत ज्ञान, सोलन**




बैजनाथ में आयोजित हिमाचल प्रदेश सब जूनियर, कैडेट एवं जूनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिप में जिला सोलन की अन्वी पंवार ने कैडेट-61 किलोग्राम वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अन्वी ने यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन सोलन का प्रतिनिधित्व करते हुए यह गौरवपूर्ण सफलता अर्जित की।

यह प्रतियोगिता 31 मई से 1 जून तक महाराजा पैलेस, बैजनाथ (जिला कांगड़ा) में आयोजित की गई, जिसका आयोजन कराटे एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश द्वारा तथा मेजबानी जिला कांगड़ा कराटे एसोसिएशन द्वारा की गई। यह उपलब्धि विशेष रूप से ऐतिहासिक है क्योंकि पिछले 15 वर्षों में यह पहली बार है जब जिला सोलन के किसी खिलाड़ी ने कराटे में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। स्वर्ण पदक विजेता अन्वी पंवार का चयन, अब कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो 12 से 15 जून तक देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित की जाएगी।

### राहुल, मिथिका को इंटर्नशिप

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. रेड्डीस लेबोरेटरीज ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट अभियान चलाया। ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया में कुल 27 छात्रों ने भाग लिया। इसमें हमीरपुर जिले के नेरी में विश्वविद्यालय के बागवानी एवं वानिकी कॉलेज के 12 छात्र शामिल रहे। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र प्रबंधक और सामुदायिक सुविधाकर्ता के पदों के लिए छह रिक्तियों को भरना था। इस पहल ने छात्रों को एक प्रतिष्ठित कंपनी की भर्ती प्रक्रियाओं से जुड़ने का एक शानदार अवसर प्रदान किया, जिससे उन्हें उद्योग की अपेक्षाओं और पेशेवर मानकों के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिली। प्रतिस्पर्धी चयन प्रक्रिया के बाद, दो छात्रों राहुल और मिथिका को इंटर्नशिप के लिए चुना गया। चयनित इंटर्न को यात्रा और दैनिक भत्ते के साथ मासिक वजीफा भी मिलेगा।

### छत से नीचे गिरने से मजदूर की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन के अंतर्गत सलानी पुल के समीप एक दर्दनाक हादसा पेश आया। इसमें 35 वर्षीय मजदूर की जान चली गई। मृतक की पहचान खुशबुद्दीन उर्फ सोनू, निवासी गांव सुजान डीह, जिला श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोनू सोमवार शाम करीब 4:30 बजे सलानी पुल के पास एक निर्माणाधीन दो मंजिला रिसोर्ट की दूसरी मंजिल पर शटरिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान वह असंतुलित होकर छत से नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल हालत में उसे स्थानीय अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।

# कालाअंब के तीन बड़े उद्योगों पर लाखों का जुर्माना बकाया, बिजली काटने की सिफारिश

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** एनजीटी के आदेश पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सख्त कार्रवाई की है। तीन बड़े उद्योगों पर अभी भी करोड़ों का जुर्माना मरकंडा नदी को प्रदूषित करने पर लगाया गया था। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देश पर पांच औद्योगिक इकाइयों पर कुल 68 लाख 18 हजार 250 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

इनमें से तीन प्रमुख इकाइयों पर अब भी 59 लाख 21 हजार 250 रुपए बकाया है। मेसर्स सागर कथा फैक्टरी ने 2.75 लाख रुपए और मेसर्स मेडिकिंग लाइफ साइंस ने 2.62 लाख रुपए का जुर्माना चुका दिया है। वहीं, मेसर्स फार्मास्युटिकल प्राइवेट लिमिटेड पर सबसे अधिक 43 लाख 68 हजार 750 रुपए, मेसर्स एक्यूरा केयर फार्मास्युटिकल पर 7 लाख 81 हजार 250 रुपए और मेसर्स साई टेक मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड पर 11 लाख 31 हजार 250 रुपए का जुर्माना बकाया है। मेसर्स एवलिन कॉस्मेटिक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से लगातार नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बोर्ड ने उसकी बिजली आपूर्ति काटने की सिफारिश की है।

बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि जांच के दौरान मरकंडा नदी के किनारे किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं पाया गया है। एनजीटी के निर्देश पर लिए गए पानी के नमूनों की रिपोर्ट जल्द सौंपी जाएगी। मरकंडा नदी में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए एनजीटी के साथ हिमाचल और हरियाणा प्रदूषण बोर्डों ने संयुक्त जांच की थी। जांच में सामने आया कि कई उद्योगों के कुछ उद्योगों ने ट्रीटमेंट प्लांट लगाए हैं। इसके बाद अवैध कचरा डंपिंग पर रोक लगाने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। एनजीटी का आदेश मरकंडा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाना और पर्यावरणीय नियमों का कठोर अनुपालन सुनिश्चित करना है, अब बोर्ड के लिए बकाया जुर्माना वसूलना और बिजली कटौती की सिफारिश पर अमल करना अगला कदम होगा।

# दाड़लाघाट में 17 जून को होगा महादंगल



ग्राम पंचायत और मेला कमेटी दाड़लाघाट की संयुक्त बैठक में मौजूद लोग, दंगल में जाने-माने पहलवान लेंगे भाग।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

ग्राम पंचायत और मेला कमेटी दाड़लाघाट द्वारा एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मेला कमेटी दाड़लाघाट और ग्राम पंचायत दाड़लाघाट के सौजन्य से 17 जून को महादंगल का आयोजन किया जाएगा। इस दंगल में प्रदेश तथा बाहरी राज्यों से जाने-माने पहलवान भाग लेंगे। मेले को सुव्यवस्थित और सुनियोजित ढंग से संपन्न करने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन कर उन्हें कार्य आवंटन किया गया। मेला कमेटी प्रधान राजेश गुप्ता व पंचायत प्रधान दाड़ला बंसी राम भाटिया ने मेला कमेटी के सभी सदस्यों से मेले को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सुझाव मांगे और उन पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह दंगल हर वर्ष बाड़ी मेले के 2 दिन बाद हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाता है। इस बार भी 17 जून को दंगल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नामी-गिरामी पहलवानों की कुश्ती व दाव पेंच के आधार पर सम्मान राशि दी जाएगी। बड़ी माली तथा छोटी माली के विजेता, उपविजेता को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। बैठक में उपप्रधान हेमराज ठाकुर, पूर्व प्रधान दाड़ला सुरेंद्र शुक्ला, मेला कमेटी सचिव श्याम सिंह चौधरी, केशव वशिष्ठ,बंटू शुक्ला, राकेश गौतम, कमल कौंडल, कमल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# शूलिनी में 90 फीसदी से अधिक अंक वाले हिमाचली छात्रों की फीस होगी माफ

**अनंत ज्ञान, सोलन**




हिमाचल प्रदेश के मेधावी छात्रों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। सोलन स्थित शूलिनी यूनिवर्सिटी ने घोषणा की है कि हिमाचल प्रदेश के वे छात्र जो पात्रता परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाएंगे, उनकी यूनिवर्सिटी में 100 प्रतिशत फीस माफ की जाएगी। यह ऐलान यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रोफेसर पी. के खोसला ने किया।

प्रो. खोसला ने मंगलवार को शिमला में कहा कि शूलिनी यूनिवर्सिटी हिमाचल के छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्रीय सशक्तिकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हम चाहते हैं कि प्रदेश के होनहार छात्र वित्तीय कारणों से उच्च शिक्षा से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि विश्व स्तरीय अवसंरचना, उद्योग सहभागिता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साथ शूलिनी यूनिवर्सिटी छात्रों को समग्र शिक्षा उपलब्ध करवा रही है। यूनिवर्सिटी को टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स और क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2025 में भारत की नंबर 1 निजी यूनिवर्सिटी का दर्जा प्राप्त हुआ है। क्यूएस में यूनिवर्सिटी ने 200 स्थानों की छलांग लगाते हुए वैश्विक रैंक 587 हासिल किया है, जो किसी भी भारतीय निजी संस्थान के लिए अब तक की सबसे ऊंची रैंकिंग है। राष्ट्रीय स्तर पर भी यह यूनिवर्सिटी शीर्ष 15 में शामिल है और इसे एनएएसी से ए प्लस ग्रेड प्राप्त है। पेटेंट फाइलिंग में भी शूलिनी अग्रणी है, जिसके नाम 1,500 से अधिक पेटेंट हैं और इसका एच-इंडेक्स 115 से अधिक है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के पास 28 देशों में 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग हैं, जिनमें ड्यूल-डिग्री प्रोग्राम्स, एक्सचेंज प्रोग्राम्स और वैश्विक इंटर्नशिप शामिल हैं।

प्रस्तुत नगरपालिका नाहन के वार्डों के परिसीमन संबंधी आक्षेप 9 जून तक दें

# नाहन और पांवटा साहिब का परिसीमन तय

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने वर्ष 2025-26 में होने वाले शहरी निकायों के निर्वाचन के लिए नगरपालिका नाहन व पांवटा साहिब के वार्डों का परिसीमन निर्धारण कर सूची जन साधारण के लिए अवलोकन के लिए अधिसूचित की है, जिसमें कहा गया है कि यदि जन साधारण को इन नगरपालिका वार्डों के परिसीमन संबंधी आक्षेप अथवा सुझाव हो, तो वह 9 जून सायं 5 बजे तक अपना आक्षेप एवं सुझाव लिखित रूप में डीसी सिरमौर को प्रस्तुत कर सकते हैं।

डीसी ने बताया कि नगरपालिका नाहन में कुल 13 वार्ड हैं, जिसमें वार्ड नं.-1 ढाबों, का क्षेत्र पुराने होम गार्ड कार्यालय से बंकुवाला के रास्ते श्मशान घाट तक और रौनक एंड तारपिन फैक्टरी के पास नाहन शिमला रोड पर पूर्व की ओर बूढ़े की सरायं तक तथा खाले की द्वारा दक्षिण की तरफ नगरपालिका द्वारा नए बनाए गए स्लाटर हाउस, पूर्व की ओर रास्ते के द्वारा पुराने स्लाटर हाउस के पास से प्रताप सिंह चौहान के मकान को घेरे हुए ढाबो खाले में बावड़ी तक तथा फिर खाले के द्वारा सुंदर बाग कलोनी के मध्य मालरोड, मुख्य डाकखाना, डिसोजा के मकान तक और फिर मालरोड से एमईएस रोड तक होते हुए पुराने होम गार्ड कार्यालय तक है। वार्ड नं.-2 हरिपुर में पक्का टैंक, डॉ. डिसूजा के मकान से पश्चिम की तरफ खाले के द्वारा वार्ड नं.-1 की सीमा के साथ-2 ढाबो खाले की बावली तक तथा पुराने स्लाटर हाउस व मत्स्य विभाग के कार्यालय को घेरे हुए नए स्लाटर हाउस के पास से खाले के द्वारा बूढ़े की सराय के पास नाहन शिमला रोड पर पहुंचकर उत्तर की तरफ नगर पालिका की सीमा तक, बिरोजा फैक्टरी को घेरे हुए पानी की पाइपलाइन तक तथा बेदी के गांव को घेरे हुए अस्पताल राउंड में आबकारी एवं कराधान कार्यालय के पास पहुंचकर पुलिस चौकी गुन्नुघाट तक, मालरोड के गर्ल्स स्कूल व मौहल्ला हरिपुर को घेरे हुए पक्का टैंक डिसूजा के मकान तक जहां से सीमा आरंभ हुई थी। इसी प्रकार उत्तर दिशा में बिरोजा फैक्टरी से लॉ कालेज को घेरते हुए पश्चिम दिशा में नाले के साथ-2 गमला फैक्टरी को घेरते हुए जडजा नाले तक, यहां से पूर्व दिशा की ओर नाहन शिमला मुख्य मार्ग जहां से रामाधीण सड़क जाती है, वहां से झमीरिया बाउंडरी को घेरते हुए वापस बिरोजा फैक्टरी तक को वार्ड नं. 2 की सीमा के साथ जोड़ा गया। वार्ड नं.-5 अमरपुर में बिला राउंड की सड़क से गाड़ा के रास्ते तथा गाड़ा के रास्ते से नगरपालिका की सीमा तक, फिर उत्तर की तरफ नाले की नदी तक क्षेत्र शामिल हैं।

### वार्ड -3 में ये होंगे क्षेत्र

**वार्ड नं.**-3 शांति संगम में चौगान को-ऑपरेटिव बैंक से आरंभ होकर पूर्व की तरफ सड़क द्वारा मंगलम पैलेस एवीएन स्कूल को घेरे हुए डॉ. दुर्गा राम के मकान के पास पहुंचकर शिवपुरी चौकी वाले रास्ते से सत्याराम झुड़वार के मकान तक, फाउंड्री क्वाटर के बीच से होते रास्ते पर बीडीओ सुखदेव सिंह के मकान के पास गली में पहुंचकर गली-गली उत्तर की तरफ शांति देवी के मकान के पास नगर पालिका की नाली से जेल के खाले से होते हुए नगरपालिका की सीमा तक, वहां से पश्चिम की तरफ पानी की पाइपलाइन तक है।

### वार्ड -4 में ये होंगे क्षेत्र

**वार्ड नं.**-4 शमशेर गंज का क्षेत्र डॉ. दुर्गा राम के मकान के पास से शिवपुरी चौकी वाले रास्ते से सत्याराम झुड़वार के मकान तक, वहां से वार्ड नं.-3 की सीमा के साथ-2 फाउंड क्वाटर के बीच से होते हुए सुखदेव सिंह, बीडीओ के मकान के पास से शांति देवी के घर को घेरे हुए, नगरपालिका की गली से संतराम मिस्त्री के मकान तक वहां से उत्तर की तरफ सुशील अत्री के मकान के सामने वाली गली से विद्या गोरखा के मकान के सामने वाले नलके के पास देवराज ठेकेदार वाली गली से पुराने को-ऑपरेटिव बैंक के भवन के पास सड़क से पहुंचकर पश्चिम की तरफ सड़क डॉ. दुर्गाराम के घर के सामने तक है।

# नगर पंचायत कुनिहार के वार्डों का प्रस्ताव सीमांकन प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने नगर पंचायत कुनिहार के सभी वार्डों के सीमांकन के संबंध में प्रारूप प्रस्ताव का प्रकाशन कर दिया है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी निवासी को प्रस्ताव में निहित अधिसूचना से संबंधित कोई आपत्ति या सुझाव हो तो वह अधिसूचना के प्रकाशन से 7 दिन के भीतर फार्म 2 भरकर सुझाव अथवा आपत्ति डीसी कार्यालय में प्रेषित कर सकता है। प्रारूप सीमांकन के अनुसार नगर पंचायत कुनिहार के सभी 7 वार्डों की परिधि दर्शाई गई है। वार्ड एक कोठी-1 की परिधि में मौजा-कोठी प्रथम व उपमहाल कोठी द्वितीय सम्मिलित है। वार्ड-दो में हाटकोट की परिधि में मौजा-उप महाल पुल्हाड़ा का नगर पंचायत कुनिहार में पुरा रकबा, मौजा-हाटकोट का खंड विकास अधिकारी कार्यालय के साथ-मौजा हाटकोट व जंगल हाटकोट की सीमा तक व मौजा कोठी प्रथम व मौजा हाटकोट की सीमा मौजा हाटकोट की मुख्य सड़क नालागढ़-शिमला से पश्चिम की ओर माध्यमिक पाठशाला (छात्र) की तरफ का क्षेत्र सम्मिलित है। वार्ड-3 हाटकोट की परिधि में मौजा हाटकोट, उपमहाल जंगल हाटकोट की सीमा से ऊमा के घर के पास से पीपल वाली चौक से होते हुए नए बस अड्डा वाली सड़क तक शिवा टैंट हाउस के घर से होते हुए नाले तक व मौजा हाटकोट व मौजा हरीपुर की सीमा जो नाले के साथ लगती है व फार्म रोड तक व फार्म से ऊपर बीएसएनएल टावर होते हुए फाऊ बाली गली हरदेव के घर तक का क्षेत्र सम्मिलित है। वार्ड-4 हाटकोट में की परिधि में मुख्य सड़क नालागढ़ शिमला रोड फाऊं की गली से हरदेव के घर होते हुए मौजा हाटकोट व उपमहाल जंगल हाटकोट की सीमा तक व मौजा हाटकोट व मौजा उप-महाल जंगल हाटकोट की सीमा तक क्षेत्र व मौजा हाटकोट व उच्चागांव की सीमा होते हुए पुराना बस अड्डा तक व मुख्य सड़क नालागढ़ शिमला पर पुराना बस अड्डा से फाऊं की गली तक का क्षेत्र सम्मिलित है। वार्ड-5 उच्चागांव की परिधि में मौजा उच्चागांव पुराना बस अड्डा से अर्की घणागढ़ी रोड तक सड़क से नीचे का क्षेत्र व घणाहट्टी रोड से फोरेस्ट कालोनी से उपर का क्षेत्र व फोरेस्ट कालोनी से बेबी कंवर के घर तक जाने वाली सड़क व बेबी कंवर के घर से पुराना बस अड्डा तक होंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### एसआई 20 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एंटी करप्शन ब्यूरो करनाल की टीम ने मंगलवार को कुंडली थाना के अंतर्गत बारोटा चौकी में तैनात एसआई नरेश को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी गोहाना रोड पर उस समय हुई जब शिकायतकर्ता ने आरोपी को रिश्वत की रकम दी। खन्नौरी मंडी, पंजाब निवासी सुरेंद्र ने करनाल एसीबी को शिकायत दी थी कि उसके खिलाफ कुंडली थाना में मामला दर्ज हुआ था, जिसमें वह जमानत पर बाहर है। जांच अधिकारी एसआई नरेश ने उससे कहा कि यदि वह उसके पक्ष में गवाही चाहता है तो 20 हजार रुपये देने होंगे। सुरेंद्र ने रिश्वत मांगने की सूचना एसीबी को दी। एसीबी के इंस्पेक्टर तेजपाल की अगुआई में टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई। शिकायतकर्ता के माध्यम से आरोपी को गोहाना रोड बुलवाया गया, जहां वह रिश्वत लेते पकड़ा गया। टीम ने मौके पर ही आरोपी को दबोच लिया। ब्यूरो का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आरोपी से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। आरोपी को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

### प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत चलाया जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तीसरे दिन मंगलवार को प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से दूर रखना और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना रहा। नगर निगम की टीमों ने शहर के प्रमुख बाजारों, सब्जी मंडियों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई और लोगों को पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े या जूट के थैले उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान जहां एक ओर जन जागरूकता पर जोर दिया गया, वहीं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी की गई। टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के पांच मामलों में चालान जारी कर पांच किलोग्राम प्लास्टिक जब्त किया। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थान पर कचरा फैलाने के एक मामले में भी चालान किया गया। कुल मिलाकर 3,000 रुपये की राशि के छह चालान मौके पर ही वसूले गए। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिकता की भावना को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने अपील की कि नागरिक प्लास्टिक का प्रयोग त्याग कर पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाएं।

### जस्टिस नरेश ने रवाना की जागरूकता मोबाइल वैन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश सिंघल ने मंगलवार को कोर्ट परिसर से जागरूकता मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वैन जिला के गांव-गांव जाकर आमजन को कानून संबंधी जानकारी व योजनाओं के प्रति जागरूक करेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि यह अभियान पूरे जून में जिला सिरसा, डबवाली व ऐलनाबाद के विभिन्न गांवों में चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य विधिक सहायता को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि मोबाइल वैन को पैनल अधिवक्ता साधना मित्तल व पैरा लीगल वॉलंटियर सोनिया के साथ रवाना किया गया। वैन के माध्यम से 'न्याय सबके लिए' संदेश का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस अभियान के तहत आमजन को आगामी 12 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा कृषि, समाज कल्याण, श्रम कल्याण, चुनाव संबंधी योजनाएं तथा नालसा एवं हालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजन वालिया, सुमित गर्ग एवं नितिन किनरा, बार उपप्रधान अनुज गनेरीवाला, बार सचिव तथा अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित, मरीज हुए परेशान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पीजीआईएमएस में अनुबंधित कर्मचारियों की हड़ताल के चलते स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने लगी है, जिसके चलते मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अनुबंधित कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पीजीआई प्रबंधन ठेकेदारी को बढ़ावा दे रहा है, जिसके चलते लगातार कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसे कर्मचारियों में भारी रोष है। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने साफ कहा कि जब तक उन्हें हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत शामिल नहीं किया जाता है और पीजीआई के फैले भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच नहीं होती है तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

अनुबंधित कर्मचारी हेल्थ केयर रोहतक एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक ने बताया कि पूर्व में हुई हड़ताल के समय पीजीआई प्रशासन व कर्मचारियों में सहमति बनी थी और जल्द ही कर्मचारियों को ठेकेदार के शोषण से मुक्त करवाकर हरियाणा कौशल रोजगार निगम में सम्मिलित करने का आश्वासन मिला था, लेकिन अभी तक कर्मचारियों को रोजगार कौशल निगम के तहत शामिल नहीं किया गया है।



पीजीआई में हुए भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग

इतना ही नहीं पूर्व की हड़ताल के पश्चात ठेकेदार ने कर्मचारियों का और भी ज्यादा शोषण करना शुरू कर दिया और बिना किसी कारण के कर्मचारियों की सैलरी काट दी जाती है। इस बारे में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन पीजीआई प्रबंधन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज पीजीआई की हालत बद से बदतर हो गई और समय पर वेंटिलेटर न मिलने के कारण छोटे छोटे मासूम बच्चों की मौत हो रही है, लेकिन संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी ठेकेदार के माध्यम अपनी जेब भरने का काम कर रहे है। पीजीआई में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, लेकिन किसी भी मामले की जांच नहीं हो रही है। उन्होंने सरकार से तुरंत कर्मचारियों को हरियाणा रोजगार कौशल के तहत शामिल करने व पीजीआई में फैले भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर दोषियों के खिलाफ सख्त कारवाई की मांग की।

## लाखों के चूरापोस्त सहित कार सवार दो तस्कर काबू

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** स्थानीय पुलिस ने सिरसा जिला के ऐलनाबाद क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान कार सवार तीन लोगों से लाखों रुपए का 23 किलो 870 ग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है।

एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी राजेंद्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान सुखदीप सिंह पुत्र सुखदेव सिंह, मनप्रीत सिंह पुत्र गुरमुख सिंह व गुरवीर सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी ऐलनाबाद जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम ऐलनाबाद से ठोबरिया रोड पर नजदीक ढाणी बच्चन सिंह के पास नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों की गहनता से चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ऐलनाबाद की तरफ से एक बिना नंबर प्लेट की कार आती दिखाई दी।

कार सवार युवकों ने सामने पुलिस पार्टी को देखकर अचानक गाड़ी को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर कार सवार युवकों को काबू कर लिया। प्लास्टिक के दो थैलों से 23 किलो 870 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## भाजपा मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को जनता के सामने रखेगी



**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान की शुरुआत की है। इसी क्रम में भाजपा चंडीगढ़ द्वारा स्थानीय प्रदेश कार्यालय 'कमलम' (सेक्टर 33) में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं जम्मू से विधायक नरेंद्र सिंह रैना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने की।

प्रदेश उपाध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक कैलाश चंद जैन, सह-संयोजक मनीष शर्मा, नरेश अरोड़ा, इंदिरा सिंह, अभय झा सहित पार्टी के पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, मोर्चा अध्यक्ष और विभिन्न जिलों की कार्यक्रम समितियों के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए नरेंद्र सिंह रैना ने कहा कि वर्ष 2014 में लिए गए संकल्पों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 वर्षों में सिद्धि तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि भारत ने इस अवधि में वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई दी है। आधारभूत ढांचे से लेकर सामाजिक योजनाओं तक, हर क्षेत्र में असाधारण प्रगति हुई है।

उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, हर घर जल योजना, और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं ने देश के आम नागरिक को सीधा लाभ पहुंचाया है। उन्होंने यह भी कहा कि सीमाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति ने आतंकवाद पर प्रभावी प्रहार किया है। हाल ही में संचालित 'ऑपरेशन सिंदूर' इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रदेश अध्यक्ष जतिंद्र पाल मल्होत्रा ने एक ऐतिहासिक समीक्षा बताया।

## कार्डियोवैस्कुलर केयर पर 15वीं वार्षिक ग्लोबल कॉन्फ्रेंस कल से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

देश भर के शीर्ष कार्डियोलॉजिस्ट, कार्डियोवास्कुलर व थोरेसिक सर्जन, डॉक्टर तथा अमेरिका, कनाडा, जापान और ब्रिटेन सहित 25 देशों के 112 प्रतिष्ठित वक्ता 5 जून से यहां तीन दिवसीय 15वें वार्षिक कार्डियोमर्सन ग्लोबल कॉन्फ्रेंस 2025 में भाग लेंगे।

कार्डियोमर्सन की स्थापना 2011 में कॉम्प्रिहेंसिव कार्डियक केयर के लिए इंटीग्रेटेड अप्रोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।

इस वर्ष की कॉन्फ्रेंस हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित की जा रही है, जिसमें विदेशी प्रतिभागी रोम में एकत्रित होंगे, जबकि भारतीय प्रतिभागी चंडीगढ़ से शामिल होंगे। सभी भारतीय विशेषज्ञ 6 जून को यहां एक होटल में हृदय संबंधी देखभाल के नवीनतम अपडेट पर चर्चा करने के लिए एकत्रित होंगे।

कार्डियोमर्सन के ग्लोबल चेयरमैन व मैक्स अस्पताल, मोहाली में सीटीवीएस के वरिष्ठ निदेशक डॉ. दीपक पुरी ने कहा कि 15वीं कॉन्फ्रेंस व्यापक कार्डियक केयर के लिए इंटीग्रेटेड अप्रोच पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसमें व्यावहारिक सत्र, विशेषज्ञ चर्चाएं और दुनिया भर के विशेषज्ञों के बीच सहयोगात्मक आदान-प्रदान होगा। सम्मेलन का उद्देश्य उन्नत तकनीकों को उन्नत नैदानिक और शल्य चिकित्सा कौशल के साथ साझा करना है।

## सीएम से मिले पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर आवास पर हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री रामबिलास शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके अटेली विधानसभा क्षेत्र से सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

इस भेंट के दौरान रामबिलास शर्मा ने मुख्यमंत्री की जन हितैषी नीतियों की सराहना की तथा अटेली क्षेत्र के समग्र विकास से संबंधित अपने सुझाव प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। रामबिलास शर्मा ने मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की प्रगति के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं।

## ट्रिग्या एडवेंचर ने जेईई एडवांस्ड में सफलता का जश्न मनाया

**राकेश, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** प्रमुख कोचिंग संस्थान ट्रिग्या एडवेंचरअपने छात्रों की जेईई एडवांस्ड 2025 में असाधारण सफलता की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। अद्वितीय समर्पण और अकादमिक कड़ी मेहनत का प्रदर्शन करते हुए, ट्रिग्या एडवेंचरके कुल 62 छात्रों में से 17 छात्रों ने प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए सफलतापूर्वक क्वालिफाई किया है, जो ट्राइसिटी क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है।



यह शानदार परिणाम ट्रिग्या एडवेंचर की उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और अनुकूल सीखने के वातावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। संस्थान का समग्र तैयारी और छात्र-केंद्रित रणनीतियों पर लगातार ध्यान एक बार फिर शानदार परिणाम लेकर आया है।

इस दौरान हर्षित राणा ने 428 रैंक, अनंत जैन ने 898 रैंक, काव्या कपूर ने 1123 रैंक और स्वधा गुप्ता ने रैंक 1331 रैंक हासिल किया। ट्रिग्या के सह-संस्थापक दलजीत सिंह, सलेश गुप्ता, रजत गर्ग ने कहा हम अपने छात्रों की जेईई एडवांस्ड 2025 में शानदार सफलता से बेहद रोमांचित हैं।

ट्रिग्या एडवेंचर सभी सफल छात्रों और उनके परिवारों को दिल से बधाई देता है। उनकी उपलब्धियाँ न केवल उनके सहपाठियों को, बल्कि पूरे क्षेत्र की शैक्षिक समुदाय को प्रेरित करती हैं। संस्थान युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाने और उन्हें उनके अकादमिक लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में मार्गदर्शन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पाकिस्तान में कराची जेल से 216 कैदी भागे

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची की मलिर जेल से सोमवार रात 216 कैदी फरार हो गए। जेल प्रशासन के मुताबिक कराची में आए भूकंप के झटकों के बाद ऐहतियातन कैदियों को बैरकों से बाहर निकाला गया था। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर कैदी मेन गेट से फरार हो गए। इनमें से करीब 80 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया है, जबकि 135 कैदी अभी भी फरार हैं। जेल सुपरिंटेंडेंट अरशद शाह ने मंगलवार तड़के इसकी पुष्टि की। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी। प्रशासन ने साफ किया है कि कोई दीवार नहीं तोड़ी गई, सभी कैदी मेन गेट से ही भगदड़ के बीच भाग निकले। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि भूकंप के बाद 700 से 1000 कैदियों को बैरकों से बाहर लाया गया था। इसी अफरा-तफरी में कैदियों ने मेन गेट की तरफ धक्का-मुक्की शुरू की और भाग निकले। (अनंत ज्ञान)

### आगरा : यमुना नदी में चार लड़कियां डूबीं

**एजेंसी, आगरा (उप्र)।** जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के नगला नाथू गांव के पास मंगलवार को यमुना नदी में नहाते समय चार किशोरियां डूब गईं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को छह लड़कियां सुबह करीब 10 बजे नहाने के लिए नदी में उतरी थीं, लेकिन वे सभी डूबने लगीं। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने उनमें से दो को बचा लिया, जबकि चार डूब गईं। बाद में स्थानीय लोगों ने उनके शवों को बाहर निकाला। बचाई गई दो लड़कियों, का अस्पताल में इलाज चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### नेपाल में भारतीय समेत दो लोग मादक पदार्थ के साथ दबोचे

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने यहां त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक भारतीय समेत दो लोगों को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों के पास से 10किलो 420 ग्राम मारिजुआना बरामद किया गया। नेपाल पुलिस मुख्यालय के एक बयान के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति थाई नागरिक सोमास्क पैचा (43) और भारतीय नागरिक परेरा गिफिन (29) हैं। बयान के मुताबिक दोनों नेपाल एयरलाइंस से बैंकाक से यह मादक पदार्थ लेकर काठमांडू पहुंचे थे। पुलिस ने इस मामले की आगे की जांच के लिए दोनों को स्वपाक नियंत्रण ब्यूरो को सौंप दिया है। (अनंत ज्ञान)



### जम्मू-कश्मीर: आतंकियों से संबंध को लेकर 3 सरकारी कर्मी बर्खास्त

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के साथ कथित संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया, जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल, एक स्कूल शिक्षक और सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर सहायक को संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत बर्खास्त कर दिया गया, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में बिना जांच के बर्खास्तगी की अनुमति देता है। उन्होंने बताया कि तीनों फिलहाल जेल में बंद हैं। उपराज्यपाल प्रशासन द्वारा आतंकवाद से संबंध रखने वाले अब तक 75 से अधिक सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रशासन द्वारा आतंकवादी ढांचे पर जारी कार्रवाई का हिस्सा है, जिसमें सरकारी संस्थाओं में छिपे हुए ओवरग्राउंड वर्कर्स (अतंकियों के मददगार) और समर्थक शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### अमिताभ बच्चन ने सालगिरह पर साझा कीं पुरानी तस्वीरें

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने मंगलवार को अपने विवाह की 52वीं सालगिरह पर अभिनेत्री जया बच्चन के साथ 1973 में हुई शादी की पुरानी तस्वीरें साझा कीं। अमिताभ (82) ने मंगलवार को अपने निजी ब्लॉग पर विवाह की तस्वीरें अपलोड कीं और शुभकामनाओं के लिए प्रशंसकों का आभार जताया। इनमें से एक तस्वीर में दोनों अनुष्ठान करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि अन्य दो तस्वीरों में वे बातचीत करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने तस्वीर के साथ लिखा, ''जया और मुझे शादी की सालगिरह (तीन जून 2025) की शुभकामनाएं देने वाले सभी लोगों को मेरा आभार और प्यार (दिल वाली इमोजी)।'' जया और अमिताभ की शादी तीन जून 1973 को मुंबई में हुई थी। उनके दो बच्चे हैं- श्वेता बच्चन नंदा और अभिनेता अभिषेक बच्चन। (अनंत ज्ञान)



## देश-विदेश

## कोविड से 5 और मरीजों की मौत देश में 4 हजार से पार एक्टिव केस

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत में कोरोना के मामले एक बार फिर बढ़ रहे हैं। बीते 24 घंटों में इस महामारी से 5 लोगों की मौत हुई है। अब तक 4026 एक्टिव केस सामने आए हैं। ये मौतें केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हुईं। मरने वाले सभी लोगों को पहले से ही कोई बीमारी थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में कोविड-19 के सक्रिय मामले बढ़कर 4026 हो गए हैं। महाराष्ट्र में कोविड-19 के 59 नए मामले सामने आए, जिनमें से 20 अकेले मुंबई से हैं।

महाराष्ट्र में इस साल एक जनवरी से अब तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 873 हो गई है। पश्चिम बंगाल में कोविड-19 के 44 नए मामले सामने आए हैं। कोविड के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 331 है। कर्नाटक में कोविड-19 के 87 नए मामले सामने आए जिससे राज्य में मरीजों की संख्या बढ़कर 311 हो गई है।

केरल में 80 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है। महाराष्ट्र में 70 और 73 साल की दो महिलाओं की मौत हुई। तमिलनाडु में 69 साल की एक महिला की मौत हुई। पश्चिम बंगाल में 43 साल की एक महिला की मौत हुई है। इससे पहले दिल्ली में भी 60 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई थी, वह आंतों की बीमारी से जूझ रही थी। बाद में वह कोविड से संक्रमित हो गई। (अनंत ज्ञान)

## ओडिशा में दम घुटने से चार मजदूरों की मौत

**एजेंसी, भुवनेश्वर।** ओडिशा के नबरंगपुर जिले में मंगलवार को एक सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय कथित तौर पर दम घुटने से कम से कम चार मजदूरों की मौत हो गई। यह घटना नबरंगपुर टाउन थाना क्षेत्र के अंतर्गत नंदहांडी प्रखंड के पदलगुडा गांव में हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पहले दो व्यक्ति टैंक में उतरे, लेकिन कुछ देर बाद उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद एक और व्यक्ति टैंक में घुसा तथा वह भी बाहर नहीं आया। अंत में चौथा व्यक्ति भी टैंक में घुसा और वह भी बीमार हो गया। बाद में चारों को सेप्टिक टैंक से बाहर निकाला गया और एक अस्पताल ले जाया गया, जहां दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। बाद में, दो अन्य मजदूरों की भी मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

## राहुल गांधी ने भोपाल में की संगठन सृजन अभियान की शुरुआत

**एजेंसी, मध्य प्रदेश**



नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भोपाल में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत के बाद कांग्रेस विधायक दल के साथ बैठक की। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन में आयोजित इस बैठक में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने संगठन की एकजुटता से लेकर पार्टी हितों को सर्वोपरि रखने जैसे विषयों पर चर्चा की।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि राहुल गांधी ने संदेश दिया है कि जिला कांग्रेस कमेटियों को ताकतवर बनाया जाएगा।

कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक और राज्य के पर्यवेक्षक मिलकर इस प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से संपन्न करेंगे। चयन प्रक्रिया को पूरा करने में पार्टी के हितों को ध्यान में रखा जाएगा। किसी के निजी हितों से ज्यादा पार्टी के हित महत्वपूर्ण होंगे। सही व्यक्ति को सही जगह रखना ही पार्टी का उद्देश्य होगा। जिला कांग्रेस कमेटी को और अधिक ताकतवर बनाया जाएगा। लोकसभा, विधानसभा, नगर पालिका चुनाव में उम्मीदवार चयन प्रक्रिया में जिला कांग्रेस कमेटी की अनुशंसा मानी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## अमेठी में हाईवे पर पलटा रिफाइंड ऑयल से भरा टैंकर

**एजेंसी, अमेठी**



अमेठी में मंगलवार को एक रिफाइंड ऑयल से भरा टैंकर बेकाबू होकर पलट गया। इससे हजारों लीटर रिफाइंड ऑयल सड़क किनारे खेत में जाकर भर गया। यह देखकर आसपास के लोग बाल्टी, डिब्बे और कंटेनर लेकर पहुंच गए। इनमें रिफाइंड भर-भरकर अपने घर ले जाने लगे। तभी किसी ने पुलिस को खबर दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को खेतों से हटाया, लेकिन तब तक काफी मात्रा में तेल लूटा जा चुका था।

पुलिस ने हादसे में घायल ड्राइवर को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। घटना कमरौली थाना क्षेत्र के वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग की है। एक टैंकर सुल्तानपुर से लखनऊ जा रहा था। कठौरा गांव के पास टैंकर अचानक पलट गया। इस हादसे में टैंकर ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जगदीशपुर ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टैंकर में करीब 15 हजार लीटर रिफाइंड ऑयल था। इसकी बाजार कीमत 18 से 20 लाख रुपए बताई जा रही है। इसमें से ज्यादातर तेल या तो खेतों की मिट्टी में एब्जॉर्ब हो गया या फिर उसे गांव वाले भर ले गए। (अनंत ज्ञान)

## यूएस कॉमर्स सेक्रेटरी बोले-भारत और अमेरिका के बीच जल्द शुरू होगी ट्रेड डील

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता ज्यादा दूर नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों देश अब इस स्टेज पर आ चुके हैं, जो दोनों के हित है। लटनिक ने ये बातें वाशिंगटन में यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम के लीडरशिप समिट में अपने की-नोट्स में कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि जब उन्होंने भारत में सही व्यक्ति को और दूसरी तरफ की टेबल पर भी सही व्यक्ति को रखा, और हमने उस स्थिति को संभाला, मेरा मानना है। यानी, दोनों देश बेहतर बातचीत से ट्रेड डील के करीब हैं।



उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ओर से निर्धारित 90 दिनों की टैरिफ विराम की समय सीमा नजदीक आ रही है। ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक टैरिफ से बचने के लिए देशों के लिए 9 जुलाई की समय सीमा निर्धारित की गई है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, लटनिक ने संकेत दिया कि भारत को बेहतर शर्तें मिल सकती हैं, क्योंकि वह शुरुआती समझौतों में शामिल हो सकता है।(अनंत ज्ञान)

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में आतंकवादी की जमीन कुर्क

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में 'गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम' (यूएपीए) के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से सक्रिय एक आतंकवादी की जमीन मंगलवार को कुर्क की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओके में बसे आतंकवादी अली मोहम्मद उर्फ इब्राहिम शेख की धर्मकुंड के सुंबर गांव में डेढ़ 'कनाल' से अधिक कृषि भूमि की कुर्की आतंकवाद से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्ति को राजस्व अभिलेखों में विधिवत रूप से चिह्नित किया गया है और यूएपीए के तहत इसकी बिक्री या हस्तांतरण पर रोक लगाने वाले नोटिस जारी किए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि यह कुर्की पिछले वर्ष तत्कालीन भारतीय दंड संहिता और यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक मामले से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई क्षेत्र में गैरकानूनी और विध्वंसकारी गतिविधियों की जारी जांच में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। (अनंत ज्ञान)

## बाजार

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

## सेंसेक्स 636 और निफ्टी 174.10 टूटा

**एजेंसी, मुंबई**



शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 636 अंक टूट गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार नीचे आया।

30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 636.24 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,737.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 798.66 अंक तक नीचे आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 174.10 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,542.50 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), इंडसइंड बैंक, मारुति, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट सबसे ज्यादा गिरावट में रहे। (अनंत ज्ञान)

## पीएम मोदी 6 जून को कश्मीर रेल संपर्क का करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी, जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह के अंत में बहुप्रतीक्षित कश्मीर रेल परियोजना का उद्घाटन करेंगे, जो क्षेत्र की कनेक्टिविटी में एक मील का पत्थर साबित होगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद मोदी पहली बार जम्मू-कश्मीर जाएंगे। मोदी छह जून को चिनाब रेल पुल को जनता को समर्पित करके अपने दौरे की शुरुआत करेंगे। चिनाब रेल पुल 272 किलोमीटर लंबे उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह कश्मीर घाटी को सीधा रेल संपर्क प्रदान करेगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''इतिहास बनने में बस तीन दिन बाकी हैं। दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल, चिनाब पुल, जम्मू-कश्मीर में बनकर तैयार है... प्रधानमंत्री छह जून को चिनाब पुल का उद्घाटन करेंगे। नए भारत की शक्ति और दूरदर्शिता का गौरवपूर्ण प्रतीक।'' (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड

गुजरात टाइटंस





ऑरेंज कैप

**साई सुदर्शन**

759

गुजरात टाइटंस





पर्पल कैप

**प्रसिद्ध कृष्णा**

25

लखनऊ सुपर जायंट्स



सिक्सर किंग

**निकोलस पूरन**

40

## स्पोर्ट्स विंडो

### बॉलबैडमिंटन प्रतियोगिता में मंडी का दबदबा ब्वायज और गर्ल्स दोनों में मंडी विजेता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** टिक्करी सिध्यानी में चौथी राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न हो गई। समापन समारोह में सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक सुनील दत्त ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बॉल बैडमिंटन संघ के प्रधान बीएल गोयल व महासचिव केसी ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। बीएल गोयल व केसी ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 15 टीमों के 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेता लड़कों के वर्ग में मंडी प्रथम, दूसरे स्थान पर ऊना, तीसरे स्थान पर कांगड़ा तथा लड़कियां के वर्ग में मंडी प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, कांगड़ा तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर दीपक शारदा, सुरेश कुमार, संतोष, सौरभ पराशर, राजेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, मदन ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, टीना शर्मा और नर्वदा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता में 15 टीमों के 120 खिलाड़ियों ने लिया भाग**

### चार्लोट डी व्रीस का खूबसूरत अंदाज

**अमेरिका ।** चार्लोट डी व्रीस एक अमेरिकी फील्ड हॉकी खिलाड़ी हैं, जो ईगल्स और यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल टीम के लिए मिडफील्डर और फॉरवर्ड के रूप में खेलती हैं। उन्होंने अप्रैल 2022 में अर्जेंटीना के खिलाफ प्रो लीग मैच के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए अपना सीनियर डेब्यू किया।



### थाईलैंड के खिलाफ पिछली दो जीत से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरेगा भारत

**एजेंसी, पथुम थानी (थाईलैंड)।** भारत बुधवार को यहां जब अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड का सामना करेगा तो उसकी नजरें पिछली दो जीत और करिश्माई सुनील छेत्री की अच्छी फॉर्म से प्रेरणा लेने पर टिकी होंगी। एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप तक, किंग्स कप से लेकर नेहरू कप तक, पुरुष फुटबॉल में भारत बनाम थाईलैंड मुकाबलों का इतिहास काफी पुराना है। जकार्ता में 1962 के एशियाई खेलों में पहली बार इन दोनों टीम के बीच मुकाबला हुआ था। भारत ने उसमें 4-1 से जीत हासिल की थी। तब से लेकर अब तक दोनों टीमें 26 बार एक-दूसरे से भिड़ चुकी हैं। भारत ने सात जबकि थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी सात मैच ड्रॉ रहे हैं। इन दोनों टीम के बीच 2019 में जो पिछले दो मैच खेले गए थे उन दोनों में भारत ने जीत हासिल की थी। भारत बुधवार को होने वाले मैच में इन जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। भारत ने थाईलैंड के खिलाफ अबू धाबी में 2019 एएफसी एशियाई कप में 4-1 की शानदार जीत हासिल की थी। छेत्री ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, ''वह काफी समय पहले की बात है। मुझे उस मैच के बारे में जो याद है, वह यह है कि टीम ने उस मैच में शानदार प्रदर्शन किया था। भारत अभी फीफा रैंकिंग में 127वें जबकि थाईलैंड 99वें स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)

**खिताबी जंग** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया आईपीएल फाइनल

# पंजाब और बेंगलुरु में रोमांचक मुकाबला

**एजेंसी, अहमदाबाद**

आईपीएल के 18वें सीजन का फाइनल मैच मंगलवार को पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। पंजाब और बेंगलुरु की टीम के बीच आईपीएल का खिताब पाने के लिए मुकाबला काफी रोमांचक रहा। स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था।

कभी पंजाब किंग्स का पलड़ा भारी रहा तो कभी बेंगलुरु की टीम पंजाब पर हावी रही।

**बेंगलुरु की टीम पंजाब पर रही हावी**

पंजाब की टीम ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। दोनों टीमों ने अपनी प्लेइंग-11 नहीं बदली। युजवेंद्र चहल को पहले ओवर में विकेट मिलते ही पंजाब की टीम में जोश आ गया। चहल ने मयंक अग्रवाल को अर्शदीप सिंह के हाथों कैच आउट कराया। मयंक ने दो चौकों की मदद से 18 गेंदों में 24 रन बनाए। इसके बाद बेंगलुरु ने 7वें ओवर में दूसरा विकेट भी गंवा दिया। ओपनर फिल साल्ट तेजी से खेल रहे थे, लेकिन वह भी एक छक्के और दो चौकों की मदद से नौ गेंदों में महज 16 रन ही बना सके। इसके बाद कप्तान रजत पाटीदार थोड़ा संभलकर खेले, लेकिन वह भी ज्यादा देर तक नहीं टिक सके। दो चौकों और एक छक्के की मदद से वह 16 गेंद में सिर्फ 26 रन ही बना सके।

इस फाइनल मैच में उनसे कप्तानी पारी की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए। ऐसे में पारी के स्कोर को आगे ले जाने का सारा दारोमदार सलामी बल्लेबाज विराट कोहली पर आ गया।



पंजाब किंग्स के खिलाड़ी मैच के साथ योजना बनाते हुए।

कोहली अपने स्वाभाविक खेल के मुताबिक आज अपेक्षाकृत बहुत धीमा खेलने पर मजबूर हो गए। समाचार लिखे जाने तक पंजाब के गेंदबाज बेंगलुरु की टीम पर हावी नजर आए।

बेंगलुरु ने 12 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 103 रन बना लिए थे। विराट कोहली दो चौकों की मदद से 26 गेंदों में 32 रन बनाकर खेल रहे थे, जबकि उनका साथ निभाने आए लयम लिविंगस्टन तीन रन पर डटे हुए थे। दोनों टीमें खिताब की प्रबल दावेदार हैं और उनमें ट्रॉफी हासिल करने को लेकर जद्दोजहद जारी थी।



शॉट खेलते हुए विराट कोहली।

## सालुंखे के प्रदर्शन से तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय उम्मीदें बढ़ीं

**एजेंसी, अंताल्या ( तुर्की )।** पिछले महीने शंघाई विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी को आकर्षित करने वाले पार्थ सालुंखे बुधवार को यहां जब तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में भारत के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे तो उनकी कोशिश फिर से चमकदार प्रदर्शन करने की होगी।

महाराष्ट्र के सतारा के 21 वर्षीय तीरंदाज ने शंघाई में दो बड़े नामों को हराकर तीरंदाजी की दुनिया को चौंका दिया था। उन्होंने शुरुआती दौर में शूट-ऑफ में तुर्की के तोक्यो ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज और फिर क्वार्टर फाइनल में दो बार के ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता दक्षिण कोरिया के किम जे-देओक को बिना सेट गंवाए हराकर उलटफेर किया था।

पूर्व युवा विश्व चैंपियन सालुंखे ने अपने दूसरे ही विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया जिसमें उन्होंने प्लेऑफ में पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता फ्रांस के बापटिस्टे एडिस को मात दी।

सेमीफाइनल में सर्वकालिक महान खिलाड़ी किम वूजिन के खिलाफ सालुंखे ने 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी कर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। लेकिन पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में निर्णायक सेट में उन्हें मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

सालुंखे के प्रदर्शन से उत्साहित 41 वर्षीय अनुभवी तरुणदीप राय, अतनु दास और धीरज बोम्मादेवरा की मौजूदगी वाली भारतीय पुरुष रिकर्व टीम भी शंघाई में कांस्य प्लेऑफ में अमेरिका से हारने के बाद पोडियम पर वापसी करना चाहेगी।

महिला वर्ग में दीपिका कुमारी ने मां बनने के बाद शानदार वापसी की है। इस 30 वर्षीय पूर्व नंबर एक और चार बार की ओलंपियन ने शंघाई में कांस्य पदक जीता लेकिन सेमीफाइनल में कोरियाई प्रतिद्वंद्वी लिम सिह्योन से हार गईं। दीपिका पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में कोरिया की नाम सुह्योन से हार गई थीं।

अगर वह कोरियाई तीरंदाजों को चुनौती देने का रास्ता खोज लेती है तो वह 2021 के बाद से अपना पहला विश्व कप स्वर्ण पदक जीत सकती हैं। शंघाई विश्व कप में भारत दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में कोरिया से पीछे दूसरे स्थान पर रहा था। (अनंत ज्ञान)

## केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट ठुकराया

**एजेंसी, वेलिंगटन**

पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने फिर से न्यूजीलैंड क्रिकेट का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट ठुकरा दिया है और संभावना है कि वे अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेलेंगे। विलियमसन ने पिछले साल भी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट स्वीकार नहीं किया था ताकि वे दुनिया भर में टी20 और अन्य लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र रहें।

इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट किया था और 2024 में न्यूजीलैंड के 13 टेस्ट में से नौ में खेलते हुए 1,000 से ज्यादा रन बनाए। न्यूजीलैंड क्रिकेट की ओर से मंगलवार को जारी 20 खिलाड़ियों की कॉन्ट्रैक्ट सूची में विलियमसन का नाम नहीं था।

डेवोन कॉनवे, फिन एलन, टिम सिफर्ट और लॉकि फर्ग्यूसन भी शामिल नहीं थे क्योंकि ये खिलाड़ी भी विदेशी टी20 लीग में हिस्सा ले रहे हैं। विलियमसन के फिर से कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर करने की संभावना है। टिम साउथी के रिटायर के बाद आलराउंडर मोहम्मद अब्बास और जैक फोल्क्स, विकेटकीपर मिच हे और स्पिनर आदि अशोक को पहली बार सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट मिला है। ईश सोढी, एजाज पटेल और जोश क्लार्कसन भी टीम में शामिल हैं। विलियमसन फिलहाल इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप और टी20 ब्लास्ट में मिडलसेक्स के लिए खेल रहे हैं और द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जुलाई के अंत और अगस्त की शुरुआत में न्यूजीलैंड के जिम्बाब्वे दौरे के दौरान उनकी काउंटी प्रतिबद्धताएं जारी रहने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## इंडोनेशिया ओपन : मालविका मैच के दौरान हुईं रिटायर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय शटलर मालविका बंसोड़ को इंडोनेशिया ओपन 2025 के राउंड ऑफ 32 में मंगलवार को स्थानीय खिलाड़ी पूतरी कुसुमा वर्दानी के खिलाफ मैच के बीच में चोट लगने के कारण रिटायर होना पड़ा। बंसोड़ 21-16, 16-15 की बढ़त बनाए हुए थीं, तभी उनके घुटने में चोट लगने के कारण उन्होंने 54 मिनट के खेल के बाद मैच छोड़ दिया।

**चोट लगने के कारण बीच में छोड़ना पड़ा मैच**

भारतीय लेफ्ट हैंडर कोर्ट के पीछे से शॉट वापस करने की कोशिश कर रही थीं, तभी उनका बायां पैर फिसला और वह गिर पड़ीं। उन्हें दर्द में बायें घुटने को पकड़ते देखा गया। उन्होंने मेडिकल सहायता ली और वापसी की कोशिश की, लेकिन कोर्ट में हिलने-डुलने पर काफी दर्द महसूस होने के कारण खेल जारी नहीं रख पाईं। 23 वर्षीया मालविका इस सीजन थाईलैंड ओपन, मलेशिया ओपन और ऑल इंग्लैंड ओपन में तीन बार राउंड ऑफ 16 तक पहुंच चुकी हैं, लेकिन अभी तक इस साल किसी भी टूर्नामेंट में क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय नहीं कर पाई हैं। (अनंत ज्ञान)

## पीवी सिंधू **दूसरे दौर में**, सेन इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**एजेंसी, जकार्ता**



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करके इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने महिला एकल में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। सेन ने एक घंटे और पांच मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की।

भारत के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम तक खींच दिया। लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। सिंधू ने पहला गेम 22-20 से जीता। भारतीय खिलाड़ी ने इस दौरान एक गेम प्वाइंट बचाया और महत्वपूर्ण क्षणों में आक्रामक शॉट लगाए।

दूसरे गेम में सिंधू ने शुरुआत में दो अंकों की मामूली बढ़त हासिल की, लेकिन इंटरवल तक वह 7-11 से पीछे थीं, लेकिन सिंधू ने लगातार गलतियां की जिसका फायदा उठाकर ओकुहारा 20-20 से बराबरी पर आ गईं। जापानी खिलाड़ी ने आखिरकार दूसरा गेम 23-21 से जीत लिया। सिंधू 11-9 से आगे थीं और फिर उन्होंने लगातार विनर्स लगाते हुए आठ मैच प्वाइंट हासिल किए और पांचवें मैच प्वाइंट को भुनाकर अगले दौर में प्रवेश किया। सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। (अनंत ज्ञान)

## एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचे गुकेश

**एजेंसी, स्टावेंजर ( नॉर्वे )।** भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला



चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं।

उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। गुकेश से हार के बाद एरिगैसी 7.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि वेई यी 6.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। महिला वर्ग में, यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया, जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली चीन की लेई टिंगजी से हार गई।

### युवा क्रिकेटर्स को प्रतिभा दिखाने का मिला मौका

## भारत को मिले कई उभरते सितारे



**एजेंसी, दिल्ली**

आईपीएल 2025 लीग के जरिये युवा क्रिकेटर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। हर साल इस लीग से कई स्टार्स उभर कर सामने आते हैं और उन्हें देश का भी लंबे समय तक प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता। बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी तक भारत को कई उभरते सितारे मिले हैं। (अनंत ज्ञान)

### विपराज ने चटकाए 11 विकेट

**विपराज** निगम ने सीनियर क्रिकेट में तेजी से प्रगति की है और नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया। विपराज ने इस सीजन 14 मैचों में 179.74 के स्ट्राइक रेट से 142 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने 11 विकेट भी लिए। उनका इकोनॉमी रेट 9.12 का रहा।

### वैभव ने खेलीं तूफानी पारियां

**14** साल के वैभव का यह पहला सत्र रहा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए उन्होंने कई तूफानी पारियां खेलीं। बाएं हाथ के बल्लेबाज वैभव ने 28 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 गेंदों में 101 रन की पारी खेली थी। सात मैचों में 206.55 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है।

### प्रियांश का अच्छा प्रदर्शन

प्रियांश ने सीएसके के खिलाफ शतक जड़ा और वह इस सीजन 450+ रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में हैं। प्रियांश ने पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए इस सीजन 16 मैचों में 183.33 के स्ट्राइक रेट से 451 रन बनाए हैं।

### अश्विनी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**अश्विनी** ने मुंबई इंडियंस के लिए डेब्यू किया और अपने पहले ही सीजन में सीम और स्विंग से प्रभावित किया। उन्होंने सात मैचों में 11 विकेट लिए और 11.31 की इकोनॉमी रेट से रन दिए। 24 रन देकर चार विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही।

### दिग्वेश ने लिए 14 विकेट

**दिग्वेश** ने इस सीजन सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। लखनऊ सुपर जाएंट्स से खेलते हुए इस स्पिनर ने पावरप्ले से लेकर डेथ ओवर्स तक, हर जगह गेंदबाजी की। इसके बावजूद बल्लेबाजों को इस स्पिनर को खेलने में दिक्कत हुई। उन्होंने 13 मैचों में 8.25 की इकोनॉमी रेट से रन दिए और 14 विकेट लिए।

**एथलेटिक्स** श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी लेंगे भाग

# बेंगलुरु में पांच को होगी नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता

**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब पांच जुलाई को यहां आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की।

भारत में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को आयोजित की जानी थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है।

श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें दुनिया के सात सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी और चोपड़ा सहित पांच भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं।

चोपड़ा के अलावा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल हैं।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 93.07 मीटर), जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ण विजेता थॉमस रोहलर ( 93.90 मीटर), कीनिया के 2015 के विश्व चैंपियन जूलियस येगो (92.72 मीटर), अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन ( 87.76 मीटर), जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी डीन ( 84.28 मीटर), श्रीलंका के रुमेश पथिरेज ( 85.45 मीटर) और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा (86.34 मीटर) शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)



### प्रतियोगिता में टिकट की कीमत

**इस** प्रतियोगिता के लिए टिकट की कीमत 199 रुपए से लेकर 9,999 तक होगी। इसके अलावा 15 व्यक्तियों के लिए पांच कॉर्पोरेट बॉक्स 44,999 रुपए में उपलब्ध हैं। थ्रोअर रनवे के पास एक विशेष स्टैंड की कीमत 9,999 रुपए है, जबकि रनवे के ठीक पीछे स्थित नॉर्थ अपर स्टैंड में एक और विशेष स्टैंड 2,999 में उपलब्ध है।

### इस आयोजन को लेकर खुशी : करण यादव

**जेएसडब्ल्यू** स्पोर्ट्स के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी करण यादव ने कहा, ''नीरज चोपड़ा क्लासिक को फिर से आयोजित करने के लिए बहुत बड़े सामूहिक प्रयास की जरूरत थी और हमें पांच जुलाई को इसके आयोजन की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है।'' सीधे प्रसारण के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के कारण इसकी मेजबानी बेंगलुरु को सौंपी गई है।

## प्रो कबड्डी लीग की नीलामी में अनिल जस्टा को यू मुंबा ने 78 लाख में खरीदा

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** सिरमौर जिले के रोनहाट उपतहसील के जासवी गांव से ताल्लुक रखने वाले अनिल जस्टा को प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 की नीलामी में यू मुंबा ने 78 लाख रुपए की बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया है। यह खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। अनिल की पारिवारिक पृष्ठभूमि सामान्य रही है, लेकिन उन्होंने कठिन परिश्रम और अनुशासन के दम पर खुद को बेहतरीन रेडर साबित किया।



हाल ही में एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सुपर रेड से टीम को जीत दिलाकर उन्होंने कई प्रो टीमों का ध्यान खींचा था। यू मुंबा ने उनके प्रदर्शन को पहचानते हुए बड़ी बोली लगाई और अपनी टीम का हिस्सा बना लिया। अनिल की सबसे बड़ी ताकत है उनकी स्पीड और दबाव के क्षणों में फैसला करने की योग्यता। उनके कोच सुरेंद्र (जिला शिमला) के मार्गदर्शन में उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। हरिद्वार में हुई सीरीज में प्रदर्शन भी प्रशंसनीय रहा। मैच के आखिरी पलों में भी वे निर्णायक साबित होते हैं, जो उन्हें अन्य खिलाड़ियों से अलग बनाता है।

दादा बंसी राम की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। अनिल के दो भाई भारतीय सेना में हैं। सोशल मीडिया पर बधाइयों की भरमार है और पूरे गिरिपार क्षेत्र में जश्न का माहौल है। अनिल ने यू मुंबा का आभार जताते हुए कहा कि यह मेरे लिए सपना सच होने जैसा है और मैं इस मौके को पूरी मेहनत से निभाऊंगा। (अनंत ज्ञान)